
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 217
फरीदाबाद, बुधवार, 15 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



पीसीओएस की समस्या में मददगार है योग
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,247 | ▲ | 69 |
| निफ्टी | 17,380 | ▲ | 25 |
| सोना | 45,888 | ▼ | 36 /10 gm |
| चांदी | 61,911 | ▲ | 73/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 25.03°C

## क्विक न्यूज

### पीएम 24 को क्वाड शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 24 सितंबर को वाशिंगटन में क्वाड समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। क्वाड नेताओं की उपस्थिति में होने वाली इस बैठक में मुक्त तथा समावेशी हिंद प्रशांत, अफगानिस्तान संकट सहित विश्व की समसामयिक चुनौतियों पर चर्चा किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का 25 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र के एक उच्च स्तरीय खंड को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है।

### रक्षा मंत्रालय के 27 कार्यालय होंगे नए भवन में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के 27 विभिन्न कार्यालयों और तीनों सेवाओं के 7,000 से अधिक कर्मचारी रायसीना हिल क्षेत्र और उसके आसपास के अपने मौजूदा कार्यस्थलों से दो नई इमारतों में चले जाएंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा, पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार को दो कार्यालय परिसरों का उद्घाटन करने की संभावना है। उन्होंने कहा, दो नई बहुमंजिला इमारतें रक्षा मंत्रालय द्वारा 775 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है।

### मलिंगा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**कोलंबो।** श्रीलंका के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। अपनी सटीक यॉर्कर के लिए मशहूर 38 साल के मलिंगा 2014 में टी-20 विश्वकप जीतने वाली श्रीलंका की टीम के कप्तान रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। मलिंगा ने ट्वीट किया, टी-20 को अलविदा कह रहा रहूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं।

● विस्तृत खबर पेज-11

### आईपीएल नई टीमों के लिए बोली 17 अक्टूबर को

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 17 अक्टूबर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों के लिए सीलबंद लिफाफों में बोली पर फैसला करने की योजना बना रहा है और टीमों को खरीदने के लिए पांच अक्टूबर तक यह बोली जमा की जा सकती है। इस योजना से जुड़े सूत्र ने मंगलवार को एजेंसी से कहा, बोर्ड 17 अक्टूबर को बोली लगाने की योजना बना रहा है और यह बोली सीलबंद लिफाफों में होगी।

● विस्तृत खबर पेज-11

### तालिबान बना रहा बर्बर सजा देने वाला कानून

# चोरों के कटेंगे हाथ, अवैध संबंध बनाने वालों पर बरसेंगे पत्थर

**एजेंसी।** काबुल

### नए शासन में बना 'सद्गुण के प्रचार और बुराई रोकथाम' मंत्रालय

**अफगानिस्तान** अब पूरी तरह से तालिबान के कब्जे में है। अब वहां की अंतरिम सरकार अपने पूरे एजेंडे के आधार पर शासन कर रही है। नए शासन में 'सद्गुण के प्रचार और बुराई रोकथाम' मंत्रालय भी है। यह नाम सुनने में भले ही अच्छा लग रहा हो, लेकिन इसके फरमान खुंखारी मानसिकता की पुष्टि कर रहे हैं। तालिबान शरिया कानून के कठोर संस्करण को लागू करने के लिए कुख्यात है। इसमें पुरुष साथी के बिना महिलाओं के घर के बाहर नौकरी पर जाना तक प्रतिबंध है।



तालिबान के एक अधिकारी ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य इस्लाम की सेवा करना है, जिसके लिए एक अच्छाई और सद्गुण मंत्रालय की जरूरत है। अफगानिस्तान के केंद्रीय क्षेत्र के लिए जिम्मेदार होने का दावा करने वाले मोहम्मद यूसुफ ने अमेरिकी दैनिक टैब्लॉइड को बताया, तालिबान शासन उल्लंघन करने वालों को 'इस्लामी नियमों' के अनुसार दंडित करेगा। यूसुफ ने समझाया कि एक हत्यारा जिसने जानबूझकर अपराध किया है, उसे मार दिया जाएगा। अगर जानबूझकर नहीं किया है, तो एक निश्चित राशि का भुगतान करने जैसी सजा हो सकती है। आपको बता दें कि 1996-2001 के अपने पहले के शासन के दौरान, इस मंत्रालय ने अफगानिस्तान की सड़कों पर नैतिक पुलिस स्थापित की और अपराध के आधार पर उल्लंघन करने वालों को कोड़े मारे गए, पत्थर मारे गए और यहां तक कि सार्वजनिक रूप से मार डाला गया।

#### महिला-पुरुष दोनों को एक ही तरीके से मिलेगी सजा

न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, तालिबानी अधिकारी ने कहा कि चोरों के हाथ काट दिए जाएंगे, जबकि 'अवैध संभोग' में शामिल लोगों को पथराव किया जाएगा। यूसुफ ने दावा किया कि 'अवैध संभोग' में शामिल पुरुषों और महिलाओं दोनों को एक ही कठोर तरीके से सजा दिया जाएगा। न्यूयॉर्क पोस्ट ने यूसुफ के हवाले से कहा, 'अगर कहानी में थोड़ा सा भी अंतर है, तो कोई सजा नहीं होगी। लेकिन अगर वे सभी एक ही बात, एक ही तरह और एक ही समय कह रहे हैं, तो सजा होगी। सुप्रीम कोर्ट इन सभी मुद्दों की अनदेखी करेगा। अगर वे दोषी पाए जाते हैं, तो हम दंडित करेंगे।' उसने कहा, 'हम सिर्फ इस्लामी नियमों और विनियमों के साथ एक शांतिपूर्ण देश चाहते हैं। शांति और इस्लामी शासन ही हमारी एकमात्र इच्छा है।'

# अमरावती में नाव पलटी एक परिवार के 11 डूबे

**एजेंसी।** अमरावती

### दर्दनाक हादसा: बच्ची समेत 3 के शव बरामद

### वर्धा नदी को पार करते समय हादसा

**महाराष्ट्र** के अमरावती में मंगलवार सुबह दस बजे दर्दनाक हादसा हो गया है। हादसे में 11 लोगों के वर्धा नदी में डूबने की खबर है। बताया जा रहा है कि मौके से तीन शवों को बरामद कर लिया गया है वहीं आठ लोग अभी भी लापता हैं। मरने वालों में एक बच्ची भी शामिल है।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब कई लोगों से सवार एक नाव वर्धा नदी को पार कर रही थी। सुबह दस बजे संतुलन बिगड़ने से नाव नदी में पलट गई। इसमें सवार 11 लोग डूब गए। बताया जा रहा है कि नाव पर एक ही परिवार के लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस व एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान अभी तक तीन शवों को बरामद किया गया है, इसमें एक बच्ची भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक आठ लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी खोज में अभियान चलाया जा रहा है।

### पाकिस्तान के आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

# त्योहारों पर देश में सीरियल ब्लास्ट की साजिश नाकाम

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में आने वाले त्योहारों के दौरान धमाके कराने की पाकिस्तानी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने 6 आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक और हाई क्वालिटी हथियार बरामद किए हैं। पकड़े गए आतंकियों में से दो ने पाकिस्तान में बम बनाने की ट्रेनिंग ली थी। ये आतंकी दाऊद इब्राहिम के भाई अनीस के इशारे पर नवरात्रि और रामलीला के दौरान सीरियल ब्लास्ट करना चाहते थे। आतंकियों का यह नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही खुफिया एजेंसी ने इनपुट दिए थे कि देश में दीपावली से पहले धमाके हो सकते है। जिस पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद कुशवाह ने मंगलवार को बताया कि जानकारी मिलने के बाद एक मल्टी स्टेट ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से ये आतंकी पकड़े गए। आतंकियों के टारगेट पर त्योहार नवरात्र दशहरा और दीपावली थे। पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेने वाले आतंकियों के नाम ओसामा और जीशान कमर है। बाकी चारों आतंकियों के नाम मोहम्मद अबु बकर, जान मोहम्मद शेख, मोहम्मद आमिर जावेद और मूलचंद लाला है। जान मोहम्मद महाराष्ट्र का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आतंकियों को अंडरवर्ल्ड से फंडिंग हुई है। आतंकियों से आईआईडी बरामद हुई है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर नीरज ठाकुर ने बताया, 'हमारे पास 10 टेक्निकल इनपुट थे। सबसे पहले महाराष्ट्र के सलेम को पकड़ा गया। दो आदमी दिल्ली में अरेस्ट हुए। इसके बाद उत्तर प्रदेश से 3 लोग अरेस्ट किए गए। इनमें से 2 आतंकी अप्रैल में मस्कट गए थे। उन्हें मस्कट से बाई शिप पाकिस्तान ले जाया गया। वहां फार्म हाउस में रखकर विस्फोटक बनाने और एके-47 चलाने की 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई।'



मोहम्मद बुकर




ओसामा



जान मोहम्मद



मूलचंद उर्फ लाला



जीशान कमर



अमीर जावेद

### दो आतंकी ने ली थी पाकिस्तान में बम बनाने की ट्रैनिंग

### दाऊद के भाई अनीस के इशारे पर करना चाहते थे ब्लास्ट

#### भीड़ भरे इलाकों में करना चाहते थे ब्लास्ट

ठाकुर ने बताया कि पकड़े गए आतंकियों को दो टीमों में बांटा गया था। इनमें से एक को दाऊद इब्राहिम का भाई अनीस इब्राहिम गाइड कर रहा था। आतंकियों की इस टीम का काम सीमा पार से हथियार लाना और उन्हें अलग-अलग राज्यों में भेजना। यही टीम आने वाले त्योहारी सीजन में आईआईडी प्लांट करने वाली थी। नवरात्रि और रामलीला के दौरान भीड़ भरे इलाके इनके निशाने पर थे। पुलिस को शुरुआती पड़ताल में पता चला है कि हथियार लाने वाली टीम को सपोर्ट देने के लिए दूसरी टीम को हवाला के जरिए पैसा लाने और आतंकियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसी टीम के ऊपर बाकी आतंकियों के लिए सपोर्ट सिस्टम तैयार करने की जिम्मेदारी थी। ठाकुर ने कहा, 'पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेकर ये लोग मस्कट लौटे। मस्कट से 15 बांग्ला बोलने वाले लोगों को भी पाकिस्तान ले जाया गया था। लगता है उन्हें भी ट्रेनिंग दी गई है। पुलिस पकड़े गए आतंकियों से पूछताछ के लिए इन्हें रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।'

### पुलवामा में आतंकियों ने किया ग्रेनेड हमला, तीन घायल

**जम्मू।** कश्मीर संभाग के पुलवामा में आतंकियों ने मंगलवार को ग्रेनेड हमला किया। यह हमला मुख्य चौक पर तैनात सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर किया गया था। हालांकि ग्रेनेड सड़क पर जाकर फटा, जिसकी जद में आने से तीन स्थानीय नागरिक घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। उधर, हमला करने के बाद फरार हुए आतंकियों की तलाश में इलाके की घेराबंदी कर अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि बैखलाहट के चलते आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वह हिट एंड रन के साथ-साथ ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं, ताकि सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाया सकें। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और हाइब्रिड आतंकियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है, ताकि अगर उनमें से कोई मारा या पकड़ा भी जाता है तो आतंकी संगठनों को ज्यादा बड़ा धक्का न लगे। डीजीपी दिलबाग सिंह के मुताबिक कश्मीर में मौजूदा शांतिपूर्ण माहौल को बरकरार रखने के लिए पुलिस आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने श्रीनगर में बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जो नए मॉड्यूल सक्रिय हुए हैं वह पुलिस के रडार पर हैं और उनके खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा सासंद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर फिर विस्फोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना स्थित भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के आवास पर बदमाशों द्वारा बम फेंकने की घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद मंगलवार सुबह फिर विस्फोट होने की जानकारी मिली है। भाजपा नेता सिंह ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सदस्य उनकी जान लेने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने कहा, सुबह 9.10 बजे, सिंह के भाटपाड़ा आवास से करीब 200 मीटर की दूरी पर खाली पड़ी जमीन पर बम विस्फोट हुए। हम मामले की जांच कर रहे हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने 8 सितंबर की घटना की जांच सोमवार को अपने हाथ में ली थी, जिसमें भाजपा सांसद के आवास का गेट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था।

# हिमाचल पर निगाहें, प्रदेश में सीएम उलटफेर की संभावनाएं

**एजेंसी।** शिमला/नई दिल्ली



### एक संगठनात्मक बैठक को लेकर था दिल्ली का दौरा: सीएम

### पांच नहीं बदले जाने हैं छह सीएम: विपक्षी नेता अग्निहोत्री

**सियासी** गलियारों में गुजरात के बाद अब पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। हालांकि, दिल्ली पहुंचने के बाद हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका दिल्ली का दौरा एक निर्धारित संगठनात्मक बैठक को लेकर था।

महीने में दो बार दिल्ली आ चुके जयराम ठाकुर ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन की बात निराधार है। ठाकुर ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, 'यह चर्चा निराधार है। यह एक निर्धारित कार्यक्रम है। यह संगठन की बैठक है और मैं उस बैठक में भाग लेने आया हूं। तारीख 20 दिन पहले तय की गई थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से भी मिलना है।' भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर जयराम ने कहा, 'नड्डा से मिलने की संभावना है लेकिन अभी समय तय नहीं है।'

उधर, हिमाचल में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पढ़ा है कि पांच नहीं, बल्कि छह मुख्यमंत्री बदले जाने हैं, इसलिए जयराम ठाकुर को अपनी कुर्सी बचानी चाहिए। कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा, 'विक्रमादित्य सिंह जल्दी में हैं। अभी परिवार शोक के दौर से गुजर रहा है। राजनीतिक बिंदु से क्या कहा जाना चाहिए? उन्हें थोड़ा धैर्य रखना चाहिए। मेरी पार्टी निर्णय लेगी।' हालांकि ठाकुर ने नेतृत्व में बदलाव की संभावना से इनकार किया है, लेकिन उनकी यात्रा ने अटकलों को भी हवा दी कि राज्य में एक आसन्न बदलाव हो सकता है क्योंकि उन्होंने 8 सितंबर को भी दिल्ली का दौरा किया था। यह भी पता चला है कि बैठक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

#### हाल में गुजरात नेतृत्व में हुआ फेरबदल

गौरतलब है कि गुजरात में नेतृत्व में फेरबदल हुआ, क्योंकि विजय रूपाणी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और घाटलोदिया निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक बने, भूपेंद्र पटेल को गुजरात का 17वां मुख्यमंत्री बनाया गया। गुजरात में भी अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। रूपाणी इस साल इस्तीफा देने वाले चौथे मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले, कर्नाटक के सीएम बीएस येदियुरप्पा ने इस्तीफा दे दिया था। उनके अलावा उत्तराखंड के दो मुख्यमंत्रियों तीरथ सिंह रावत और त्रिवेंद्र रावत ने भी इस्तीफा दे दिया था।

### ममता का नामांकन हो सकता है रद्द, अपराधिक मामले छिपाने के आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने उपचुनाव होने है। बंगाल का सीएम बने रहने के लिए ममता का अपनी पारंपरिक भावनीपुर सीट से जीतना जरूरी है, वर्ना वे विधायक न बन पाने के चलते सीएम नहीं रह पाएंगी। भवानीपुर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल के चुनावी एजेंट ने यहां के रिटर्निंग अफसर को चिट्ठी लिख कर ममता के नामांकन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, कि ममता ने जो हलफनामा दाखिल किया है, उसमें उन्होंने अपने ऊपर चल रहे पांच आपराधिक मामलों का जिक्र नहीं किया। भाजपा के एक एजेंट ने चुनाव आयोग से ममता का नामांकन रद्द करने की मांग की है।

# मोदी ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि की आधारशिला रखी

**एजेंसी।** अलीगढ़ (यूपी)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ में मंगलवार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के अलीगढ़ नोड और राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विवि के मॉडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे।

अलीगढ़ मुस्लिम विवि का नाम बदलकर राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर रखने की भाजपा की पुरानी मांग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर एएमयू के बगल में बनने वाले एक नए विवि की आधारशिला रखी। यह विवि अलीगढ़ की कोल तहसील के लोढ़ा और मूसेपुर करीम जरौली गांव की 92 एकड़ से ज्यादा जमीन में बनाया जाएगा। अलीगढ़ मंडल के 395 महाविद्यालयों को इससे संबद्ध किया जाएगा। विवि के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन आदि के लिए 101.41 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस विवि के क्षेत्राधिकार में अलीगढ़ मंडल के चारों जनपद अलीगढ़, कासगंज, हाथरस व एटा शामिल हैं।

# निगम ने अस्थाई आवंटन शुरू करने पर सहमति जताई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### खोरी गांव मामला

**फरीदाबाद** नगर निगम ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में खोरी गांव में रहने वाले पात्र लोगों के पुनर्वास के वास्ते मकानों का अस्थाई आवंटन शुरू करने पर सैद्धांतिक सहमति जताई, जहां अरावली वन क्षेत्र में आने वाले अवैध निर्माण को हटाया गया है।

पुनर्वास प्रक्रिया के लिए समय सीमा निर्धारित करने वाले निगम को शीर्ष अदालत ने कहा था कि पात्र आवेदकों को ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैटों का कब्जा देने संबंधी उसका अगले साल 30 अप्रैल का प्रस्तावित कार्यक्रम बहुत लंबा है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने नगर निगम से कहा कि वह पुनर्वास के लिए पात्रता स्थापित करने वाले दस्तावेजों के साथ विधिवत आवेदन प्राप्त होने पर जांच के बाद एक सप्ताह के भीतर अंतरिम आवंटन जारी करेगा। पीठ ने कहा, नगर निगम पत्र में यह भी इंगित करेगा कि यह केवल अस्थाई है और सत्यापन और अंतिम ड्रा के अधीन है। पीठ ने कहा, आवेदक और उसके परिवार के सदस्य निगम को लिखित में शपथपत्र देंगे कि जब कभी परिसर खाली करने के लिए कहा जाएगा, तो वे सूचना प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर इसका पालन करेंगे।

### हरियाणा में छह सिविल सर्जनों का तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को छह सिविल सर्जन/प्रिंसिपल मेडिकल अधिकारियों (पीएमओ) के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए है। सिरसा के पीएमओ डॉ. जय किशोर को सोनीपत का सिविल सर्जन लगाया है। सोनीपत के सिविल सर्जन डॉ जेएस पुनिया को रोहतक का सिविल सर्जन नियुक्त किया है। कुरूक्षेत्र के पीएमओ डॉ. रघुवीर सिंह को भिवानी का सिविल सर्जन नियुक्त किया है। भिवानी की सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत को पंचकूला मुख्यालय में डीजीएचएस कार्यालय में डीडी (एसएस) नियुक्त किया है। ऐसे ही, जींद के पीएमओ डॉ मंजीत सिंह को सिरसा का पीएमओ लगाया है। रोहतक के सिविल सर्जन डॉ अनिल बिरला को जींद में पीएमओ नियुक्त किया है।

# पंचायत चुनाव पर नहीं आया हाईकोर्ट का फैसला

### अब अगले माह फिर से होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब-हरियाणा** हाईकोर्ट द्वारा मंगलवार को भी प्रदेश के पंचायत चुनाव के संबंध में फैसला नहीं दिया गया है। अब इस मामले में 11 अक्टूबर को फैसला आने की उम्मीद है, जिसके चलते एक माह के चुनाव फिर से टल गए हैं। सरकार ने हाल ही में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का नियम तय किया था। इसके अलावा आरक्षण का फार्मूला भी बदला गया है, जिसे गुरुग्राम जिले के ग्राम जटोला निवासी प्रवीण चौहान और अन्य ने याचिका डालकर पंचायत चुनाव में आरक्षण को चुनौती दी है।

### नए नियमों पर चुनाव करवाना चाहती है हरियाणा सरकार फरवरी में पूरा हो चुका है पंचायतों का कार्यकाल





पिछली सुनवाई में प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट ने पुराने नियमों पर चुनाव करवाने की छूट दी थी, लेकिन सरकार 50 फीसदी महिलाओं को सरपंच बनाने की नई नीति पर चुनाव करवाना चाहती है। हरियाणा में पंचायती चुनाव में एक साल की देरी हो चुकी है। सरपंचों का कार्यकाल फरवरी में ही खत्म हो चुका है और उनका कार्यभार प्रशासक संभाल रहे हैं। मंगलवार को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान कोई फैसला नहीं हो सका। अब इस केस की सुनवाई अक्टूबर में होगी। तब तक प्रदेश में पंचायत चुनाव नहीं होंगे। हरियाणा सरकार द्वारा किए गए अधिनियम में संशोधन के अनुसार पंचायती राज में सीटों का आठ प्रतिशत बीसी-ए श्रेणी के लिए आरक्षित किया जाना है और न्यूनतम सीटें दो से कम नहीं होनी चाहिए, जो एक-दूसरे के विपरीत है। क्योंकि हरियाणा में आठ प्रतिशत के अनुसार केवल छह जिले हैं, जहां दो सीटें आरक्षण के लिए निकलती हैं। बाकी 18 जिलों में केवल एक सीट आरक्षित की जानी है। 15 अप्रैल 2021 को जारी अधिसूचना के माध्यम से सभी जिलों में बीसी-ए श्रेणी के लिए दो सीटें आरक्षित की हैं। यह संशोधन जिला परिषद की जनसंख्या 2021 में बीसी-ए आबादी को दिखाए बिना किया गया है। जबकि बीसी-ए आबादी को दर्शाने वाला एक अलग कॉलम होना चाहिए, ताकि आरक्षण के साथ-साथ रोटेशन भी स्पष्ट रूप से देखा जा सके।

#### आयोग कर रहा है चुनाव कराने की तैयारी

एक तरफ जहां पंचायत चुनाव का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने की तैयारी की जा रही है। आयोग द्वारा ईवीएम की व्यवस्था की जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों से चुनाव में ड्यूटी देने वालों की सूची मांगी गई है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 15 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- शहर में जगह-जगह लगेगा मैगा वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**एक** नौकरीपेशा के लिए यह जरूरी है कि वह अपने नौकरी के दौरान ही इस तरह की फाइनेंशियल प्लानिंग कर ले कि उसे रिटायरमेंट पर रुपये पैसे का तनाव न हो। लेकिन कई बार वह निवेश शुरू करने को लेकर देरी कर जाता है। दिग्गज निवेशक हों या मार्केट एक्सपर्ट, निवेशकों को यही सलाह देते हैं कि जितनी जल्दी संभव हो, बाजार में निवेश शुरू करना चाहिए। इसके अलावा वे निवेशकों से अपना निवेश लंबी अवधि का नजरिया बनाकर करने की सलाह देते हैं। निवेश जल्दी शुरू करने और देर तक बनाए रखने से कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है। कंपाउंडिंग पावर से आपका निवेश कई गुना ज्यादा बढ़ सकता है। इसे आसानी से उदाहरण के साथ समझ सकते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### एनएसबीपी पोर्टल के बारे में किया जागरूक

**फरीदाबाद।** स्वीप गतिविधियों के तहत एक निजी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को एनएसबीपी पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी वयस्क अपनी वोट स्मार्ट फोन पर स्वयं ही बना सकता है। इसके लिए फॉर्म सिक्स भरना होता है। पता बदलवाने के लिए तथा नाम सही कराने के लिए अलग-अलग फॉर्म भरने होते हैं। यदि फॉर्म भरने में किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर जानकारी हासिल कर सकते हैं। डॉ. एमपी सिंह ने जल शक्ति अभियान के तहत जल बचाने की अपील भी की और विद्यार्थियों को मुहिम से जोड़ने की अपील की। उन्होंने ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए कहा ताकि भविष्य में आने वाली परेशानियों पर काबू पाया जा सके।

## क्विक न्यूज

### वाहन चोरी रोकने को दिए निर्देश

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सप्ताह भर की समीक्षा के उपरान्त सभी पुलिस इकाइयों को पूर्व से चले आ रहे कार्यशैली में नया बदलाव करते हुए वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के साथ यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का आदेश दिया है। उन्होंने जनसुनवाई द्वारा प्राप्त शिकायतों को हर हाल में एक सप्ताह के अंदर निपटारा करने का निर्देश देते हुए कई अहम सुझाव दिया। पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वाहन चोरी को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस आयुक्त ने अगले एक माह में वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। फरीदाबाद में 40 से अधिक पुलिस नाके हैं। जिन स्थानों पर वाहन चोरी की वारदातें अधिक होती हैं, उन जगहों पर पुलिस नाकों की संख्या बढाकर वाहन चोरों पर निगरानी रखी जाएगी।

# करोड़ों की टोल वसूली के बाद भी बदहाल है स्मार्ट सिटी का हाइवे

**जलभराव और सड़कों के गड्ढों के कारण बना रहता है दुर्घटनाएं का खतरा**

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**दिल्ली** से आगरा की और जाने वाले यात्रियों ने सोचा था कि सिक्स लेन हाइवे का निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें सुगम सफर करने का मौका मिलेगा। लेकिन एनएचएआई की लापरवाही के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो से गुजरने वाले लोगों को किसी तरह की राहत नहीं मिली। एनएचएआई द्वारा टोल बैरियर लगाकर वाहन चालकों से करोड़ों रुपये का टैक्स तो वसूला जा रहा है। लेकिन अन्य सुविधाएं तो दूर की बात वाहन चालकों को साफ सुथरी सड़क भी नसीब नहीं हो रही है। इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह बरसाती पानी भरा हुआ है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभी कई जगह जगह गड्ढे बने हुए हैं। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड की है।

सर्विस रोड पर भरे पानी और गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। सर्विस रोड से पुल चढ़ने और उतरने वाले ज्यादातर कटों पर पानी भरा हुआ है। लेकिन इन समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। एक तरफ स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मेट्रो के पिलरों पर चित्रकारी करवा कर शहर को स्मार्ट बनाया जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते समय जलभराव और गड्ढों का सामना करने वाले लोगों के सामने स्मार्ट सिटी की असलियत उजागर हो जाती है।

### जल निकासी का नहीं इंतजाम

**सिक्सलेन** राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करते समय एनएचएआई और टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी के अधिकारियों द्वारा कई तरह की लापरवाही बरती गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसाती पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था करने की जरूरत महसूस नहीं की। बरसाती पानी से जमीन को रिचार्ज करने का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया। जिसके कारण बरसात का पानी सीवर की पाइप लाइनों में जाकर नष्ट हो रहा है। जबकि बरसाती पानी को रिचार्ज करने के लिए पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह रैनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के दावें किए जा रहे थे। रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना तो दूर कंपनी ने बरसाती पानी की निकासी की भी व्यवस्था करने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। जिसके कारण बरसात आते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर संत सूरदास मेट्रो स्टेशन के पास पलवल की ओर जाने वाले रास्ते पर लंबे समय से काफी बड़े हिस्सें में बरसाती पानी भरा हुआ है। बल्लभगढ़ से दिल्ली की ओर जाने वाले रास्ते ही सर्विस रोड पर जगह जग पानी भरा हुआ है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो है।

### खामियों के कारण होती है परेशानी



**दिल्ली** की तरफ से आने वाले वाहन चालक यदि बड़खल मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग से उतरना चाहे तो इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण सेक्टर 28, 29, 16, 21, 46 और आसपास के कई इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के कारण इन लोगों को हाईवे से उतरने के लिए ओल्ड फरीदाबाद तक आना पड़ता है। ओल्ड फरीदाबाद पुल से पहले डीपीएस स्कूल के पास इन लोगों को हाईवे से उतरना पड़ता है। इसके अलावा अनेक लोग सेक्टर 28 मेट्रो स्टेशन के पास बने स्थान पर हाईवे से उतरते हैं। हाइवे पर चढ़ने और उतरने के रास्तों का निर्माण भी सही तरीके से नहीं किया गया है। जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा हर समय बना रहता है। वहीं सर्विस रोड पर जगह जगह लोगों ने अवैध कब्जे किये हुए है। जिसके कारण कई स्थानों पर वाहन चालकों को रॉग साइड चलते हुए देखा जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें काफी संख्या में बंद रहती है और कई स्थानों पर ग्रिले टूटी हुई हैं। जिससे रात के समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### जल भराव रोकने की जरूरत



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के दौरान एनएचएआई द्वारा लापरवाही बरती गई है। जिससे वह सड़क पर पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। एनएचआई को पानी भरने वाले पॉइंटों की शीघ्र पहचान की जल निकासी के लिए कोई ठोस व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा लंबे समय तक बरसाती पानी भरा रहने से सड़क पर गड्ढे बनने की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

### उम्मीदों पर नहीं उतरा खरा

**राष्ट्रय** राजमार्ग का निर्माण शुरू होने पर शहर के लोगों को कई उम्मीदे थी। लेकिन इसका डिजाइन शहर की जरूरत के मुताबिक तैयार ही नहीं किया गया। इसके अलावा टोल कंपनी ने हाईवे का जो निर्माण किया गया है, उसमें भी कई तरह की खामियां मौजूद है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर की तरफ से आने वाले सभी रास्तों के चौराहों पर बरसात आते ही पानी भर जाता है। बल्लभगढ़ से दिल्ली जाने वाले रास्ते पर गुडईयर चौक और अजरौंदा चौ के बीच बरसात आने के कई दिनों बाद भी सर्विस रोड पर पानी भरा रहता है। बरसात आने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह पानी तो भर ही जाता है, साथ ही अन्य कई तरह की खामियां उभर कर सामने आ जाती है। बरसात आते ही वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सबसे ज्यादा जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। अन्य कई खामियों की वजह से भी राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि जल्दी ही इन खामियों को दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में दुर्घटना का खतरा और बढ़ सकता है।

# वर्ल्ड विजन इंडिया ने प्राइमरी अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण

**बच्चों का शोषण मुक्त जागरुकता कार्यशाला का किया आयोजन : डॉ. मुनेश चौधरी**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव के दिशा निर्देशों पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मंगलवार को वर्ल्ड विजन द्वारा आकाश होटल नीलम बाटा रोड पर स्थित प्राइमरी अध्यापकों का ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय बच्चो का शोषण मुक्त जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का संचालन वर्ल्ड विजन इंडिया के कोआर्डिनेटर राजीव कुमार ने किया। जबकि मुख्य अथिति जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मुनेश चौधरी रही। उन्होंने वर्ल्ड विजन इंडिया के द्वारा फरीदाबाद में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला और शिक्षा विभाग के साथ मिलकर बच्चों की प्रारंभिक बच्चों की साक्षरता को बढ़ावा, बुनियादी शिक्षा को सभी प्राइमरी स्कूल में एक साथ मिलकर करने की बात कही।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डां मुनेश चौधरी ने वर्ल्ड विजन इंडिया एडीपी के प्रोग्राम मेनेजर एजी बाबू की प्रंशसा भी की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ बलबीर कौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशिक्षण में पहुंचकर सभी अध्यापक को बच्चो की सुरक्षा मुक्त प्रोग्राम की सराहना की।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने बताया कि प्रशिक्षण 100 अध्यापक व आद्यापिकाओ ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चो के साथ होने वाले शोषण के प्रति प्राइमरी स्कूलों के अध्यापक को इस बारे जागरूक करना है।

# आयुष विभाग ने की पोषण माह की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आयुष** विभाग फरीदाबाद द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू के मार्ग दर्शन में सितम्बर माह को पोषण माह दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाएं एवं स्तनपान कराने वाली महिलाएं एवं कुपोषित बच्चों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से विशेष कैम्प एवं संगोष्ठी आयोजित की गई।

यह कैम्प आयुष विंग बीके अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहना में मंगलवार से प्रारम्भ किया गया। इसमें आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाईयां जैसे लाहोसव, अलवारी, शतावरी चूर्ण आदि का वितरण आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इसमें औषधिय पौधों का भी वितरण किया गया। इस मौके पर जिला आयुष अधिकारी के द्वारा औषधिय पौधों के सम्बंध में जानकारी दी। इसी प्रकार पोषण माह कैम्प एवं संगोष्ठी का आयोजन विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सरकारी स्कूलों में किया जाएगा। इस कैम्प में डॉ. सोमा बहल, डॉ. मोहित, डॉ. विजय, डॉ. अभिषेक, डॉ. ममता उपस्थित थे।

# केकई-मंथरा के तिर्या जाल संवादों का अभ्यास कराया

**निर्देशक ने बताया कि यह रंगमंच की कला का जादू ही है कि एक 15 वर्ष की बच्ची 70 वर्ष की मंथरा का अभिनय करती है**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**श्री धार्मिक** लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि रामलीला की रिर्हसल में केकई-मंथरा के तिर्या जाल संवादों पर कलाकारों को कड़ा अभ्यास करवाया गया। केकई का किरदार निभा रही सौम्या खरबंदा ने राम के राज तिलक की खुशी को कैसे राम के बनवास पर मंथरा के कहने पर तिरया जाल बनाया और मंथरा का पहली बार अभियन कर रही। गरिमा बत्तरा ने किस चालाकी से केकई के रामराज्य की खुशीयां मनाने की तैयारियों को राम बनवास के जाल में फंसाया।

निर्देशक हरीश आजाद ने बताया कि एक कलाकार को अभ्यास किस तरह से सम्पूर्ण कला के जादू में बदलता है। इसका उद्धाहण श्री धार्मिक लीला की बेटियां कलाकार रामलीला के मंचन पर पेश करेंगी। जैसे 15 वर्ष की बच्ची गरिमा बत्तरा जो पहली बार किसी मंच पर अभिनय कर रही है। वह कड़े अभ्यास द्वारा किस तरह से 70 वर्ष की मंथरा का किरदार निभाएगी। अभ्यास में ऋृषि विश्वामित्र का यज्ञ भंग करने वाले खूंखार राक्षसों का भी अभ्यास करवाया। जिसमें मनीष, पूनीत, हार्दिक बत्तरा, राजीव, विद्वांश खरबंदा, सुमीत आदि ने राक्षसों का किरदार निभाने के लिये अभ्यास किया। सभी राक्षसों ने एक डरावने राक्षसी गाने अजब यह वन सुहाना है, यह क्या अच्छा ठिकाना है पर अभ्यास किया।

# नीमका जेल में चलाया टीवी जागरुकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** कारगर फरीदाबाद में एक्टिव केस फाइंडिंग के तहत जोकि दो सितंबर से लेकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। टीवी और एचआईवी का जागरुकता अभियान के तहत नीमका जेल में टीवी के बारे में बताया गया कि टीवी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। जोकि खांसते समय, छींकते समय, बोलते समय जो थूक निकालते हैं, उससे भी दूसरा व्यक्ति संक्रमित हो सकता है।

टीवी का एक चक्कर में तो व्यक्ति एक साल में 10 से 15 लोगों को टीवी फैला सकता है। टीवी को फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस है। इसके चार लक्षण मैन होते हैं। दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, दूसरा है लंबा बुखार, तीसरा है वजन घटना लगातार, चौथा रात को पसीने आना, यह पलमोनरी टीबी के लक्षण होते हैं। दूसरी एक्सट्रैपलमोनरी होती है। जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। इन लक्षणों के तहत टीवी की जांच के लिए दो टेस्ट होते हैं। एक बलगम की जांच और छाती का एक्सरे। पहली बार टीवी होने पर इसका इलाज छह महीने चलता है, अगर किसी को एमडीआर टीबी होती है, मल्टीट्रेक्स रजिस्टेंस टीवी उसका इलाज लंबा है। 9 से 11 महीने और 18 से 20 महीने। सरकार की तरफ से हर मरीज को 500 रुपये पोषण योजना के पोषाहार के लिए मिलते हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने टीवी के साथ एचआईवी के बारे में भी बताया कि एचआईवी फैलने के चार मुख्य कारण होते हैं। असुरक्षित यौन संबंध, दूसरा संक्रमित सुई का प्रयोग करने से, तीसरा संक्रमित रक्त चढ़ाने से, चौथा मां से बच्चे को अगर टाइम से पता चल जाए तो बच्चे को बचाया जा सकता है। इस मौके पर जेल के अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने बताया कि जैसे ही कोई नया कैदी दिया आता है तो हम उसकी पूरी स्क्रीनिंग करते हैं। जैसे कि उसमें एचआईवी टेस्ट हेपेटाइटिस टेस्ट बीएंडसी। इस मौके पर जेल के उपाधीक्षक रामचंद्र, अनिल, डीआर टीवी एंड एचआईवी को-ऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, डॉ. मयंक, मुकेश, सत्यवीर, साधना, उमेश कुलदीप आदि मौजूद थे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




बढ़ा हिम्मत गये मज़दूर-बस्ती आ के नेताजी
पिला भाषण गये भूखों को बोटी खा के नेताजी
वही हमदर्द हैं सच्चे नमी पलकों पे ले आये
मदद कर चैंनलों पे सो गये घर जाके नेताजी

# धूमधाम से मनाया थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**महावीर** हॉस्पिटल सेन्ट्रल ग्रीन फरीदाबाद के नवनिर्मित थैलेसीमिया यूनिट जो रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल, राउंड टेबल -5, शिवालिक प्रिंट्स लिमिटेड व महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद के द्वारा बनाया गया है। उसको विधिवत थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को समर्पित किया गया।

मंगलवार को उन थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। जिन बच्चों का जन्मदिन सितम्बर माह में हुआ है। उन थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से गोल्डन लाइंस क्लब फरीदाबाद ओल्ड के सदस्यों द्वारा केक काट कर मनाया गया। जिन बच्चो का जन्मदिन सितम्बर माह में हुआ है। उन सभी बच्चों को उपहार दिए गए जिनका जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर गोल्डन लाइनस क्लब फरीदाबाद ओल्ड की प्रधान कमलेश व एरिया चेयरपर्सन शैफाली ने आश्वासन दिया कि वो बच्चो की खुशी के लिए हमेशा संस्था के साथ कंधे से कन्धा मिला कर काम करती रहेगी।


जैसा की बार बार कहा जा रहा कोविड की तीसरी लहर आ सकती व जिसमें बच्चों को ज्यादा दिक्कत हो सकती है। जिसके बचाव के लिए पूर्व तैयारी होनी चाहिए। जिसके लिए इनरव्हील क्लब दिल्ली नार्थ डिस्ट्रिक्ट 301 द्वारा ऑक्सीजन कन्संट्रेटर दान स्वरूप दिये। जिसके लिए इनरव्हील क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 301 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीता जैन, संगीता अग्रवाल प्रेजिडेंट, अर्चना गुप्ता सेक्रेटरी व निशा भार्गव का विशेष सहयोग रहा। साथ ही संगीता अग्रवाल ने आश्वासत किया कि वो जल्द बच्चों की सहायता के लिए अपने क्लब से सहायता करती रहेगी। इस विशेष कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल युथ शक्ति के प्रधान गौरव जैन, गोल्डन लाइनस क्लब फरीदाबाद ओल्ड की शिल्पा व अलका गरिमामय उपस्थित रही।

क्लब के सदस्यों ने आश्वसन दिया कि वो थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए तो सहायता करेंगे ही संस्था का जो एक बहुत बड़ा सपना है की वर्ष 2025 के बाद देश में एक भी थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चा पैदा न हो उसके लिए संस्था के साथ मिल कर काम करेंगे। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने बच्चो से कहा की वो समय पर दवा लेते रहे ताकि वो स्वस्थ रहे। संस्था की तरफ से आज बच्चो को निशुल्क दवाइया वितरित की गयी। संस्था के महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बच्चो को बताया की सिर्फ रक्त चढ़वाने से स्वस्थ जीवन नहीं जिया जा सकता उसके लिए समय समय पर टेस्ट करवाना व समय पर दवा लेना बहुत जरुरी है।

# राधा अष्टमी पर भजन संध्या का आयोजन

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ की जगदीश कलोनी में स्थित श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट की तरफ राधा अष्टमी के मौके पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आनंद लेने के काफी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित थे। भजन प्रस्तुत कर रही कलाकर मंजू चावला ने राधे -राधे बोल, चले आएंगे बिहारी, मेरी विनती यही है राधे रानी कृपा बरसाए रखना आदी कई शानदार भजन सुनाए गए। उनके द्वारा प्रस्तुत कियो गए भजनों ने सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम को जनकराज शर्मा, महेंद्र अरोड़ा, मदनलाल अरोड़ा, कृष्ण भटेजा, गिर्राज माहौर, होशियार सिंह, रमेश खट्टर, चेतन्य, सौरभ, पुनीत के द्वारा कार्यक्रम को संचालन किया गया।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.08.21 को मोहित सुनेजा पुत्र श्री राजेश सुनेजा निवासी मकान न. 1349, प्रथम तल ग्रीनफिल्ड कॉलोनी सेक्टर-43 फरीदाबाद थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद में उपरोक्त मुकदमा दर्ज कराया कि उसका मामा सतीश कुमार जो बी.के. हास्पिटल में ईलाज के लिए दाखिल था जो दिनांक 21.08.2021 को सुबह 4 बजे बी.के हास्पिटल फरीदबाद से बिना बताए कही चला गया हे। जो दिमागी रूप से भी परेशान है हुलिया रंग सांवला, चेहरा लम्बुतरा, आंखे कैरी, पतला जिस्म, कद 5 फिट 10 इंच, उम्र 57 साल। पहनावा नीले रंग की चैकदार शर्ट व काले रंग का पजामा। मुकद्दमा न. 290 दि. 29.08.21 धारा 346 आईपीसी थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद। मिलने पर सूचित करें।

**प्रबंधक अफसर थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद - 9582200130, चौकी इंचार्ज टाउन न. 3 - 9582200160**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.08.21 को विकाश पुत्र बाबूलाल निवासी जे-4 आर्दश कॉलोनी एस.जी.एम. नगर फरीदाबाद हाजिर थाना आकर उपरोक्त अभियोग दर्ज रजिस्ट्र कराया कि उसका भाई अकाश व उम्र 34 साल 27.08.21 को अपनी मर्जी से अपने घर से चल गया हैं अभियोग संख्या 301 दिनांक 04.09.21 धारा 343 भा.द.स थाना एस.जी.एम नगर फरीदाबाद। हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फिट 6 इंच। पहनावा सलेटी रंग की टी-शर्ट, नीले रंग की पैन्ट, चमडे पीले रंग की सैन्डल। सूचना मिलने पर प्रबन्धक अफसर थाना एस.जी.एम नगर को सूचित करें।

**प्रबन्धक थाना - 9582200130, अनुसंधान अधिकारी - 8745874529**

# डिस्पेंसरियों में जाने वाले रास्तों पर पानी और कूड़ा बना रोड़ा

कविता। फरीदाबाद





**शहर** में घरों के निकट ही मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए जगह जगह सरकारी डिस्पेसरियां खुली हुई हैं, लेकिन नगर निगम की लापरवाही से इन डिस्पेंसरियों में मरीजों का पहुंच पाना मुश्किल हो गया है। सारन चौक स्थित सरकारी डिस्पेंसरी के सामने तो नगर निगम द्वारा डंपिंग प्वॉइंट बनाया हुआ है। जहां हर समय कूड़े का ढेर लगा रहता है।

डिस्पेंसरियों की तरफ जाने वाले रास्ते पूरी तरह से पानी से भरे हुए है। ऐसे में यहां गर्भवती और अन्य मरीजों को पहुंचने में भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। वहीं डिस्पेंसरी में तैनात इंचार्ज भी इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन इस ओर अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले में ईएसआई हो या फिर स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरी सभी में पानी भरने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। ऐसा ही जिले में चारों तरफ देखने को मिल रहा है। ऐसा ही मंगलवार को ईएसआई एनएच-एक डिस्पेंसरी में देखने को मिला। यहां चारों तरफ पानी भरा होने से मरीजों को डिस्पेंसरी में पहुंचने में काफी परेशानियां हो रही थी। जिले में मौजूद अधिकतर स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरियों तक पहुंचने वाले रास्तों पानी भरने के कारण निकलना भी दुर्भर हो रहा है। चिकित्सकों के पास इलाज को पहुंचने में मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

### 24 घंटे रहता है पानी

**कुछ** ऐसा ही हाल सारन स्थित स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरी में देखने को मिलता है। यहां 24 घंटे, सर्दी हो या गर्मी या फिर बरसात गंदा पानी और कचरा यहां पड़ा रहता है। नगर निगम ने डिस्पेंसरी के गेट ठीक सामने कूड़ा डालने का डंपिंग प्वॉइंट बनाया हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी इसे यहां से शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। वहीं बरसात के कारण कुछ डिस्पेंसरी पानी से भर जाती है। इसका ताजा उदाहरण सेक्टर-21 डी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में देखा जा सकता है। ऐसे ही ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केन्द्रों में भी देखने को मिलता है।

### नीची है डिस्पेंसरी

**अधिकांश** ईएसआई और स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरी सड़कों से काफी नीची बनी हुई है। जिसके कारण उनमें पानी भरने की समस्या सामने आती है। वहीं इन डिस्पेंसरियों में मरम्मत का कार्य न होने के कारण लोगों को परेशानियां होती है। वहीं विभागों के द्वारा यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पाती है।

# लाख दावों के बावजूद चल रहा गर्भपात का अवैध धंधा

### एमटीपी किट बेचने वाले तो पकड़े जाते हैं लेकिन तह तक नहीं पहुंचते

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में नर्सिंगहोम, झोलाछाप डाक्टरों और यहां तक कि घरों में अवैध रूप से गर्भपात कराने के मामले आए दिन उजागर होते रहते हैं। वहीं जिला में धड़ल्ले के साथ एमटीपी किट भी बेची जा रही हैं।

जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अवैध गर्भपात करने वालों और एमटीपी किट बेचने वालों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया जाता है, लेकिन पुलिस अथवा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जांच कर कभी यह जानने का प्रयास नहीं किया गया कि आखिर यह एमटीपी किट इनके पास आती कहां से है। ताजा मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बल्लभगढ़ में एमटीपी किट बेचने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा है।

### ये है पूरा मामला

**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ. हजिन्द्र ने बताया कि पिछले दिनों सूचना मिली कि कृष्णन नामक व्यक्ति एमटीपी किट बेच रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. हरजिन्द्र सिंह, डॉ. सन्नी, डॉ. सरनुर सिंह को शामिल कर टीम बना दी। टीम ने फर्जी ग्राहक के रूप में एक गर्भवती और एक युवक को तैयार किया। फर्जी ग्राहकों ने कृष्णन से सम्पर्क किया।

कृष्णन ने फर्जी ग्राहक बने युवक को गर्भवती पत्नी के लिए एमपीटी किट पांच सौ रुपये में देने का वायदा किया, लेकिन आरोपी ने अगले दिन फोन पर बताया कि सप्लायर ने किट नहीं पहुंचाई। अगले दिन 13 सिम्बर को मोहना रोड स्थित एक हॉस्पीटल के निकट स्थित बाइक की दुकान पर धर्मपाल नामक व्यक्ति से किट लेने को कहा। धर्मपाल ने दुकान पर खड़ी बाइक से किट लाकर सोनू को दे दी और पैसे ले लिए।

सोनू और गर्भवती ने टीम को इशारा कर दिया। टीम ने धर्मपाल को मौके पर पकड़ कर पूछताछ कर उससे सीरियल नम्बर के नोट बरामद कर लिए। पूछताछ की कि वह यह किट कहां लाकर से बेच रहा है। जिस पर उन्हें पता चला कि कृष्णन उसे पिछले दो साल से किट उपलब्ध करवा रहा है। उनके पास न तो इसका बिल था, न ही कोई मेडिकल डिग्री। जिस पर धर्मपाल के बताने पर पुलिस को शिकायत देते हुए टीम ने धर्मपाल और कृष्णन को पुलिस के हवाले कर दिया। डॉ. हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करते हुए मुख्य आरोपियों की तलाश करेगी।

# आज शहर में लगेगा मैगा वैक्सीनेशन कैम्प

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में आज मैगा वैक्सीनेशन कैम्प लगाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि बुधवार को जिले में 61 सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों के जरिये 90 कैम्प और 14 निजी सेंटरों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। मंगलवार को 30602 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए। जिला की जनता स्वैच्छा टीकाकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अब तक 1800543 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली और दूसरी डोज के लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन अभियान के तहत बुधवार को जिला के ग्रामीण व शहरी टीकाकरण केन्द्रों में से केंद्र कॉवैक्सीन की दूसरी डोज के लिए आरक्षित किए गए है।

सभी आयु वर्ग के वह लोग जो शिक्षा व नौकरी के लिए विदेश जाने के लिए चयनित हैं। उनके लिए कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज के स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही वैक्शीनेशन केंद्र पर स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगाई जाएगी। स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज़ के स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर वॉक इन प्रक्रिया के तहत पहले आओ पहले लगवाओ के आधार पर कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा। कैम्प में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार के पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। वहीं जिले में कोरोना का एक मरीज आया है। वहीं राहत की बात यह है तीन मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट 99.28 प्रतिशत पर पहुंच गया।

# 21वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 23-24 अक्टूबर को



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महाराजा** अग्रसेन विवाह समिति का 21वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 23-24 अक्टूबर को व सर्वजातीय सामुहिक विवाह 23 नवम्बर 2021 को ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा में कराया जाएगा। परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन, सेक्टर-19, ओल्ड फरीदाबाद में किया जाएगा। यह बात समिति के प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने कार्यालय पर एक मीटिंग के दौरान कही। मीटिंग में कोषाध्यक्ष मनोहर लाल सिंघल, संरक्षक अनिल गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान इंद्रपाल गर्ग, युगल मित्तल, महासचिव संजीव कुशवाहा, संदीप गोयल, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।


समिति के प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने बताया कि समिति हर वर्ष सर्वजातीय सामुहिक विवाह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से करती है, जिस की चर्चा पूरे उत्तर भारत में है। जिसको लेकर इस बार परिचय सम्मेलन के लिए 400 से ज्यादा पंजीकरण कार्यालय फरीदाबाद, पलवल, होडल, हसनपुर, मेवात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुडगांव, रेवाड़ी, देहरादून, शामली, दिल्ली यमुनानगर, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, धारूहेड़ा, महेन्द्रगढ़, पानीपत, गाजियाबाद, देहरादून, मुजफ्फरनगर शामली, लुधियाना, टोहाना (हरियाणा), नोएडा आदि में बनाए गए हैं जिसमें भारी संख्या में लोग फार्म भर रहे हैं। अब तक काफी फार्म भरे जा चुके हैं जिसमें डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी, अपाहिज, अनाथ, विधवा, तलाकशुदा, पढ़े-लिखे, अनपढ़ व नौकरी करने वाले युवक-युवतियां शामिल हैं। गोयल ने बताया कि सम्मेलन में सरकार द्वारा बताए गए कोविड-19 नियमों जैसे सेनिटाइजर की व्यवस्था, मास्क पहनना, उचित दूरी बनाए रखना आदि का पालन किया जाएगा।

## मनीष नरवाल ने किया देश का नाम रोशन : सांगवान

**फरीदाबाद।** पैरा ओलंपिक में गोल्ड मेडल विजेता मनीष नरवाल का जाट समाज फरीदाबाद द्वारा सम्मान किया गया। जाट समाज फरीदाबाद के प्रधान व पूर्व आईएएस अधिकारी जयपाल सिंह सांगवान के नेतृत्व में बल्लभगढ़ में मनीष के निवास पर महासचिव एचएस मलिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण, उद्योगपति वीपी दलाल, मुनेश नरवाल, बिजेंद्र फौजदार ने मनीष नरवाल को शाल ओढ़ाकर और समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जाट समाज के प्रधान जयपाल सिंह सांगवान ने कहा कि मनीष ने बहुत ही छोटी आयु में शूटिंग में पैरा ओलंपिक में गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है।

काबिले तारीफ है और बुलंदियों को छुआ है यह हम सब के लिए गर्व की बात है और चाहते हैं कि देश के और भी बच्चे खेलों में सक्रियता से हिस्सा लेकर आगे बढ़े और इसी प्रकार देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मनीष नरवाल के पिता दिलबाग सिंह निरवाल के प्रयासों व त्याग की सराहना करते हुए कहा कि परिवार ने उसके हौसले को बनाए रखा और निरंतर प्रयास जारी रखा और खुशी की बात है कि उनका प्रयास कामयाब हुआ और आगे भी ओलंपिक जैसी विश्व स्तरीय स्पर्धा में मनीष इसी प्रकार देश का नाम रोशन करता रहेगा।

# 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर आयोजित एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हो गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) द्वारा प्रायोजित है, जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित 15 से अधिक राज्यों से 195 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर आईआईआईटी सोनीपत के निदेशक प्रो. एम.एन. दोजा मुख्य अतिथि रहे। इंफोरमेंटिक्स एवं कंप्यूटिंग के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सत्र में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की पहल की सराहना की तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में प्रो. एम.एन. दोजा ने कहा कि आज के प्रौद्योगिकी युग में इंटरनेट ऑफ थिंग्स की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नवीनतम तकनीकों के साथ खुद को जोड़ने एवं अपडेट रहने का भी आग्रह किया।

## जनसेवा के विभाग को किया जा रहा निजीकरण : डंगवाल

**फरीदाबाद।** हरियाणा गवमेंट पी डब्लू डी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन बी एंड आर ब्रांच फरीदाबाद का त्रिवार्षिक सम्मेलन सेक्टर 16 स्थित पार्क में संपन्न हुआ। इसका उद्घाटन यूनियन के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार पर जनसेवा के विभागों का निजीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि सरकार की उदारीकरण की नीतियों की वजह से लोक निर्माण विभाग के सभी प्रकार के निर्माण के कार्यों को को प्राइवेट कंपनी के हवाले किया जा रहा है।

पहले नेशनल हाईवे से लेकर सभी प्रकार की सडक़ों का निर्माण और रखरखाव बी एंड आर के द्वारा ही करवाया जाता था। अब इन कार्यो के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाली सडक़ों की वार्षिक मेंटेनेंस के कार्य भी ठेकेदारों के द्वारा ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों से आने वाले दिनों में निजीकरण के खिलाफ व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इसके बाद यूनियन के कोषाध्यक्ष शेर सिंह ने विगत 3 वर्षों का लेखा जोखा ब्रांच के सामने रखा। तत्पश्चात ब्रांच प्रधान कपी ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करके नए चुनाव करने के लिए चुनाव पर्यवेक्षक से अनुरोध किया।

# दुर्घटना रोकने को चलाया यातायात जागरुकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राज्य** स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस की तरफ से चलाई गई मुहीम के तहत फरीदाबाद पुलिस द्वारा 11 से 25 सितंबर तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर सभाएं आयोजित करके नागरिकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा इस संबंध में जारी किए गए दिशा निर्देशों के तहत फरीदाबाद पुलिस के बीट पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिए

### डीसीपी ट्रैफिक को नियुक्त किया गया नोडल अधिकारी

डीसीपी ट्रैफिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनके ऊपर इस मुहिम को सफल बनाने का कार्यभार रहेगा।



पुलिस कर्मियों द्वारा शहर में यातायात संकेतक चेक किए जाएंगे और यदि किसी स्थान पर यह संकेतक उपलब्ध नहीं है तो संबंधित विभाग से पत्राचार करके आवश्यक स्थानों पर यातायात संकेतक लगवाए जाएंगे ताकि वाहन चालक इन संकेतों को देखकर सतर्क रहे तथा अपने वाहन को सावधानीपूर्वक चलाएं।

सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना तथा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना है। फरीदाबाद पुलिसकर्मी नागरिकों को वाहन चलाते समय सुरक्षा की दृष्टि से सीट बेल्ट लगाने तथा हेलमेट पहनने, गलत दिशा तथा तेज गति में वाहन न चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। जिन स्थानों पर ज्यादा दुर्घटनाएं घटित होती हैं उनको चिन्हित करके वहां पर स्पीड ब्रेकर या पुलिस नाका लगाया जाएगा ताकि तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के आगे अवरोध उत्पन्न करके उनकी गति को घटाया जा सके जिससे नागरिक सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें।

इसके अलावा यातायात नियमों की अवमानना करने वाले नागरिकों को आर्थिक दंड से दंडित किया जाएगा जिसके तहत नियमों का पालन न करने वाले चालकों के चालान काटे जाएंगे।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर वासियों से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है ताकि नागरिक सड़क दुर्घटना से बचते हुए सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

# जेसी बोस में 17 को मनाएंगे युवा प्रेरणा दिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनायेगा। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आनंद मोहन शरण मुख्य अतिथि होंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जे.सी. बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरूआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है। उनका संपूर्ण जीवन तथा एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षण संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौड़ जिला एवं सत्र न्यायाधीश व मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम डीएलएसए के द्वारा फरीदाबाद शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यायधीश मंगलेश कुमार चौबे ने संजय गुप्ता, अर्चना गोयल, मीनाक्षी एडवोकेट के साथ मिलकर केंद्रीय विद्यालय नंबर दो फरीदाबाद में वहां के प्रधानाचार्य अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय में मौजूद सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को संदेश दिया कि वह अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल अपने परिवार की सदस्य की तरह करें। ताकि हम आने वाली पीढ़ी को एक साफ वातावरण दे सकें।

### हिन्दी दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित



**फरीदाबाद।** श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं का नाम ऑनलाइन घोषित किया। महाविद्यालय प्राचार्य कृष्णा श्योरान ने ऑनलाइन सभी छात्राओं को सम्बोधित कर हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में बताया। साथ ही नये सत्र से आरम्भ होने जा रही कक्षाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष चन्द्र शेखर ने किया। उन्होंने छात्राओं से हिन्दी भाष में सभी काग्र करने में गौरवान्वित होने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को बधाई दी। बीए, बीकॉम एवं बीएससी की छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. सपना सचदेवा, डॉ. सपना नागपाल, डॉ. उषा दहिया रमनप्रीत, डॉ. ऋचा, सौरभ त्रिपाठी, जागृति दीवान, शिवानी और भावना कौशिक के अलावा डॉ. धर्मबीर उपस्थित रहे।

### वेतन और पेंशन के लिए कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** दो महीने से वेतन व पेंशन का भुगतान न किए जाने से खफा फरीदाबाद, नगर निगम के कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता मकैनिकल वर्करस यूनियन के प्रधान रमेश चन्द पहलवान ने की। मंच संचालन महेन्द्र पाल ने किया। फेडरेशन प्रधान रमेश जागलान व वरिष्ठ उप-प्रधान शाहाबीर खान ने बताया कि घरने का 13 दिन है परन्तु नगर निगम प्रशासन गम्भीर नहीं है यदि निगम प्रशासन द्वारा निगम कर्मचारियों के वेतन व पेंशन का भुगतान शीध्र नहीं किया तो फैडरेशन 17 सितंबर को टूलडाउन हड़ताल करेगी। प्रदर्शन में सुरजीत नागर, रणसिंह भडाना, मटरू लाल, सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रधान यूएम खान, नरेश बैंसला, राम बिहारी, प्रमोद रोहिल्ला, राजपाल तेवतिया, शशी अधाना, दयानन्द पाली, लालाराम नरवत, राजेंद्र सिंह, विजयपाल पटवारी, धीर सिंह, हरेराम सौरोत, करन सिंह, कर्मचन्द बघेल, भूपसिंह, विनोद कुमार, श्यामवती, सुमन, उषा, सीता राम शर्मा, टेकचन्द शर्मा, अतर सिंह भडाना, मोहन देशवाल, नेरेन्द्र कुमार व खजान सिंह ने भी सम्बोधित किया।

### उपायुक्त ने किया लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण




**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी कार्यालय के अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने ज्यादा भीड़ वाले कार्यालयों में टोकन सिस्टम के आधार पर इंट्री करने के लिए भी कहा। उपायुक्त जितेंद्र यादव मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक से लघु सचिवालय के कार्यालयों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले डीआईपीआरओ कार्यालय, एलओ पंचायत, आधार कार्यालय के सहित विभिन्न कार्यालयों में जाकर साफ-सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने सरल केंद्र व आधार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सभी काउंटरों पर टोकन सिस्टम के अनुसार लोगों को बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी से कोविड-19 प्रोटोकोल का पालन करने के लिए भी कहा।

### जनता बिना किसी डर के वैक्सीनेशन करवाए: डा. गुप्ता

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद, जय सेवा फाउंडेशन, रामा कृष्णा फाउण्डेशन, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सेक्टर-91 फेस-1 और मिल्हार्ड कालोनी फरीदाबाद में मेगा वैक्सीन कैंप का आयोजन किया। कैम्पों में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. विनय गुप्ता ने कहा कि जिला फरीदाबाद की जनता को बिना किसी डर के वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीकाकरण करवाने के लिए अब पहले की अपेक्षा ज्यादा उत्साह जिला में देखा जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि पहली वैक्शीनेशन के बाद दूसरी वैक्शीनेशन 12 से 16 सप्ताह में लगवाने पर ईम्युनिटी पावर ओर भी बेहतर कारगर साबित हो रही है। जिला की जनता स्वैच्छा टीकाकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नियमों का पालन करते हुए 660 लोगो को वैक्सीन लगाई गई। हमारा सिर्फ एक ही प्रयास है। जनमानस को इसका लाभ मिल सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवा सकें। कार्यक्रम में डॉ मानसिंह, मधुसूदन माटोलिया, जयश्री, परविन्दर कुमार सहित ग्राम वासी एवं समाज के प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

### डीसीपी ने किया थाना सेक्टर 31 का औचक निरीक्षण किया



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डॉ. अंशु सिंगला सेक्टर-31 थाना का औचक निरीक्षण करने पहुंची। थानाध्यक्ष मनोज कुमार व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में लगभग घंटे भर के निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने लंबित मामलों के कारणों को जानने के साथ उसके शीघ्र निपटारे के लिए प्रोत्साहित किया। मालखाना प्रदर्श की पंजी की जांच करते हुए अद्यतन करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने थाने में तैनात सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों से एक-एक कर बात की। पुलिस उपायुक्त ने अनुसंधान अधिकारियों को महत्वपूर्ण विधि व अधिनियम की जानकारी होने पर बात करते हुए मामले के प्रक्रियाबद्ध तरीके से निपटारे का निर्देश दिया। लोगों की सुनवाई कर उन्हें न्याय दें डीसीपी द्वारा सार्वजनिक व निजी समस्याओं के समाधान पर पुलिसकर्मियों की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए रसोईघर, बाथरूम व पेयजल इत्यादि के व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। डीसीपी ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए प्रबंधक को तुरंत ऋह लगाने को कहा। इसके उपरान्त डॉ. सिंगला द्वारा थाना परिसर में जंगल का दंगल शीर्षक से चलाये जा रहे वृक्षारोपण उद्यान में जा पहुंची और शहतूत के पौधे का रोपण किया। बताते चलें कि इसी वर्ष 5 जून को फरीदाबाद पुलिस की ओर से एक लाख पौध लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

1947 के विभाजन का दर्द...बुजुर्गों की जुबानी

# अशांत पाकिस्तान से रात के अंधेरे में भारत पहुंचा शांति का परिवार

**पाकिस्तान के जिला डेरा गाजी खान में था गांव सोकर**

**पूरा गांव पाकिस्तान में आ गया था, इसलिए भारत आ गए**

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**15 अगस्त** 1947 को जब भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ तो करोड़ों लोगों के सामने दिक्कतें खड़ी हो गई थीं। नवजात बच्चों से लेकर बुजुर्ग, सभी का जीवन खतरे में पड़ गया था। इन्हीं में से एक थीं शांति देवी और उनका परिवार। उस समय शांति देवी की उम्र मात्र 16 साल थी। परिवार में खुशहाली थी, लेकिन बंटवारे ने खुशहाली को बदहाली में बदल दिया।

बंटवारे के 74 साल बाद इस समय शांति देवी की उम्र 90 साल हो चुकी है, लेकिन जब भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय की बात होती है तो शांति देवी की कमजोर हो चुकी नजरों के सामने उस समय का पूरा नजारा पिक्चर की तरह चलने लगता है। वे बताती हैं कि उनका गांव सोकर तहसील तौंसा शरीफ, जिला डेरा गाजी खान था। उस समय तक भारत अविभाजित था। उस समय शादी की उम्र का कोई बंधन, नियम नहीं था। इसलिए कम उम्र में ही शांति देवी की शादी हो चुकी थी।

उनके परिवार में उनके पति बोधराज गाबा, देवर सोहनलाल और जवाहरलाल गाबा सभी संयुक्त परिवार के रूप में रहते थे। सारा परिवार बहुत खुशहाली से जीवन व्यतीत कर रहा था। अचानक 15 अगस्त 1947 को जब भारत आजाद हुआ तो उन्हें पता चला कि उनका सोकर गांव भारत विभाजित होने पर पाकिस्तान में आ गया है। इसलिए अब उन्हें वह स्थान छोड़कर कहीं और जाना पड़ेगा।

इस सूचना के बाद से तो पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ सा टूट गया। वहां परिवार की तरह रह रहे सारे मित्रों को, जायदाद को छोड़कर कहीं और जाना दिल नहीं मान रहा था। फिर भी वहां से निकलना मजबूरी बन गई थी। शांति देवी के परिवार ने व अन्य सभी परिवारों ने पाकिस्तान का गांव सोकर छोड़ने में ही भलाई समझी। क्योंकि पाकिस्तान में इंसान ही इंसानों के दुश्मन बन गये थे।



शांति देवी।

## भारत पहुंचते ही बदल गई फिजां

हालांकि गांव के सरपंच, वहां के थानेदार व अन्य पुलिस कर्मचारियों ने उनकी सहायता भी की। रात के अंधेरे में सभी डीजी खान जिला छोड़कर आजाद भारत में पहुंच गये। यहां पहुंचने पर फिजां बदली हुई थी। कोई समस्या नजर नहीं आई। खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था थी। ठहरने के लिए तम्बू लगाये हुए थे। शांति देवी के मुताबिक उनके परिवार को कैथल जिला अलॉट हुआ था। कुछ समय तक कैथल में रहने के बाद में गुड़गांव जिले में स्थानांतरित किया गया। यहां अर्जुन नगर में एक कच्ची कोठी दी गई। यहां आने के बाद पूरे परिवार ने बहुत मेहनत की। उसी मेहनत के बल पर आज उनके पास सब कुछ है। शांति देवी के चार पुत्र सुभाष गाबा, हरीश गाबा, देवेन्द्र गाबा, दिनेश गाबा व एक पुत्री सरोज है। जीवन खुशहाली से बीत रहा है।

## शहीदों का सम्मान की बजाय अपमान कर रही सरकार : प्रदीप खटाना

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना एडवोकेट रिठौजिया ने सोहना के गांव भौंड़सी निवासी शहीद तरुण भारद्वाज की शहादत को नमन किया है। उन्होंने कहा कि मात्र 21 वर्ष की आयु में तरुण भारद्वाज ने मां भारती के लिए अपनी शहादत दे दी।

केन्द्र व प्रदेश सरकार को चाहिए कि शहीद के परिवार को दी जाने वाली सभी सुविधाएं तरुण भारद्वाज के परिवार को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएं। प्रदीप खटाना का कहना है कि सोहना के गांव दमदमा के रहने वाले दो वीर सपूतों ने करीब नौ महीने में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी, लेकिन भाजपा सरकार शहीदों का सम्मान की बजाय अपमान कर रही है।

# अंग्रेजी का ज्ञान होना तरक्की और स्टेट्स का आधार नहीं : जितेंद्र यादव

**राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में हिंदी पखवाड़े के तहत हुई प्रतियोगिताएं**

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आज** के भौतिकतावादी और चकाचौंध के युग में केवल अंग्रेजी या किसी भी अन्य भाषा को ही अपनी तरक्की और स्टेट्स का आधार मानना पूर्णतया गलत है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि भाषा केवल हमारे विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है।

यह बात राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रूखनगर के प्राचार्य जितेंद्र यादव ने मंगलवार को विद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भाषा तरक्की या स्टेटस का माध्यम नहीं है। उन्होंने बताया कि भाषा के माध्यम से प्राप्त किया गया ज्ञान हमारे विकास और ज्ञानार्जन का सूचक है। विद्यालय में मंगलवार को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड में आने वाले विद्यालयों के उन विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर कराई गई नौ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे थे। विभिन्न विद्यालय से आने वाले प्रतिभागियों का अलग-अलग प्रतियोगिताओं के वर्गानुसार नामांकन किया गया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के माध्यम से समस्त आगंतुकों का स्वागत, अभिनंदन व आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही यह भी संदेश दिया गया कि कोई भी स्वागत या संस्कार की जब बात आती है तो वह हिंदी अथवा संस्कृत भाषा में ही हम करते हैं। नामांकन और स्वागत के पश्चात पहले से ही निश्चित अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के विभिन्न प्राध्यापकों व अध्यापकों ने कराया। इस अवसर पर डाइट गुरुग्राम से इंदु बाला व संदीप वर्मा बीआरपी ने विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं का निरीक्षण व अवलोकन किया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कराई गई इन सभी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य पूरे प्रदेश भर में हिंदी भाषा का विकास, प्रचार, प्रसार, इसकी वैज्ञानिकता और सटीकता को दृष्टि गोचर करना है।



गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में हिंदी पखवाड़े के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में लगाया स्वास्थ्य शिविर



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिलाओं को जानकारी देते आयुष विभाग के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आयुष** विभाग गुरुग्राम द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मंगलवार को सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू बांगड़ व डॉ. मुनेश यादव ने किया। इस मौके पर लोगों को निःशुल्क मेडिसन प्लांट भी वितरित किए गए।

इस शिविर में गर्भवती व स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को स्तन्य जनन के लिए शतावरी आदि वितरित की गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं तथा किशोरावस्था वाली कन्याओं को रक्त वृद्धि के लिए औषधियां वितरित की गई। इसके साथ ही शिविर में किशोरावस्था वाली कन्याओं व बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में आमजन को रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों को औषधीय तौर पर उपयोग करने संबंधी भी आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में योग प्रशिक्षक डा. भूदेव ने योग क्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इनकी सही मुद्राएं करके दिखाई। शिविर में आने वाली महिलाओं को आयुर्वेदिक दवाओं का अलग से सेशन भी रखा गया था। जिला में आयुष विभाग द्वारा 15 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर 22 सितंबर तक जिला के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

## 27 सितंबर को पूरी तरह कामयाब होगा भारत बंद : चौधरी महेश घोड़ारोप

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप ने यहां पर खटानपुरी, बैसलात व नहेडे के गांवों का दौरा कर संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ 27 सितंबर को किए जाने वाले भारत बंद को क्षेत्र में 100 फीसदी कामयाब बनाने का आग्रह सर्वजातीय समाज से किया है।

जनसंपर्क के दौरान चौधरी महेश घोडारोप ने दावा किया है कि केन्द्र सरकार द्वारा पास किए गए कृषि कानूनों के विरोध में 27 सितंबर को भारत बंद पूरी तरह 100 फीसदी कामयाब होगा। भारत बंद का आह्वान सुबह छह से शाम छह बजे तक के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी बंद को हरियाणा किसान कांग्रेस ने भी अपना खुला समर्थन देने का ऐलान किया है।

## ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सपना ने बाजी मारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**दूसरे स्थान पर पूजा यादव और तीसरे पर तनु रोहिल्ला रही, 215 छात्राओं ने लिया प्रतियोगिता में भाग**

**राज्य** एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में लगभग 215 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान पर सपना सहरावत बीएससी नॉन मेडिकल से, दूसरे स्थान पर पूजा यादव बीएससी जूलॉजी ऑनर्स तथा तीसरे स्थान पर तनु रोहिल्ला बीएससी मेडिकल से रही।

इनमें से प्रथम दो छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नियम अनुसार नामित किया गया। सपना सहरावत और पूजा यादव जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की तरफसे प्रतिभागिता करेंगी। रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉक्टर रोमा बेनीवाल ने समस्त कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार गर्ग ने डॉक्टर रोमा बेनीवाल, डॉ. राजेश बेनीवाल तथा सीमा चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में इनका योगदान सराहनीय है। प्राचार्य डॉक्टर रमेश कुमार गर्ग ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं में इस कार्यक्रम के प्रति अत्यंत उत्सुकता थी। उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आगे भी महाविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सोहना में प्राथमिकता से बनेगा कूड़ा निस्तारण केन्द्र : जितेन्द्र गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।

**35 हजार** की आबादी वाले सोहना शहर में कूड़ा निस्तारण केन्द्र प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाएगा। जिससे शहर की साफ-सफाई करने के साथ गंदगी मुक्त बनाया जा सके। इसके अलावा परिषद के गांवों में भी सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।

सोहना के नवनियुक्त एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने शहर की मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि शहर को गंदगी मुक्त बनाने और कूड़ा कचरे को आबादी क्षेत्र से दूर लेकर जाने की आवश्यकता है।

सोहना ऐतिहासिक शहरों की गिनती में आता है। यहां पर देश प्रसिद्ध प्राचीन काल में बने गर्म पानी के शिव कुंड पर देश के अन्य राज्यों से लोग स्नान करने के लिए आते हैं। गर्ग ने बताया कि बहुत ही जल्द शहर की आबादी क्षेत्र से बाहर कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनेगा। शहर में कूड़े के ढेरों का स्थान निर्धारित किया जाएगा। जिससे शहर साफ-सुथरा दिखाई दे। एसडीएम ने कहा नगर परिषद में शामिल ग्राम पंचायतों की जमीन अब नगर परिषद के अधीन है। परिषद के सभी गांवों में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों का सर्वे किया जाएगा। जल्द ही सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त किया जाएगा।

परिषद के वार्ड-4 के गांव बालूदा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों के चलते आम रास्ते कच्चे है। जिनमें बरसात का पानी जमा होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



नवनियुक्त एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग।

### कार्रवाई न करने पर नपेंगे अधिकारी

**नवनियुक्त** एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ भी जांच कराई जाएगी। आदेशों को तुरन्त प्रभाव से अमल में लेकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शहीद के परिजनों को केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दी सांत्वना



भोंडसी शहीद तरुण भारद्वाज के निवास पर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**केन्द्रीय** मंत्री राव इन्द्रजीत से कहा कि तरुण भारद्वाज को शहीद का दर्जा दिलवाना उनकी प्राथमिकता होगी। पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी व सामुदायिक भवन का नाम शहीद के नाम पर किया जाने का भी आश्वासन दिया। मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने गांव भोंडसी में तरुण भारद्वाज के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। का दर्जा केन्द्र सरकार की मदद से दिलवाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि तरुण भारद्वाज की शहादत का मामला वे केन्द्र सरकार के मध्यम रखेंगे। जिससे तरुण के परिवार को देश की सीमा पर शहादत देने वाले जवानों की भांति सभी सुविधाएं मिल सकें। जिसके लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री और अन्य प्रयास करेंगे। उसके बाद पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी और ग्रामीणों की अन्य मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।



शहीद के घर पर शोक जताने पहुंचे प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू।

### पूर्व शिक्षा मंत्री पहुंचे

**हरियाणा** के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू भी शहीद के घर पहुंचे। रामबिलास शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता ने भी पीड़ित परिवार की हर संभव मदद व उनकी मांगों को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी दिलाने का आश्वासन दिया।

## नगर निगम मानेसर ने शुरू किया कचरा प्रबंधन जागरुकता अभियान

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर के संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री ने कहा कि नगर निगम मानेसर द्वारा निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत स्कूलों, मॉल, शॉपिंग कॉम्पलैक्स और बाजारों को कवर किया जा रहा है। ये जागरुकता अभियान नगर निगम मानेसर के आयुक्त मुनीष शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक चल रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को गांव कासन स्थित दो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में ठोस कचरा प्रबंधन तथा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ सिटीजन कंसलटेंट जेनिथ चौधरी ने इंटरेक्शन सेशन किया तथा उन्हें कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कचरे के बारे में जानकारी देने के साथ ही रियूज, रिड्यूज व रिसाइकल कंसेप्ट, कचरा प्रबंधन का व्यवहारिक समाधान, कचरे से खाद बनाने तथा ई-वेस्ट एवं बायोमेडिकल वेस्ट हैंडलिंग आदि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

# हिंदी दिवस एवं राधाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया



भाषण प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्राओं को सम्मानित करते।

**कैलाश मंगला।** होडल

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय पैंगलतू में हिंदी दिवस एवं राधाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने की और संचालन अमरचंद शास्त्री ने की।

इस अवसर पर मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण और राधा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के अवतार हैं। धार्मिक व नैतिक मूल्यों को अपनाने से ही समाज का उत्थान होता है। हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता का मूल आधार है। हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। अतः हमें अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए हिंदी का पूरा सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भारती प्रथम और शैलेष कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। कविता पाठ में दीपिका प्रथम और सोनिया द्वितीय स्थान पर रहे।

कहानी सुनाने में कोमल प्रथम और सपना द्वितीय स्थान पर रहे। व्याकरण प्रश्नोत्तरी में शैलेष कुमार प्रथम और खुशबू द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में रितु, राशि, जयदयाल, देवन, प्रिया, अर्चना आदि विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में धर्मबीर, देवेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह व कृष्ण गोपाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त समाचार

## जैन स्थानक में जैन संतों ने भी लगवाई वैक्सीन



**गुरुग्राम।** समस्त जैन समाज द्वारा जैन स्थानक में वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। इस दौरान कोरोना काल में सिविल सर्जन डॉक्टर विरेंद्र यादव द्वारा जनहित में किये गये कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी व रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन ने बताया कि हरियाणा में पहला ऐसा जिला ही जहां सीएमओ डॉक्टर विरेंद्र की मेहनत से 30 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन लग चुकी है। वैक्सीनेशन कैंप की शुरुआत दोनों संतों को लगा कर की गई। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अनुज गर्ग को भी सम्मानित किया गया उनके कार्य की भी प्रशंसा की गई। इस मौके पर एसएस जैन समाज के प्रधान प्रेमचंद जैन, जीतो के प्रधान रमण जैन, दिगम्बर जैन समाज के प्रधान नरेश जैन, फूलचंद जैन हॉस्पिटल के प्रधान अनिल जैन, टैक्स बार प्रधान नवीन गुप्ता, जीतो के सचिव संजय जैन, संदीप जैन, हितेश जैन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरकार शहीद के परिवार को देगी पूरा सम्मान

**सोहना।** भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़लिया ने शहीद तरुण भारद्वाज को भौंड़सी को सोहना ही नहीं देश का महान सपूत बताते हुए कहा कि अमर शहीद तरुण भारद्वाज ने देश के लिए अपनी शहादत देकर वीरों की गाथा में अपना नाम लिखवा लिया है। लांसनायक राज सिंह खटाना की शहादत को नमन किया और कहा कि शहीद तरुण भारद्वाज, शहीद राज सिंह और आकाश खटाना के परिवार को हर संभव सहायता मुहैया कराने के लिए वह मुख्यमंत्री मनोहरलाल से बात करेंगे। सरकार शहीद तरुण भारद्वाज, राज सिंह और आकाश खटाना के परिवार को पूरा मान-सम्मान देगी और इस बात का अच्छे से ख्याल रखेगी कि शहीद के परिवार को किसी भी तरीके से कोई परेशानी न आए। भाजपा नेता ने लोगों से भी आग्रह किया कि वह शहीद के परिवार को अपने ही परिवार का अंग मानें और इस बात का विशेष रूप से ख्याल रखें कि शहीद का परिवार भी उन्ही के परिवार की मानिंद है। जिसे कोई कैसे भी दिक्कत ना आए।

## शहीद के परिजनों को राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए

**सोहना।** सोहनाढाणी गांव के नंबरदार जितेन्द्र सैनी, पूर्व नगर पार्षद मुकेश सैनी, महिला समाजसेविका कविता सैनी ने केन्द्र-प्रदेश सरकार से मांग की है कि देश के लिए शहादत देने वाले शहीद के परिजनों को राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए और केन्द्र सरकार की तरफ से पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। शहीद होने वाले जवान के मूल गांव के विद्यालय का नाम शहीद के नाम पर रखा जाए और शहीद के परिवार को कोई गैस एजेंसी अथवा पेट्रोल पंप आवटिंत किया जाए। मृतक के बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा पर आने वाला सारा खर्च केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाए और शहीद के पैतृक गांव में मृतक शहीद की याद में वीर स्मारक स्थल बनाकर उसमें शहीद की प्रतिमा लगवाई जाए। मौके पर मास्टर जगदीश चंद्र यादव, युवा समाजसेवी कृष्णपाल यादव, राकेश यादव, इंजीनियर मोनी रायसीनिया, मोहित सैनी, जीतू सैनी, प्रेमपाल यादव आदि प्रमुखजनों समेत काफी लोग मौजूद रहे।

## जांच को सेंपल नहीं लेने पर डॉक्टर से मारपीट

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सेंपल जांच को लेकर एक एमबीबीएस डॉक्टर को उसके अस्पताल में घुसकर तीन युवकों द्वारा मारपीट की गई। पीड़ित ने पुलिस थाना में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। स्थानीय ज्योति हस्पताल के डॉक्टर नवीन कुमार ने बताया कि मोहित, संदीप एवं दीपेश उनके अस्पताल के अन्दर घुस गये। ओपीडी में उनके साथ तीनों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही कहने लगे हमने जो जांच के लिए सेंपल भेजे थे, तेरी हिम्मत कैसे हो गई जो सेंपल नहीं लिए। डाक्टर ने उन्हें बाहर जाने को कहा। इसी बीच उन्होंने डॉक्टर के साथ हाथापाई शुरू कर दी। मारपीट की। डॉक्टर की कॉलर पकड़कर बाहर ले जाने लगे। अपने बचाव में जब डॉक्टर ने आवाज लगाई तो स्टाफ के सदस्य आए। अस्पताल के स्टाफ को आते देख तीनों आरोपी भाग गये। जाते हुए कह गये कि इस बार तो बच गये हो, अगली बार बाहर मिला तो जान से मार देंगे। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के ब्यान पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## डेंगू मरीज को प्लेटलेट्स दान करके मनाई राधाष्टमी



**होडल।** अनुभूति फाउंडेशन होडल द्वारा आज राधाष्टमी पर्व पर हरि कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, तभी फाउंडेशन के सचिव प्रवक्ता विष्णु गौड़ एवं संरक्षक प्रवक्ता डॉ शिव कुमार गुप्ता को सूचना मिली कि डेंगू बुखार से पीड़ित 21 साल के एक नवयुवक को प्लेटलेट्स एफेरेसिस की आवश्यकता है। इस संदेश को फेसबुक के माध्यम से सोशल मीडिया पर डाला गया तो अनाज मंडी होडल निवासी कपिल गर्ग ने संस्था के सदस्यों के साथ होडल स्थित नवजीवन चेरिटेबल ब्लड़ सेंटर में जाकर प्लेटलेट्स एफेरेसिस दान करके पीड़ित मरीज की जान बचाई। उन्होंने कहा कि किसी पीड़ित मानव की सेवा करना प्रभु की सबसे बड़ी आराधना है। इस अवसर पर समाजसेवी शिव कुमार गुप्ता ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने युवा समाजसेवी कपिल गर्ग का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने आज राधाष्टमी पर्व एक मिसाल कायम की है। इस अवसर पर नवजीवन रक्त केंद्र के प्रबंधक सतीश कुमार, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर प्रह्लाद सिंह, जगबीर सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अनुभूति फाउंडेशन के सचिव विष्णु गौड़ ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं का उद्देश्य मानवता की सेवा होना चाहिए । व्यक्ति इस सृष्टि पर ईश्वर की एक अनुपम रचना है और हमें नर में ही नारायण का रूप देखते हुए उनके कल्याण के लिए कार्य करने चाहिएं। उन्होंने हिंदी दिवस और राधाष्टमी पर्व पर अपनी शुभ कामनाएं संप्रेषित कीं।

## विवादित जमीन पर पुलिस ने किया एक और मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना सिटी थाना पुलिस ने पूर्व विधायक के बेटों के साथ जमीन के विवादित मामले में सात नामजद आरोपियों सहित करीब 25 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूर्व विधायक के रिश्तेदार की शिकायत पर आरोपियों पर ईंट फेंकना व लाल मिर्च फेंककर मारना और हथियार नुमा नुकीली वस्तु दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। भोंडसी गोवर्धन कुंज कॉलोनी निवासी धीर सिंह पुत्र जयचंद ने सोहना सिटी थाना पुलिस को बताया कि वह अपने मामा के पास काम करता है। उसके मामा के लड़के विजय कुमार पुत्र तेजपाल तवंर ने सोहना में जमीन ली हुई है। उसके मामा के लड़के विजय कुमार और राजकुमार ने उसे सोमवार को लेबर लेकर सोहना नागरिक अस्पताल के पीछे वाले प्लाट पर चार दीवारी कराने के लिए भेजा था। उस प्लॉट पर अधिवक्ता रोहताश सैनी, पवन सैनी, ललित, कैलाश पुत्रान जगदीश, सीमा, सुनीता और रेणु सहित 10-15 अन्य महिलाओं ने उनके मजदूरों को दीवार का निर्माण कार्य करने से रोका। उनके ऊपर ईंट व लाल मिर्च सूखी फेंकी गई। मजदूरों के साथ मारपीट की। नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# विविधताओं से भरे हिंदुस्तान को एकता के सूत्र में पिरोती है हिंदी : उपायुक्त

### विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है हिंदी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि हिंदी ही है जो विविधताओं से भरे हिंदुस्तान को एकता के सूत्र में पिरोती है। देश में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 14 सितंबर 1949 को तब हुई थी जब भारत की संविधान सभा ने हिंदी को भारत की अधिकारिक भाषा या राज्य भाषा के तौर पर अपनाया था और 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि आज हिंदी पूरे विश्व में मंदारिन, इंग्लिश के बाद विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है। हिंदी विश्व के 30 से अधिक देशों में पढ़ी-पढ़ाई जाती है, लगभग 100 विश्वविद्यालयों में उसके लिए अध्यापन केंद्र खुले हुए हैं। दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में फिजी नाम का एक द्वीप देश है जहां हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है।

## स्वरोजगार के लिए योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं बीपीएल परिवार

**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए निगम के माध्यम से अनेक योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। दिव्यांगजनों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए प्रार्थियों को ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। इस ऋण से प्रार्थी अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार, को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे योग्य प्रार्थी जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय



ग्रामीण क्षेत्रों में 49 हजार रुपये से अधिक व शहरी क्षेत्रों में 60 हजार रुपये से अधिक न हो, अपना स्वयं कारोबार करने के लिए बैंकों के माध्यम से एक लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना के तहत योग्य प्रार्थी को पशु पालन, करियाना दुकान, बुटीक, ब्यूटी पार्लर, मनियारी दुकान, झोटा बुग्गी, खच्चर रेहड़ा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद आय उपार्जन योजना आदि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत ब्याज दर उपलब्ध कराया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्र के अंतर्गत डेरी यूनिट, मशरुम कल्टीवेशन, एग्रीकल्चर औजार, सेवा क्षेत्र के अंतर्गत प्रिंटिग प्रेस, बारबर शॉप, फोटाग्राफी, इलेक्ट्रिक रिपेयर शॉप, फ्लोर मिल, लघु व्यवसाय के अंतर्गत मनियारी, बुक शॉप, स्वीट, क्लाथ, रेडीमेंट गारमेंटस व कोल्ड कार्नर, ढाबा यूनिट, पान शॉप आदि के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

# तावडू सीएचसी की महिला चिकित्सक पर बुजुर्ग मरीज से दुर्व्यवहार करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक महिला चिकित्सक पर बुजुर्ग महिला मरीज के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। वहीं महिला चिकित्सक ने इन आरोपों को नकारा है।

ग्राम पंचायत सहसोला निवासी जाकिर ने बताया कि मंगलवार को उनकी 70 वर्षीय बुआ का स्वास्थ्य बिगड़ने पर वह उन्हें तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए लेकर गए थे। उन्होंने बताया कि जब वह महिला चिकित्सक के कक्ष में बुजुर्ग बुआ को लेकर अंदर दाखिल हुए तो आरोपी महिला चिकित्सक ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें कमरे से बाहर रहने को कहा। उन्होंने विरोध किया तो महिला चिकित्सक ने तैश में आकर उनका उपचार करने से मना कर दिया। जाकिर का कहना है कि वह मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत देकर

### महिला चिकित्सक ने लगाए आरोपों को नकारा

महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। आरोप है कि समुदाय विशेष से संबंध रखने के कारण महिला ने महिला चिकित्सक ने उनसे दुर्व्यवहार किया है। इस बारे में महिला चिकित्सक का कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। उन्होंने मरीज से सिर्फ मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने का आग्रह किया था।

वहीं तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र सोलंकी का कहना है कि यदि महिला चिकित्सक ने बुजुर्ग मरीज के साथ दुर्व्यवहार किया है तो ऐसा गलत है, लेकिन उन्हें इस बारे में कोई शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर वह जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दी दिवस पर स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** मलेरना स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी समर देशवाल ने करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। एकता का प्रतीक है, जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका कक्षा 8 आठवीं, द्वितीय स्थान संस्कृति कक्षा आठ से एवं तृतीय स्थान सोनी कक्षा छठी ने प्राप्त किया। संत सिंह हुड्डा ने कहा कि हिंदी भाषा अनेकता में एकता को स्थापित करने की सूत्रधार है। हिंदी हमारी शान है। देश का अभिमान है। यह मातृभूमि पर मर मिटने की भक्ति है। आज पूरा विश्व हिंदी भाषा की शक्ति को पहचान रहा है। जो प्रेम मिठास ओर अपनापन इस भाषा में है वह किसी भाषा में नहीं है। हिंदी तो अमृत घट है। विद्यालय के मुख्याध्यापक व समस्त अध्यापकों और संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी समर देशवाल, अध्यापक कृष्ण कुमार, अध्यापिका अंजू बाला, मनजीत रानी, अध्यापक संजय शर्मा, अध्यापक राकेश कुमार, लिपिक विनोद कुमार, अध्यापक संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री, सचिव देवीचरण वैष्णव, ओमदत्त शास्त्री, विशेष रूप से समाजसेवी दीपक डागर व जनहित सेवा संस्था के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

### हिन्दी भाषा संस्कारों एवम् भावों की त्रिवेणी : नरेश आकाश



**सोनीपत।** हिन्दी दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय-जाहरी में भाषण, निबन्ध एवं कहानी लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित की गई। मिडिल हैड सुरेश कुमार द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इएचएम सुरेश कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है। हमें इसके शुद्ध उच्चारण तथा लिखने में शुद्धता का ध्यान रखना चाहिए। अपनी राष्ट्र भाषा हिन्दी गर्व से बोलें, पढें और लिखें। कला विशेषज्ञ नरेश आकाश ने अपने सम्बोधन में हिन्दी भाषा को संस्कारों एवम् भावों की त्रिवेणी कहते हुए हिन्दी को विश्व की सबसे समृद्ध भाषा बताते हुए कहा दुनियां में ऐसी कोई भाषा नहीं है, जिसमें प्रत्येक विषय के लिए अलग शब्द हो, केवल हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी ही है, जिसमें व्याकरण की दृष्टि से तथा व्यवहारिक ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए शब्दों का अथाह भंडार है। कार्यवाहक मुख्याध्यापक नरेन्द्र सिंह अहलावत ने भाषण, निबन्ध एवम् कहानी लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त वाले 25 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के अध्यापक वेदपाल, अध्यापिका राजकुमारी, गुड्डी और बबीता प्राध्यापिका तन्नू सैनी, ऋतु आदि द्वारा विजयी छात्र छात्राओं को बधाई दी।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 25 को : डीसी

**नूंह।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को सायं तीन बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# पोषण माह के तहत जागरुकता स्पोर्ट डे का आयोजन

### पौष्टिक आहार का महत्व लोगों को बताया गया

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह के मार्गदर्शन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की हिदायतों के अनुसार जिला में सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत आंगनबाड़ी वर्करों व हेल्परों द्वारा केंद्रों में जागरुकता लाने के लिए अनेक गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को स्पोर्ट डे मनाकर लोगों को पोषण के बारे में जानकारी दी और पौष्टिक आहार का महत्व बताया।

सुपोषण दिवस का उद्देश्य बच्चों व महिलाओं को कुपोषण से बचाव के लिए जागरूक करना है तथा इनका सही शारीरिक व मानसिक विकास करना है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी



**महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सविता मलिक व जिला खेल अधिकारी निर्माला पोषण माह के दौरान शपथ कराती हुई।**

सविता मलिक के नेतृत्व में पोषण माह गतिविधियों आयोजित की जा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और अभिभावकों को संतुलित आहार, साफ-सफाई, सम्पूर्ण टीकाकरण, परिवार नियोजन और शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों, किशोर, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को एनिमिया और कुपोषण से बचाने के लिए अपने आहार में मौसमी, साग-सब्जी एवं खाद्यान का सेवन करना चाहिए। मोटे अनाजों जैसे रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का आदि में प्रयाप्त मात्रा में कैल्शियम, प्रॉटीन व विटामिन पाये जाते हैं।

दैनिक भोजन में सहजन, आंवला व पपीता शामिल करना अनिमिया व कुपोषण को दूर करने में सहायक है। गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं को छह माह तक के बच्चों के लिए स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। कुछ गांवों में पौधारोपण भी किया। पोषण माह के दौरान स्पोर्ट डे मनाकर लोगों को शपथ दिलाई गई।

# ढ़ीढारा में अवैध हथियारों से लेस बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

**तावडू।** ढ़ीढारा में पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों द्वारा अवैध हथियारों के बल पर एक व्यक्ति व उसके साथियों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सदर थाने में चार नामजद आरोपियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ढ़ीढारा निवासी सोनू राठी ने बताया कि सोमवार दोपहर के समय वह अपने साथियों के साथ अपनी प्लॉट में बैठा हुआ था, तभी अवैध हथियारों से लैस होकर दो कार और आठ-नौ बाइकों पर सवार ढ़ीढारा निवासी तौफिक, राहुल, वारिस, आरिफ उर्फ कीडू और 15 अज्ञात बदमाश मौके पर पहुंचे। आरोप है कि बदमाश तौफिक, राहुल वारिस और आरिफ ने आते ही अपने हाथों में ली हुई पिस्टल और देसी कट्टे से उनके ऊपर सीधी फायरिंग कर दी।

### चार नामजद सहित 15 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जिससे बचने के लिए उन्होंने इधर-उधर भाग कर मुश्किल से अपनी जान बचाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान बदमाशों ने उनकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। एक मोबाइल फोन भी मौके उठा कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक दो आरोपियों ने एक दिन पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर लाठी से हमला किया था। उन्होंने बताया आरोपियों से आठ माह पहले पैसे के लेन-देन के बारे में झगड़ा हो हुआ था, जिसका बिरादरी स्तर पर फैसला भी हो गया था। मामले में पीड़ित सोनू राठी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कोटा खंडेवला से 12 गाय चोरी, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव कोटा खंडेवला से एक गोपालक की 12 गाय चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित गोपालक की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जोलाका थाना सोहना निवासी रामपाल ने बताया कि लगभग दो महीने से वह वह अपनी गायों को लेकर कोटा खंडेवला गांव में रह रहा था। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त की रात को उसकी 12 गाय चोरी हो गई। एक व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि चाहल्का निवासी तारीफ, ताहिर, अफरोज, कली और अर्गद ने उनकी गायों को चुराया है। सूचना के बाद वह चाहल्का गांव में आरोपी चोरों के घर पहुंचे तो मौके पर दो गाय बंधी हुई मिली, 10 गायें गायब थीं। उन्होंने अपनी गायों को वापस देने की मांग की तो आरोपियों ने दो गाय देने की बात कही, लेकिन 10 अन्य गायों को देने से मना कर दिया। वह अब तक पंचायत स्तर पर समाधान करने की कोशिश कर रहे थे।

# बाइक लूटकर जा रहे बदमाश को लोगों ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**जगजीवन** राम चौक के निकट एक दुकानदार से बाइक लूटकर जा रहे एक बदमाश को लोगों ने पकडकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पकडे गए बदमाश से अन्य लूटपाट की वारदातों का खुलासा करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डालचंद बिंदल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपनी दुकान से सोमवार सांय बाइक लेकर बस अड्डे की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह चौक से थोडी आगे पहुंचे तो एक बदमाश ने उनकी बाइक रोककर उनसे बाइक लूटने का प्रयास किया। डालचंद बिन्दल के विरोध करने पर आसपास के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों ने बदमाश को मौके पर ही दबोच लिया। लोगों ने दबोचे गए बदमाश को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

# जमीन विवाद में कमेटी आज विधायक से मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के वार्ड-19 में उपजे जमीनी विवाद को लेकर शहरवासियों की हुई बैठक में फैसला लिया गया कि 31 सदस्यों की कमेटी बुधवार को सोहना विधायक संजय सिंह से मुलाकात करेगी।

मंगलवार सायं चार बजे शहर की अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में करीब एक घंटे चली बैठक में शहर निवासी जगदीश सैनी ने पूर्व विधायक तेजपाल के दो बेटों समेत करीब 80 आरोपियों पर जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। जगदीश सैनी ने महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक कनाल 10 मरले जमीन पर चार दीवारी करने का आरोप लगाया है।



**सोहना में मंगलवार को शहरवासियों की जमीन विवाद में हुई बैठक।**

जगदीश सैनी ने शहरवासियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। वक्ताओं ने जगदीश सैनी की मांग को सुनने के बाद शहर में दबंगता से जमीन पर कब्जा करने की घोर निन्दा की।

**दोनों पक्ष की शिकायत पर मामले दर्ज :** सोहना सिटी थाना पुलिस ने दोनों गुटों की तरफ से दी गई शिकायतों के आधार पर करीब 115 आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत होंगे कई कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 29 सितम्बर से दो अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें कचरा अलग करो अमृत महोत्सव, सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी अमृत उत्सव, कचरा प्रबंधन से जुड़े लोगों का अभिनंदन, कचरे से कला प्रदर्शनियां एवं बर्तन भंडार तथा सफाई मित्र अमृत सम्मान समारोह शामिल हैं। निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव हमारी आजादी के 75 वर्ष और इन वर्षों में भारत की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इसके तहत केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 26 सितम्बर से 2 अक्तुबर तक विषयगत गतिविधियां आयोजित करने बारे निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी ईवेंट कलेंडर के तहत 29 सितम्बर को कचरा अलग करो अमृत दिवस मनाया जाएगा। इसी प्रकार 30 सितम्बर को सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी अमृत उत्सव व एक अक्टूबर को कचरा प्रबंधन से जुड़े लोगों का सम्मान, कचरे से बनी कला प्रदर्शनियां एवं बर्तन भंडार से संबंधित गतिविधियां शामिल हैं।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Seema Sabharwal D/o Late Pritam Lal Gandhi R/o 3D-52A, BP NIT Faridabad have changed my name to Seema Gandhi.

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, बिशन सिंह पुत्र सरूप सिंह निवासी गांव कुरलन तह. असन्ध जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पौत्र धन सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं अपने पौत्र धन सिंह को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे पौत्र धन सिंह से लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं, वेद प्रकाश पुत्र श्री सुखराम निवासी गांव धतीर जिला पलवल हाल निवासी पंचवटी कॉलोनी का स्थाई निवासी हूं। मेरा पुत्र विनोद कुमार जो भी शादीशुदा है। और अपने बच्चों के साथ मुझे करीब तीन-चार से अलग रहता आ रहा हैं। आए दिन मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। बुरी संगति में उठता बैठता है। अब उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे परिवार से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहेगा। किसी से भी उसका लड़ाई झगड़ा लेन-देन हो उसकी हमारे परिवार के सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं हैं।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए उपमण्डल अधिकारी और नपा प्रशासन से मांग की

ललित गर्ग। पुन्हाना

**शहर** में बढ़ती गंदगी और नालियों में जमा कीचड़ के कारण आये दिन हो रही समस्या को देखते हुए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक जुबेर खान पार्षद ने वार्डो का निरीक्षण किया। बढ़ती गंदगी देखते हुए उन्होंने नपा प्रशासन से चरमराई सफाई व्यवस्था की शिकायत की, वहीं सफाई ठेकेदार व सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर मौका दिखाकर तुरन्त प्रभाव से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही पार्षद जुबेर खान ने उपमण्डल अधिकारी पुन्हाना से शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग करते हुए नगरपालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की भी अपील की। जिस पर उपमण्डल अधिकारी ने जल्द ही टेंडर लगवाकर कर्मचारी बढ़ाये जाने का आश्वासन दिया।



**सफाई ठेकेदार सड़क पर जमा कीचड़ को दिखाते हुए पार्षद।**

पार्षद जुबेर खान ने बताया कि वे पिछले कई माह से शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए प्रयासरत है। बीते दिनों बरसात के कारण शहर के मुख्य मार्ग जमालगढ़ रोड, आर्य समाज मन्दिर मार्ग, पुराना थाना रोड, सब्जी मंडी, श्री राम मार्केट आदि में जलभराव हो गया। शहर में पानी निकासी का स्थायी प्रबंध नहीं होना इस जलभराव का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि ऐसे में आये दिन शहर के लोगों की शिकायतें सामने आ रही हैं वार्ड और मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। नालियां साफ नहीं की जा रही हैं तो कूड़े के ढेर गलियों में लगे हुए हैं। जिसके कारण नालियों का कीचड़ सड़कों पर उफान मार रहा है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को उन्होंने मशीन चौक व आर्य समाज मन्दिर मार्ग की नालियों व सड़क की हालत देखी, जिस पर तुरन्त नपा द्वारा नियुक्त सफाई ठेकेदार व सफाई कर्मचारी को बुलवाकर तुरन्त प्रभाव से सफाई कराने के निर्देश दिए। जुबेर खान ने बताया कि उन्होंने शहर की गंदगी की समस्या के बारे में नगरपालिका सचिव के अलावा उपमण्डल अधिकारी को अवगत कराकर शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# जन सहायक हेल्प मी एप से घर से ही उठाएं सरकारी सेवाओं का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**प्रदेश** सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाएं और सूचनाएं अब एक ही एप के माध्यम से मोबाइल फोन पर ही प्राप्त की जा सकती हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन सहायक हेल्प मी एप शुरू की जा चुकी है।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि आमजन के लिए सुविधाएं घर पर ही एप के माध्यम से उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए जिलावासी गूगल प्ले स्टोर से जनसहायक एप डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से आम नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं और सूचनाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध होंगी। एप का इस्तेमाल करने के लिए मोबाइल नंबर या परिवार पहचान पत्र के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिकों को विभाग अनुसार एवं सरल पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी जन सहायक एप पर मिलेगी।

### लगभग सभी सरकारी सेवाएं व सूचनाएं एप पर उपलब्ध

उन्होंने बताया कि 112 आपातकालीन सेवाएं, 100 पुलिस, 108 एंबुलेंस, 101 अग्निशमन, 104 स्वास्थ्य, 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 बाल हेल्पलाइन, 1075 कोविड-19 हेल्पलाइन सहित अन्य सेवाओं के रूप में निविदाएं, बिल भुगतान, यात्रा, नौकरियां, खेल, आधारभूत संरचना व कौशल विकास और सरल सेवाएं, विभागवार सेवाएं, यूजर्स सेवाएं व जन शिकायत एवं आरटीआई आदि सेवाएं व सूचनाएं जन सहायक एप पर उपलब्ध हैं। साथ ही एप पर नवीनतम समाचार, कैलेंडर एवं कार्यक्रम, सरकारी की नवीनतम उपलब्धियां और घोषणाओं सहित सरकारी दूरभाष निर्देशिका भी मौजूद है जिसका प्रयोग लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से उठा सकते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## नीट परीक्षा

### केंद्र व राज्यों में मतभेद

**वर्तमान** स्वरूप में नीट परीक्षाओं से केन्द्र तथा अनेक राज्यों के बीच मतभेद पैदा हो रहे हैं। तमिलनाडु राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-नीट से स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से मुक्ति चाहता है क्योंकि ये अमीर व विशिष्ट छात्रों के पक्ष में हैं। द्रमुक सरकार ने सोमवार को विधानसभा में नीट 'समाप्त' करने का एक विधेयक भी पेश किया। इसका कारण रविवार को नीट परीक्षा से पहले एक खेतिहर मजदूर के बेटे की आत्महत्या से राज्य में मचा राजनीतिक तूफान है। आत्महत्या का कारण यह था कि वह बच्चा अतीत में नीट में दो बार फेल हो चुका था और तीसरी बार फेल होने से डर रहा था। 2017 में भी यह कुछ राज्यों में आत्महत्या का कारण बनी थी जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था, हालांकि इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ नहीं किया गया। अनुसूचित जाति के एक श्रमिक की लड़की ने भी आत्महत्या कर ली थी क्योंकि उसे सीबीएसई-आधारित नीट परीक्षा में 720 अंकों में केवल 86 नंबर मिले थे, जबकि वह राज्य बोर्ड की परीक्षा में 1200 नंबरों में से 1176 नंबर प्राप्त कर पास हुई थी। उस साल कटआफको देखते हुए उसे अपने कक्षा 12 के नंबरों के आधार पर प्रवेश मिल सकता था। उसने एक याचिकाकर्ता के रूप में नीट को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। छात्रों के लिए आघात का कारण बनने वाली किसी परीक्षा का कोई अर्थ नहीं है। इस भेदभाव के कारण परीक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए। मुद्दे समझना कठिन नहीं है। अन्य सभी राज्यों की तरह तमिलनाडु में भी राज्य बोर्ड तथा



सीबीएसई पाठ्यक्रम में संगति नहीं है। इसलिए सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित नीट परीक्षा राज्य बोर्ड छात्रों के लिए कठिन लगती है।

संयोग से इंजीनियरिंग सीटों के लिए जेईई मेन्स भी सीबीएसई आधारित है, लेकिन विवाद केवल नीट पर होता है। बहुसंख्य छात्र गैर-सीबीएसई धारा के होते हैं। निजी ट्यूशनों का लाभ न ले पाने वाले गरीब छात्रों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियों ने जोर दिया है कि प्रवेश राज्यों पर छोड़े जाने चाहिए, लेकिन केन्द्र एक केन्द्रीकृत प्रक्रिया पर जोर दे रहा है। न्यायपालिका ने भी नीट का समर्थन किया है। केन्द्र या राज्यों द्वारा मध्यम मार्ग अपनाने से इनकार करने के कारण यह मुद्दा राजनीतिक हो गया है। इस प्रकार मूलतः पाठ्यक्रम से संबंधित मुद्दा गरीबों और अमीरों के बीच संघर्ष का विषय बन गया है। कुछ राजनेता बाहरी-भीतरी का मामला उठा कर तर्क दे रहे हैं कि नीट परीक्षा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि यह स्थानीय छात्रों के बजाय सीबीएसई छात्रों के पक्ष में है जो तमिलनाडु से बाहर के हो सकते हैं। पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार कर इन ध्रुवीकरण वाले तर्कों को समय रहते ही कुचल देना चाहिए। संशोधित नीट परीक्षा में किसी पृष्ठभूमि वाले छात्रों से भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सीबीएसई व राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम में संतुलन बना कर कक्षा 12 में मिले नंबरों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अतः केन्द्र व राज्यों के साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद को भी एकसाथ आकर पाठ्यक्रम तय करना चाहिए। राज्य बोर्डों के छात्रों को समय रहते संशोधित पाठ्यक्रम के माध्यम से समायोजित करने का दूसरा कदम उठाया जाना चाहिए। इस प्रकार नीट को अस्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था के अभाव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्व ही समाप्त हो जाता है।

# दूरसंचार क्षेत्र में परस्पर विरोधी नीतियां

## असली समस्या उन नीतियों व विनियामक परिवेश के कारण है जिसमें एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया जाता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



टेलीकाम आपरेटरों में एयरटेल, वोडाफोन आइडिया या वाई तथा रिलायंस जियो शामिल हैं जिन्होंने केंद्र के समक्ष अपनी मांगे रखी हैं। उनका संबंध मुख्यतः लाइसेंस फीस से है। उन्होंने लाइसेंस फीस एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू-एजीआर के तीन प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने, युनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड-यूएसओएफ में योगदान एजीआर के पांच प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने तथा स्पेक्ट्रम यूज़र चार्जेज़-एसयूसी को 3-6 प्रतिशत के बजाय समान रूप से सभी आपरेटरों के लिए तीन प्रतिशत रखने की मांग की है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपरेटर ने संबंधित बैंडों में कितना स्पेक्ट्रम प्राप्त किया है। आपरेटरों के लिए स्पेक्ट्रम पट्टे की अवधि 20 साल से बढ़ा कर 40 साल करने की मांग भी है। वे दो साल के बजाय भुगतान के लिए 7-10 साल की सीमा चाहते हैं। उनकी मांग है कि सभ्जी बकाया भुगतान दायित्वों पर ब्याज दरें घटाई जाएं, एजीआर बकाया को 9-10 प्रतिशत के बजाय चार प्रतिशत या उससे कम किया जाए, केवल टेलीकाम राजस्व का आंकलन लाइसेंस फीस व एसयूसी के लिए किया जाए तथा टैरिफ व फाइनेंसियल एंड पर्फामेंस बैंक गारंटियों-बीजी के आधार मूल्य पर भारतीय दूरसंचार नियामक अधिकरण-ट्राई से विचार विमर्श की प्रक्रिया जल्दी पूरी की जाए।

बताया जाता है कि सरकार ने भविष्य में एसयूसी प्रतिशत घटाने, भुगतान के लिए दो साल की अतिरिक्त सीमा देने, एजीआर गणना को केवल टेलीकाम राजस्व तक सीमित करने तथा एजीआर बकाये व डेफर्ड स्पेक्ट्रम भुगतानों-डीएसपी पर बीजी घटाने पर सहमति प्रकट की है। इसके साथ ही उसने 'चार साल बाद वीआई बकायों के एक हिस्से को शेयरों में बदलने' का विकल्प भी दिया है। इन रियायतों से आपरेटरों तक नकदी प्रवाह की स्थिति सुधर जाएगी, हालांकि लेवी के संबंध में ज्यादा मांगें मानने का मजबूत तर्क बना हुआ है। वर्तमान परिवेश में आपरेटर स्पेक्ट्रम खरीद रहे हैं, जबकि पहले यह लाइसेंस से बंधा होता था। ऐसे में लाइसेंस फीस व एसयूसी एकत्र करने का कोई औचित्य नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीण ढांचागत संरचना निर्माण के लिए यूएसओफलेवी जारी रखने का उचित कारण नहीं है क्योंकि इस मद में प्राप्त पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ है। हालांकि, लेवी में भारी कमी के बावजूद एक बड़े आपरेटर को वर्तमान समय में जारी वित्तीय विभीषिका से बचाना आसान नहीं होगा। इसके पीछे असली समस्या उन नीतियों व नियामक परिवेश के कारण है जिसने एक उद्यम का पक्ष लेकर दूसरों पर निशाना लगाया है। नीतियों के मोर्चे पर जहां दूसरे आपरेटरों को लाइसेंस व स्पेक्ट्रम प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक भुगतान करना पड़ा, वहीं यह आरजियो को बहुत कम पैसे में मिल गया। उसने एक अनजान उद्यम इन्फोटेल ब्राडबैंड सर्विसेज़ प्रा. लि.-आईबीएसपीएल से 2010 में लाइसेंस प्राप्त कर इंटरनेट सेवा प्रदाता-आईएसपी का दर्जा प्राप्त कर लिया था। इस कारण उसे 12,837 करोड़ रुपये का भुगतान कर अखिल भारतीय ब्राडबैंड वायरलेस स्पेक्ट्रम-बीडब्लूए प्राप्त कर लिया था। इसे केवल 1,658 करोड़ रुपये का भुगतान कर वायस सेवायें प्रदान करने के लिए एक यूनीफाइड लाइसेंस-यूएल में बदल दिया गया, जबकि टेलीकाम कंपनियां यह भुगतान 2001 में करती थीं।

नियामक मोर्चे पर भी ट्राई ने लीक से हट कर आरजियो का पक्ष लिया। सितंबर, 2016 में आरजियो ने 'बहुत कम' कीमत पर बाजार में 'मुफ्त' व 'असीमित' वायस काल तथा कम कीमत पर डेटा देने का प्रस्ताव किया। इस कारण बाकी टेलीकाम आपरेटरों को आरजियो का मुकाबला करने के लिए अपनी दरों में भारी कमी के लिए मजबूर होना पड़ा। इस परिवर्तन के बाद भारत में डेटा एक डालर प्रति जीबी से भी कम हो गया, जबकि ग्राहकों को इसके लिए जापान में 30 डालर, कोरिया में 18 डालर, ब्रिटेन में 15 डालर तथा अमेरिका में 10 डालर देने पड़ते थे। फरवरी, 2018 में ट्राई ने टेलीकाम टैरिफ आर्डर-टीटीओ में परिवर्तन कर किसी फर्म को प्रीडेटर या हानिकारक घोषित कर दिया यदि वह औसत परिवर्तनीय लागत-एवीसी से कम पर सेवायें देती तथा उसके पास बाजार का 30 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा होता। 2017-18 में जहां सभी दूसरी फर्में एवीसी के नीचे बिक्री कर रही थीं तथा आधिकारिक फर्मों के पास बाजार का हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, हालांकि आरजियो का हिस्सा 30 प्रतिशत से कम था। नियामक की नजर में बाद वाली के बजाय पहले वाली कंपनियां प्रीडेटर थीं। संशोधित आदेश के 'एकपक्षीय' व 'भेदभावपूर्ण' होने के कारण इसे टेलीकाम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट अपीलेट ट्राइब्यूनल-टीडीसैट ने खारिज कर दिया। लेकिन 13 दिसंबर, 2018 को टीडीसैट का फैसला आने तक नुकसान हो चुका था। इसके कारण आरजियो के आने से पहले जो आधिकारिक फर्में मुनाफा कमा रही थीं, उनको नुकसान होने लगा। अनेक आपरेटरों ने अपनी कंपनियां बंद कर दीं, जबकि दूसरों को अन्य कंपनियों ने खरीद लिया। आज आरजियो को मिला कर केवल तीन निजी आपरेटर बचे हैं जिनमें वीआई व एयरटेल शामिल हैं, जबकि 2016 के पहले इनकी संख्या एक दर्जन से अधिक थी। सभी तीन आपरेटरों ने दिसंबर, 2019 में अपनी दरों में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि कर दी। हालांकि, इसके बावजूद डेटा की कीमत बहुत कम, केवल 2 डालर प्रति जीबी बनी हुई थी।

एयरटेल के साथ वीआई को हाशिये पर धकेलने में अक्टूबर, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भूमिका निभाई जिसने उनको 'बकाया' लाइसेंस फीस व एसयूसी भुगतान का आदेश दिया। 'बकाये' का कारण दूरसंचार विभाग-डीओटी का दृष्टिकोण था जिसके आधार पर लेवी, दूरसंचार सेवा राजस्व व एजीआर का निर्णय किया जाता था। इसे भी गैर-दूरसंचार सेवाओं, जैसे स्थाई संपत्तियों की बिक्री, डिविडेंट, ब्याज, आदि की तरह राजस्व माना जाता था। यह मांग एक दशक से अधिक समय से जारी बकाया की थी। इसका कारण दूरसंचार व गैर-दूरसंचार राजस्व के आधार पर निर्धारित धनराशि तथा आपरेटरों द्वारा भुगतान की गई धनराशि के बीच अंतर था। इसके साथ ही बकाया धनराशि पर ब्याज व जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज की धनराशि वीआई पर 58,000 करोड़ तथा एयरटेल पर 36,000 करोड़ थी। इसके कारण वीआई व एयरटेल को भारी धक्का लगा, जबकि आरजियो पर इसका प्रभाव नगण्य, केवल 13 करोड़ था। हालांकि, एयरटेल किसी तरह इस मुसीबत से निकल सकी जिसमें दिसंबर, 2019 में दरें बढ़ाने का भी कुछ योगदान था, लेकिन वीआई एजीआर व डीएसपी दायित्वों के कुल 1,60,000 करोड़ होने के कारण संकट में घिरी है। सरकार द्वारा दी गई रियायतों के बावजूद वीआई इस संकट से उबरने में भारी कठिनाई का अनुभव कर रही है।

इस संकट के कारण कंपनी बंद हो जाएगी। इस प्रकार 1.35 बिलियन जनसंख्या के लिए केवल दो आपरेटर बचेंगे। वैश्विक अनुभव से स्पष्ट है कि कम आपरेटरों वाले बाजार में दरें ऊंची होती हैं। इस प्रकार केवल दो कंपनियां होने पर दरों में भारी वृद्धि का जोखिम बना हुआ है। इससे बचने का रास्ता वीआई को एक विशेष पैकेज देना है ताकि वह अपने बकाये का एक हिस्सा शेयरों में बदल सके। लेकिन यह कदम 'फौरन' उठाया जाना चाहिए और इसके लिए चार साल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए जिसका सुझाव दूरसंचार विभाग ने दिया है। लगभग 235 मिलियन ग्राहकों की विशाल संख्या, व्यापक नेटवर्क तथा परिसंपत्तियों की गुणवत्ता व दूरसंचार सेवाओं में प्रगति की संभावनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार को वीआई के ज्यादातर शेयर खरीद कर इस पर बकाये को देखते हुए नियंत्रण स्थापित करना चाहिए।

लेकिन इसे एकमात्र अवसर की तरह देखना चाहिए। सक्षम व मुनाफे वाली कंपनियों के लिए उनको नौकरशाही से सुरक्षित रखना होगा। इसके साथ ही ट्राई को दरों की 'आधारभूत कीमत' पर अपनी संस्तुतियां फौरन पेश करनी चाहिए तथा उनको लागू करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के नाम पर कंपनियों को बरबाद करने की घटना दुहराई नहीं जाएगी।

# स्कोलियोसिस : एक महामारीजनित व्याधि

> डुलॉकडाउन के दौरान लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना पैदा हो जाती है।

**परिधि ओझा**
(लेखिका एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं)




पीठ दर्द वयस्कों में परेशानी का एक प्रसिद्ध स्रोत है, लेकिन इसका निदान बच्चों और किशोरों में अधिक बार किया जा रहा है। अधिकांश माता-पिता यह उम्मीद नहीं करते हैं कि स्वस्थ बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करेंगे-एक समस्या जो आमतौर पर मध्यम आयु या बाद में जुड़ी होती है। हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि पीठ दर्द 14 प्रतिशत से 24 प्रतिशत बच्चों और किशोरों में होता है।

महामारी के कारण ऑनलाइन सीखने के कारण कंप्यूटर के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव और शरीर में मस्कुलोस्केलेटल परिवर्तन होने की संभावना है। बच्चों में पीठ दर्द के सामान्य होने के कुछ कारणों में शरीर का औसत वजन, मोटापा, तीव्र लेकिन कम खेल गतिविधियां, और महत्वपूर्ण रूप से, स्क्रीन के समय में वृद्धि शामिल है।

पीठ की समस्याओं की गंभीरता का निर्धारण करना एक चुनौती बनी हुई है, विशेष रूप से क्या दर्द के लिए चिकित्सा की आवश्यकता है या यह सिर्फ एक साधारण तनाव है, और यह जानना कि महंगे विशेष इमेजिंग परीक्षण कब मददगार हो सकते हैं। किशोरों में पीठ दर्द की समस्या अधिक गंभीर हो सकती है या नहीं, यह समझने में सहायता करने के लिए चेतावनी के संकेत हैं। जबकि खराब मुद्रा या मांसपेशियों में खिंचाव लंबे समय तक दर्द का कारण बन सकता है, सबसे सरल स्तर पर, यदि कोई दर्द कुछ दिनों से अधिक समय तक रहता है या उत्तरोत्तर खराब हो जाता है, तो चिकित्सकीय परामर्श लेना अनिवार्य है।

स्कोलियोसिस रीढ़ की हड्डी (रीढ़) की विकृति है। स्कोलियोसिस एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहां रीढ़ की हड्डी में एक तरफ वक्र होता है, और रीढ़



की हड्डी का वक्र 10 डिग्री या उससे अधिक मापता है। पीछे से देखने पर एक सामान्य रीढ़ सीधी दिखाई देती है। लेकिन स्कोलियोसिस वाले बच्चे की रीढ़ की हड्डी स या ष्ट आकार की होती है। इस प्रकार बच्चा ऐसा लग सकता है कि वह एक तरफ झुक रहा है। वक्र रीढ़ की दाईं या बाईं ओर हो सकता है। या यह दोनों तरफ अलग-अलग वर्गों में हो सकता है। मध्य (वक्ष) और निचली (काठ) रीढ़ दोनों प्रभावित हो सकते हैं। स्कोलियोसिस में आमतौर पर कोई दर्द नहीं होता है, इसलिए लक्षण अक्सर किसी का ध्यान नहीं जा सकते हैं। माता-पिता या देखभाल करने वालों को अपने बच्चे में निम्नलिखित लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए- असमान कंधे, एक तरफ लगातार झुकना, असमान पैर की लंबाई, प्रमुख कंधे के ब्लेड, एक असमान कमर, या ऊंचे कूल्हे। पीठ दर्द वाले अधिकांश बच्चों में ऐसे लक्षण होते हैं जो बिना किसी संरचनात्मक असामान्यता के मांसपेशियों या लिगामेंट की चोट के परिणामस्वरूप होते हैं। अधिक गंभीर समस्याओं पर ध्यान देने के लिए पीठ दर्द की चेतावनी के कुछ संकेतों में शामिल हैं- रात में दर्द (विशेषकर दर्द जो आपके बच्चे को नींद से जगाता है), सामान्य बीमारी के लक्षण (बुखार, ठंड लगना, अस्वस्थता, वजन कम होना), कई हफ्तों से अधिक समय तक बने रहने वाले लक्षण, बहुत छोटे बच्चों में लक्षण, पैर में दर्द, सुन्नता या कमजोरी। ये चेतावनी संकेत जरूरी नहीं कि एक गंभीर समस्या का संकेत देते हैं, हालांकि, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या अधिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए, वे एक अच्छा स्क्रीनिंग टेस्ट हैं। उदाहरण के लिए, मांसपेशियों में पीठ दर्द महीनों तक बना रह सकता है।

बच्चों और किशोरों में पीठ दर्द असामान्य नहीं है और समय के साथ यह आम होता जा रहा है। इसका एक हिस्सा बच्चों की गतिविधियों में बदलाव के कारण होता है, और एक हिस्सा बच्चों की कंडीशनिंग में बदलाव के कारण होता है। यदि आपका बच्चा पीठ दर्द का अनुभव कर रहा है, खासकर यदि यह उल्लिखित चेतावनी संकेतों से जुड़ा है, तो उसे भौतिक चिकित्सक द्वारा देखा जाना उचित है। उचित उपचार शुरू करना, और लक्षणों में सुधार सुनिश्चित करना, यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि समस्याएं पुरानी न हों।

यहां पर बच्चों और माता-पिता के लिए अच्छी खबर यह है कि पीठ दर्द की शिकायत वाले अधिकांश बच्चों को राहत मिलती है जो कि स्थायी प्रकृति की होती है। जबकि पीठ दर्द खेल और दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में समस्या का कारण बन सकता है, उचित उपचार के साथ, ये बच्चे लगभग हमेशा पूर्ण गतिशीलता और बेचैनी की समाप्ति पर लौट आते हैं।

## आप की बात

### ऐसी पढ़ाई से क्या लाभ

**आखिर** विश्व जनमत के सामने झुकते हुए आंखें तालिबान ने लड़कियों को पाबंदियों के साथ पढ़ाई करने की इजाजत दे दी है मगर उसमें भी कई पाबंदियां भी लगाई हैं। लड़का एवं लड़की एक साथ बैठकर नहीं पढ़ सकेंगे। लड़कियों के लिए पूर्व की भांति इस्लामी पोशाक पहनना अनिवार्य होगा, अर्थात उनका पूरा शरीर ढका होना चाहिए। लड़कियों के लिए लड़की ही टीचर रहेगी। इस प्रकार तालिबान शासन ने इतने अधिक प्रतिबंध लगाए हैं कि लड़कियां स्वयं घबरा कर पढ़ना छोड़ दें। मान लो सब प्रतिबंध झेलते हुए लड़की पढ़ भी ले तो उसे नौकरी करने का अधिकार भी नहीं दिया गया है। आखिर इन परिस्थितियों में वह अपने परिवार का पालन पोषण किस तरह से करेगी। जहां लड़की बिना पुरुष की मदद के घर से बाहर नहीं निकल सकती वहां इस पढ़ाई करने से भी क्या फायदा होगा। दूसरी बात यह है कि महिलाओं एवं पुरुषों को शरीयत के कानून में बंध कर ही रहना होगा। ऐसे में किस तरह नारी जाति को सम्मान पूर्वक जीवन मिल सकेगा? हमें तो इस बात में संदेह है नौकरी करना तो बेचारी की किस्मत में लिखा ही नहीं है तब उसके दाल रोटी की चिंता कौन करेगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### भ्रष्टाचार क्यों ?

**कभी-कभी** ओहदा अहंकार को और अहंकार मनमानी को जन्म देता है। सरकार द्वारा खोले गए दफ्तरों का काम लोगो की सहायता करना है, लेकिन जब कुछ कर्मचारी रिश्वतखोर बनके असहाय लोगो की मजबूरी का फायदा उठाते है तो यह मानवता का हनन होता है। देशभर में कई सरकारी दफ्तर है, जो विभिन्न छेत्रो में लोगों के लिए काम करती है, इन दफ्तरों में कर्मचारियों का धर्म और कर्म लोगो की सेवा करना होता है, फिर, क्यो कुछ कर्मचारी सहायक न बनके भ्रष्टाचार के मुरीद बन जाते हैं? भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक के अनुसार, भारत 180 देशों में 86वें स्थान पर है, जिसमें कुछ कार्यालय भ्रष्टाचार करने में उच्च दर साझा करते हैं। दरअसल, सरकार द्वारा स्थापित किए गए कुछ दफ्तारो में कहीं न कहीं, कोई न कोई भ्रष्टाचार की लपटो से ??अछूता नहीं होता है; दफ्तरों व विभिन्न कार्यालयो में कुछ कर्मचारी ऊपरी कमाई का इंतजार एतबार से करते है। अब अगर सरकार लोगो का हित समझती है तो उन्हें इस स्थिति से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे क्योकि अगर इस स्थिति पर अभी कुछ न करा गया, तो वह दिन दूर नहीं जब देश में भ्रष्टाचार की जडे मजबूत होंगी।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा


### शर्मनाक घटना

**यह** पत्र 'निर्भया कांड की पुनरावृत्ति' के संदर्भ मे है। क्या दिल्ली की निर्भया बलात्कार के बाद इस तरह के मामले बंद हो गये, बिल्कुल नहीं, यह तो मीडिया का शुक्र है कि समय समय पर वह ऐसे मामले उजागर करके लोगों को सच्चाई से अवगत करता रहता है। वरना समाज मे कोई भी बदलाव नहीं आया है और यह शर्मनाक ही है की मृत्युदंड की सजा भी अगर कड़ी चेतावनी का काम नहीं कर रही है और लोग अभी भी निर्भीक हो कर ऐसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो भगवान ही कुछ कर सकता है। मुंबई जो की ऐसे शहर के रूप मे जाना जाता है जहां महिलाएं निडर होकर रात को भी घर से बाहर निकल सकती हैं वहां अगर ऐसी घटना होती है तो निश्चित रूप से शर्मनाक बात है। मुंबई उच्च न्यायालय के नागपुर पीठ के फैसले केवल एक गलत संदेश भेजते हैं की वह कैसे दंड से बच सकते हैं. महिलाओं से कोई भी अभद्रता बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए, अगर हम समाज मे अपनी महिलाओं को आदर और सम्मान नही दे सकते तो हमें एक विकसित देश बनने का सपना देखने का कोई हक नहीं है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जब** हम पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में आगे बढ़ते हैं तो हमें ईडी की नोटिस मिलती है। भाजपा की यह कारगुजारियां सफल नहीं होंगी।

– **अरविंद केजरीवाल**
आम आदमी पार्टी प्रमुख



**अफगान** नेतृत्व तालिबानियों का मुकाबला करने तथा जो शांतिपूर्ण समाधान अफगानी चाहते थे उसे हासिल करने में विफल रहा।

– **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो महासचिव



**मैं** मायूस नहीं हूं। मैं 18 साल की उम्र से भाजपा में काम कर रहा हूं, और चाहे मुझे कोई पद मिले या न मिले, मैं काम करता रहूंगा।

– **नितिन पटेल**
गुजरात भाजपा विधायक

सरकारी गेहूं में परखी मारकर चोरी मामला

# जांच रिपोर्ट में मिलीभगत की आंशका

## खाद्य आपूर्ति विभाग के गोदाम में रखे गेहूं के कट्टों से की गई थी चोरी

### विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत निकलकर सामने आई है

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

करनाल। असंध-सालवन रोड स्थित खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा गोदाम में रखी सरकारी गेहूं के कट्टों में परखी मारकर गेहूं चोरी किए जाने वाले मामले में एडीसी योगेश कुमार ने जांच रिपोर्ट डीसी निशांत यादव को सौंप दी है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो जांच रिपोर्ट में भारी अनिमितताएं के साथ-साथ विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत भी निकलकर सामने आई है।

जांच रिपोर्ट डीसी को सौंपी जा चुकी है, लेकिन जिला सचिवालय के समक्ष किसान आंदोलन होने के चलते कार्रवाई की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। अब जबकि किसान आंदोलन के ज्वलंत मुद्दे को डॉ. निशांत यादव द्वारा सकारात्मक माहौल में सुलझा लेने के बाद गेहूं में परखी मारकर सरकार को नुकसान पहुंचाने में शामिल लोगों के खिलाफ देर-सवेर कार्रवाई होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि विस्तृत रिपोर्ट में क्या-क्या अनिमितताएं पाई गई हैं, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। जांच रिपोर्ट के जो पहलू निकलकर सामने आए हैं, उनमें गेहूं में परखी मारने के कार्य में अधिकारियों की मिलीभगत पाई गई है।

### गेहूं में परखी मारने का वीडियो-फोटो वायरल

काबिलेगौर है कि अगस्त माह में असंध-सालवन रोड स्थित एक गोदाम में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा सरकारी गेहूं का स्टॉक रखा है।

उस स्टॉक के कट्टों में परखी मारने का वीडियो और फोटो वायरल हुए थे। गोदाम में ठेकेदार गुलाबप्रीत, एएफएसओ निर्दोष डांगी आमने-सामने हो गए। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। आरोप लगा था कि इंसपेक्टर योगेश कुंडु, एएफएसओ निर्दोष डांगी लेबर गेहूं के कट्टों में परखी मार रहे हैं, जो वीडियो में कैद हो गया था।


गेहूं में परखी प्रकरण: एडीसी ने जांच के दायरे में ली ठेकेदार सहित लेबर
जांच में नहीं आए शिकायतकर्ता, एएफएसओ-इंसपेक्टर के बयान दर्ज

समाचार पत्र में प्रकाशित खबर।

### इस मामले में सजा मिली तो.. अन्य इंसपेक्टरों पर पड़ेगा दवाब

हालांकि देखने में ये एक मामला है, लेकिन अगर इस मामले में आरोपित अधिकारियों व अन्यों पर कार्रवाई हुई तो अन्य इंसपेक्टरों पर भी भारी दवाब पड़ेगा। चूंकि परखी मारकर गेहूं चोरी कर, फिर उसे भिगोकर तोल पूरा करने का खेल कई अन्य इंसपेक्टरों द्वारा खेला जा रहा है। सरकार की सख्त कार्रवाई से सरकार को नुकसान पहुंचाकर, गरीबों को बीमारी की गर्त में धकेलने वाले इंसपेक्टरों पर कार्रवाई का डर बना रहेगा। वे नियमों के खिलाफ जाकर काम करने से पीछे हटेंगे।

### हर गोदाम में लगे हों सीसीटीवी

सरकार-प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहा है, बावजूद विभाग के कई इंसपेक्टर सरकार को चूना लगाने में किसी न किसी तरह सफल हो जाते हैं। गरीबों को सरकार की योजना अनुसार क्वालिटी युक्त गेहूं खाने को मिले, इसे देखते हुए सरकार द्वारा सभी गोदामों में जहां पर गेहूं का स्टॉक रखा जाना हो, वहां पर सीसीटीवी की व्यवस्था अनिवार्य तौर पर करनी चाहिए। अगर कोई भी गेहूं के स्टॉक के साथ गड़बड़ी का प्रयास करेगा तो सीसीटीवी की मदद से पकड़ में आ जाएगा।

"डीसी डॉ. निशांत यादव ने बताया कि उन्होंने अभी रिपोर्ट चेक नहीं की है, रिपोर्ट देखने के बाद इस बारे में कुछ बताया जा सकता है।

एडीसी योगेश कुमार ने बताया कि सरकारी गेहूं के कट्टों में परखी मामले में जांच रिपोर्ट पूरी कर डीसी डॉ. निशांत यादव को सौंपी जा चुकी है। जांच रिपोर्ट में बहुत कुछ निकलकर सामने आया है, इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। मामले के बारे में डीसी ही बता सकते हैं।"

### विभाग की हो रही थी किरकिरी

कट्टों में गेहूं चोरी करने के इरादे से परखी मारने के वीडियो वायरल होने से विभाग की किरकिरी होने लगी थी, मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो डीसी निशांत यादव ने मामले की जांच के लिए एडीसी योगेश कुमार को नियुक्त किया। एडीसी योगेश कुमार ने सभी पक्षों को सुनने और तथ्यों को ध्यान में रखकर मामले की जांच पूरी कर रिपोर्ट डीसी को सौंप दी।


नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त बनाने का आह्वान को एक फोल्डर का विमोचन करते एसपी-डीसी और अन्य।

# बच्चे देश का भविष्य, उन्हें नशे से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : निशांत यादव

करनाल। बच्चों का भविष्य बचाने का सराहनीय प्रयास, स्कूलों में ड्रग कंटोल सैल गठित- उन्होंने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें नशे से दूर रखने के लिए 175 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में नौंवी से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए ड्रग कंट्रोल सैल बनाए गए हैं। ये बात डीसी निशांत यादव ने डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में आयोजित सैमीनार में कही।

उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल जिनमें नशे से जुड़ गए विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा है, उनमें शिविर लगाकर विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे। जिला औषधी नियंत्रक को जिम्मेदारी दी गई है कि वे दवा की दुकानों पर रेड कर ऐसी दवाओं को चेक कर जब्त करें, जिससे नशा होता है। जिन दुकानों पर ऐसी दवाएं मिलेंगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए, जिला के नेहरू युवा केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्रों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके पश्चात अब इस तरह के सैमीनार आयोजित किए जाते रहेंगे,

### नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला करनाल को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त बनाने का आह्वान को एक फोल्डर का विमोचन किया और ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। नशा मुक्त भारत अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं असंध के उपमण्डलाधीश मनदीप कुमार ने उपायुक्त का स्वागत किया। सैमीनार में करनाल के एसपी गंगा राम पूनिया, एसडीएम गौरव कुमार, घरौंडा की एसडीएम डॉ. पूजा भारती, इन्द्री के एसडीएम सुमित सिहाग, जिला शिक्षा अधिकारी राजप ाल, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक तथा रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक मौजूद रहे।

जिनमें सैल के इंचार्ज, चैम्पियन, सक्सेस स्टोरी के लिए नशा छोड़ देने वाले व्यक्ति और स्टेक होल्डर्स को शामिल कर अभियान को ओर अधिक आगे ले जाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



कुरुक्षेत्र। वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला ब्रह्मा कॉलोनी में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में संस्कृत बोध परियोजना के अंतर्गत छात्र निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास, सचिव ओमप्रकाश गेरा और कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया और साथ में सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। छात्र निबंध प्रतियोगिता में चतुर्थ और पंचम श्रेणी के विद्यार्थियों ने भाग लिया और निबंध लेखन का विषय प्रातः काल उठि के रघुनाथ व ब्रह्म मुहूर्त के महत्व रहा। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट के सचिव ओम प्रकाश गेरा, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, शिवानी शर्मा, मानवी सेतिया, पूनम सलूजा, विजयलक्ष्मी, सोनिया अग्रवाल और बच्चे मौजूद रहे।

### राधाकृष्ण के मधुर भजन सुना कर बांधा समां



कुरुक्षेत्र। महादेव मोहल्ला थानेसर स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में मंगलवार को दो दिवसीय श्रीराधा अष्टमी उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपने साथी गायकों सहित राधाकृष्ण के मधुर भजन सुनाकर समां बांधा। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनियों एवं फूलमालाओं से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने हाथों में पुष्प लेकर राधा रानी की चरण वंदना करते हुए प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी आचार्य पं. राधाकृष्ण दास पांडे ने मुख्य यजमान येशेंद्र शर्मा व पूर्व पार्षद अरुण शर्मा से राधाकृष्ण का पूजन करवाया। इस मौके पर पार्षद नितिन भारद्वाज, पूर्व पार्षद दीपक सिंगला, रामकुमार भारद्वाज, विजय भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश गर्ग, सुमित गर्ग बंटी, अमित शर्मा रौंकी, अनिरुद्ध शर्मा हन्नी, अरुण दत्त, वरुण दत्त, जंग बहादुर सिंगला सहित महादेव युवा संघ के सदस्य मौजूद रहे।

### राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी



सोनीपत। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भादो मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। उसी प्रकार राधा अष्टमी का पर्व भी यानि राधा रानी का जन्मोत्सव भादो मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। मिशन चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने श्रद्धा के साथ भजन कीर्तन व पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी पंडित कृष्ण प्रसाद ने पूरी विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ श्री राधा रानी की पूजा अर्चना कराई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी आदित्य व निशांत ने जीते



सोनीपत। आल इंडिया लॉन टेनिस प्रतियोगिता सीरिज अंडर- 18 में लिटल एंजल्स विद्यालय के लॉन टेनिस खिलाड़ी आदित्य व निशांत ने युगल मुकाबले में फाइनल मैच में महाराष्ट्र की टीम से कड़े मुकाबले में 2-6, 6-3, 5-10 स्कोर से खेलते हुए प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। एकल मुकाबले में भी आदित्य राठी ने सैमीफाइनल तक खेला व निशांत ने क्वार्टर फाइनल तक खेला। इसके साथ ही गुरुग्राम में आयोजित ऑल इंडिया सुपर सीरिज लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स की स्टार खिलाड़ी तमन्ना ने प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र की आम्भी को 6-0, 7-5 के स्कोर से हराकर टाइटल पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में लगभग देशभर से 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेल डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी ने बताया कि लिटल एंजल्स के लॉन टेनिस खिलाड़ी स्कूल प्रबंधक द्वारा दी गई खेल सुविधाओं से लगातार अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन कर जीत हासिल कर रहे है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी व भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# डवलेपमेंट वर्क शुरू करने से पहले निगमायुक्त ने देखी साइट्स

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

विकास कार्य शुरू करने से पहले उनकी फिजिबिलिटी यानि साध्यता चेक करने और उन जगहों पर जरूरत के हिसाब से कार्य करने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मंगलवार सुबह शहर के वार्ड नम्बर 3, 4, 5, 13 व 14 की साइट्स का दौरा किया।


नगर निगम आयुक्त शहर में विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग करते हुए।

निगमायुक्त ने सर्वप्रथम वार्ड 14 में भगवाड़िया गैस एजेंसी के सामने गऊशाला रोड का निरीक्षण किया। इस जगह पर बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप लाइनें डाले जाने का अनुमान तैयार किया था। निगम आयुक्त ने इस क्षेत्र का मौका मुआयना कर नगर निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि पाइप लाइन डालने की बजाए, यहां ओपन ड्रेन को उचित तरीके से बनाएं, ताकि उसके जरिए पर्याप्त पानी निकासी हो सके। ड्रेन पर मजबूत स्लैब भी डालें, क्योंकि इस रोड से भारी वाहनों का भी आना-जाना लगा रहता है। इसके पश्चात निगमायुक्त ने वार्ड 13 सदर बाजार में लक्कड़ मार्केट रोड पर स्थित नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सईएन अक्षय भारद्वाज को निर्देश दिए कि इस कार्य का वर्क ऑडर जल्दी जारी करें और इसी सप्ताह में काम को शुरू करवाएं ताकि यहां के नागरिकों को कच्ची गलियों से छुटकारा दिलाया जा सके। तत्पश्चात आयुक्त ने वार्ड 4 के कर्ण विहार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद निगमायुक्त ने वार्ड 5 के डैफिसिएंट एरिया कनिका विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया।

### करनाल नगर निगम के वार्ड नम्बर 7 का उप चुनाव तीन अक्टूबर को

करनाल। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार करनाल नगर निगम के वार्ड नम्बर 7 का उप-चुनाव तीन अक्टूबर दिन रविवार को प्रातः आठ बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र 17 सितंबर से लेकर 22 सितंबर तक भरे जाएंगे और 19 सितंबर को रविवार होने के कारण अवकाश रहेगा यानि उस दिन नामांकन नहीं भरे जाएंगे। नामांकन भरने का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का रहेगा। नामांकन पत्र सीईओ जिला परिषद के कार्यालय में लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मतदान तीन अक्टूबर को प्रातः आठ बजे से सायं 4:30 बजे तक करवाया जाएगा और मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी। इस उपचुनाव के लिए जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

# अनीता रोहिल्ला बनीं भाजपा ओबीसी मोर्चा की सदस्य

### ओबीसी समाज वर्तमान समय में लगातार उन्नति कर रहा है, वह सब भाजपा सरकार को ही देन है

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



विश्व रोहिल्ला राजपूत संघ (ट्रस्ट) की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता रोहिल्ला को भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा की कार्यकारणी में सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके लिए विश्व रोहिल्ला राजपूत संघ भाजपा के ओबीसी मोर्चा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव काम्बोज, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता है। विश्व रोहिल्ला राजपूत संघ ट्रस्ट के संस्थापक रविन्द्र रोहिल्ला राजपूत ने कहा कि भाजपा द्वारा संघ की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष को ओबीसी मोर्चो का सदस्य बनाना हमारे लिए बड़े हर्ष का विषय है। भाजपा ने अनीता रोहिला को पार्टी के प्रति समर्पित भाव व कार्यकुशलता के आधार पर और मातृशक्ति को विशेष महत्व दिया है।

संघ की राष्ट्रीय कार्यकारणी व प्रदेश कार्यकारणी भारतीय जनता पार्टी का आभार प्रकट करता है। संघ की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता रोहिल्ला ने कहा कि उन्होंने पहले भी पार्टी के लिए काम किया है और आगे भी पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए पूरजोर कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है वे उस पर खरा उतरेंगी।

उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज वर्तमान समय में लगातार उन्नति कर रहा है, वह सब भाजपा सरकार को ही देन हैं। अनीता रोहिल्ला ने हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, पिछड़ा मोची के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव कंबोज, प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी व भाजपा की राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए पिछड़े वर्ग से लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनहितैषी नीतियों को आमजन तक पहुंचाते हुए उन्हें योजनाओं के लाभ के बारे में अवगत कराया जाएगा, ताकि सरकार की नीतियों का पंक्ति में खड़े आखरी व्यक्ति तक लाभ मिल सके।

# खिलाड़ियों को उपलब्ध कराएंगे हर जरूरी सुविधा : मेयर मदान

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

नगर निगम मेयर निखिल मदान ने वार्ड न 7 के गांव रायपुर में स्पोर्ट्स स्टेडियम और वहां चल रहे कुश्ती अखाड़े का दौरा किया। कुश्ती एवं कबड्डी के कोच एवं खिलाड़ियों से मुलाकात की।

### रायपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आधुनिक कुश्ती हॉल की आधारशिला रखने पहुंचे मेयर

मेयर मदान ने बताया कि ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने पहले भी स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं की मांग की थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए आज नगर निगम सोनीपत द्वारा निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। मेयर मदान ने बताया कि 32 लाख रुपए की धनराशि से स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कुश्ती हॉल का निर्माण किया जाएगा। इस कुश्ती हॉल को वातानुकूलित बनाया जाएगा। साथ ही पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग शौचालय भी बनाये जाएंगे। इन सभी कार्यों की आधारशिला आज रखी गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए टोक्यो ओलंपिक एवं पैरालम्पिक में हरियाणा विशेषकर सोनीपत जिले के खिलाड़ियों ने अनेकों पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इसलिए इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कोई भी परेशानी नहीं होने देंगे और सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर गांव के ही बुजुर्ग प्रेमराज द्वारा रिबन कटवाकर कार्य की शुरुआत की गई। मौके पर निगम पार्षद मुनिराम व ग्रामीणों ने मेयर निखिल मदान का इस कार्य के लिए धन्यवाद किया।

### प्रदर्शनी 29 से करनाल में

करनाल। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देशभर में आजादी का अमृत महोत्व मनाया जा रहा है। सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की प्रदर्शनी शाखा द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान पर आधारित एक प्रदर्शनी तैयार की गई है। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी सुनील बसताड़ा ने बताया कि यह प्रदर्शनी राज्य के सभी जिलों में दिखाई जा रही है। शेड्यूल के अनुसार उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में करनाल जिले में 29 सितम्बर से एक अक्टूबर तक यह प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# प्रतियोगिता में शगुण, काशवी और ब्रह्मजोत रहे प्रथम

कुरुक्षेत्र। सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल शाहाबाद के प्रांगण में हिन्दी दिवस मनाया। हिन्दी विभाग की ओर से आयोजित साहित्यिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कविताओं और भाषणों के माध्यम से हिन्दी भाषा के ऊपर अपने विचार प्रस्तुत किए।

सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति में हिन्दी भाषा की महत्ता बताई। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य डा. आरएस घुम्मन ने की। उन्होंने हिन्दी दिवस पर स्कूल के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कक्षा छठी से शगुण प्रथम, शरुति द्वितीय रही, कक्षा सातवीं से काशवी प्रथम और ऐंजप्रीत द्वितीय रही, कक्षा दसवीं से ब्रह्मजोत प्रथम तथा खुशी द्वितीय रही।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन व जनहित के लिए किसान करें सहयोग : उपायुक्त सिवाच

### आम जनमानस की सुविधा के लिए जीटी रोड के एकतरफा मार्ग पर दें रास्ता

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


लघु सचिवालय में जिला प्रशासन व किसानों का दल बातचीत करते हुए।

उपायुक्त ललित सिवाच ने कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर धरनारत किसानों से अनुरोध किया कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना व जनहित के लिए सहयोग करें। इसके लिए जीटी रोड के एकतरफा मार्ग पर लोगों को आवाजाही के लिए रास्ता दें, ताकि आम जनमानस को होने वाली समस्याओं को दूर किया जा सके। उनके आग्रह पर किसान प्रतिनिधियों ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। लघु सचिवालय में मंगलवार को जिला व पुलिस प्रशासन के साथ किसान प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ललित सिवाच ने की।

उपायुक्त ने बताया कि याचिकाकर्ता मोनिका अग्रवाल की जनहित याचिका (सिविल) नंबर-249/2021 पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर धरनारत किसानों से एक तरफ के मार्ग पर आम लोगों को रास्ता दिलाया जाए। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे दिल्ली से सोनीपत/पानीपत मार्ग को इसके लिए दे सकते हैं। इस मार्ग पर किसानों की संख्या भी बहुत कम है। साथ ही यह मार्ग काफी जर्जर हो चुका है, जिसकी मरम्मत की सख्त आवश्यकता है। ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं पर भी विराम लगाया जा सके। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनुपालना में किसानों का सहयोग अपेक्षित है।




# रेनो ने भारत में अपनी 10वीं सालगिरह के जश्न के तहत बिल्कुल नई रेनो काइगर आरएक्सटी(ओ) तथा क्विड एमवाय 21 लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

रेनो इंडिया भारत में अपने संचालन की 10वीं सालगिरह मना रही है और इस जश्न के तहत कंपनी ने करनाल में रेनो काइगर के नए आरएक्सटी (ओ) वैरिएंट तथा क्विड एमवाय 21 को लॉन्च किया।

रेनो काइगर आरएक्सटी (ओ) एमटी और एएमटी दोनों ट्रांसमिशन में 1.0ली एनर्जी इंजन के साथ उपलब्ध होगी। आरएक्सटी (ओ) वैरिएंट में आरएक्सजेड वैरिएंट वाले ग्राहकों के पसंदीदा और प्रीमियम फीचर, जैसे कि ट्राई-ऑक्टा एलईडी प्योर विजन हेडलैम्प्स और 40.64 सेमी डायमंड कट एलॉय व्हील्स ज्यादा किफायती मूल्य पर उपलब्ध होंगे। नई काइगर आरएक्सटी (ओ) का आइकॉनिक थ्री-एलईडी फ्रंट लुक 40.64 सेमी डायमंड कट अलॉय व्हील्स और मनोहारी रेडिएंट रेड डुअल टोन कलर की बदौलत कार की शानदार डिजाइन को और ज्यादा उभारेगा। केबिन के भीतर हवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आरएक्सटी (ओ) में पीएम2.5 वाला आधुनिक एटमॉस्फेरिक फिल्टर भी लगाया गया है। स्मार्ट केबिन के समग्र अनुभव को सुखद बनाने के लिए आरएक्सटी (ओ) वैरिएंट में वायरलेस स्मार्टफोन रेप्लीकेशन फंक्शन मौजूद है, जिसकी मदद से यात्री अपने स्मार्टफोन को 20.32 सेमी की डिस्प्ले लिंक फ्लोटिंग टचस्क्रीन के साथ कनेक्ट कर सकते हैं।

रेनो क्विड एक ऐसा आकर्षक, अभिनव और किफायती वाहन साबित हुआ है, जो रेनो इंडिया के लिए एक खरा गेम-चेंजर और वॉल्यूम ड्राइवर बन गया। उत्पाद से जुड़े खोजी नवाचारों के सहारे क्विड को मिली अजेय सफलता की बुनियाद पर आगे बढ़ते जाने वाली अपनी प्रतिबद्धता को लेकर खरी उतरते हुए बिल्कुल नई क्विड एमवाय 21 पेशकश के मामले में अपने मूल्य प्रस्ताव को और मजबूत बनाती है तथा उत्पाद व ब्रांड में ग्राहकों का विश्वास और ज्यादा गहरा करती है।

रेनो क्विड एमवाय 21 की रेंज को 0.8ली और 1.0ली एससीई पावरट्रेन के दम पर प्रस्तुत किया जाएगा। रेनो क्विड की रेंज भारत में लागू सभी सुरक्षा अधिनियमों का अनुपालन करती है और अब इसके सभी वैरिएंट एक मानक फीचर के रूप में ड्राइवर फ्रंट एयरबैग से लैस होंगे। यह काम रेग्युलेशन की टाइमलाइन से पहले ही कर लिया गया है। कार के आकर्षण में इजाफा करते हुए नई क्विड एमवाय 21 का क्लाइंबर एडिशन काली छत के साथ सफेद रंग वाले ड्युअल टोन एक्सटीरियर में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा इस वैरिएंट में इलेक्ट्रिक ओआरवीएम और डे एंड नाइट आईआरवीएम जैसे नए फीचर मौजूद हैं।

# हिंदी देश की सबसे ज्यादा बोलने वाली भाषा : डॉ. अशोक कुमार

## सभागार में मौजूद स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं से परिचय कराया

### भारत की पहचान एक बड़े व्यापारिक केंद्र के रूप में हुई है

पायनियर समाचार सेवा। शाहबाद

मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहबाद के सभागार में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहाबाद एवं हरियाणा साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में समारोह का आयोजन सपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि यशपाल वधवा, प्रधान प्रबंधक समिति, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रणजीत गुप्ता, मुख्य वक्ता डॉ. ऋषि पाल, प्राचार्य, बाबूराम जनता कॉलेज, कौल, कैथल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार एवं कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। संयोजक डॉ. देवराज ने मंचासीन सभी गणमान्य अतिथियों का सभागार में मौजूद स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं से परिचय कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से हिंदी मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र काजल, प्रोफेसर कल्पना पूनिया एवं डॉ. चूहड़ सिंह ने निभाई।


दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पत्रकार रणजीत कुमार गुप्ता

मुख्य वक्ता डॉ. ऋषि पाल ने कहा कि हिंदी के सभी विद्वानों को आगे आकर आपसी विचार-विमर्श करना चाहिए कि कैसे हिंदी को रोजगार का माध्यम बनाया जाए ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा हिंदी विषय की ओर रुझान एवं लगाव बढ़े। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शालिनी शर्मा ने उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कि मीडिया एवं जनसंचार, फिल्मी, व्यापार एवं विज्ञापन के क्षेत्र में हिंदी विषय में रोजगार की काफी संभावनाएं विकसित हुई हैं। भारतवर्ष की विशेषताओं के कारण विश्व भर में भारत की पहचान, एक बड़े व्यापारिक केंद्र के रूप में हुई है जिसके कारण पूरे विश्व में हिंदी विषय की स्वीकार्यता हुई है। विशिष्ट अतिथि पत्रकार रणजीत गुप्ता ने बताया कि हिंदी भाषा पत्रकारिता की जान एवं पहचान है। अपने विचारों को प्रकट करने के लिए भारतवर्ष में हिंदी से आसान दूसरी कोई अन्य भाषा हो ही नहीं सकती। मुख्य अतिथि यशपाल ने कहा



# चौधरी बंसी लाल विश्व विद्यालय में मनाया हिन्दी दिवस

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

हिंदी में सभी भाषाओं का सार है, मातृभाषा में सबके कल्याण की बात है। युवा मातृभाषा व मातृभूमि पर पूर्णतया गर्व करें। यह बात चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने हिन्दी विभाग के सौजन्य से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदी हमारे मन, भावों और संस्कारों की भाषा है। हिन्दी एक वैश्विक भाषा है हिन्दी भारत अस्मिता व संस्कृति की पहचान है, जिसने विश्व में भारत को एक अलग ही पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी स्थानीय भाषा में पढ़ाई पर बल दिया है। हिन्दी भाषा व्यापार के लिए भी श्रेष्ठ भाषा है। अंग्रेजी शासन से पहले हमारी भाषा हिन्दी ही थी और उससे पहले की हमारी प्राचीन भाषा संस्कृत है जिसकी उत्तराधिकारी हिन्दी बनीं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि भाषा हमारे विचारों के आदान प्रदान का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि कोस कोस पर बदले पाणी, चार कोस पर बदले वाणी। हमारे यहां हिन्दी भाषा अनेक बोलियों के रूप में बोली जाती है और मानक रूप में साहित्य के रूप में है। यह आम जनजीवन से जुड़ी हुई भाषा है जो सहित्यिक दृष्टि से भी सम्पन्न भाषा है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता डाक्टर बुद्धदेव आर्य ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है।

## संक्षिप्त समाचार

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया हिंदी दिवस



**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर 3 विद्यालय में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने की। कार्यक्रम में मंच संचालन आचार्य कविता दत्त ने किया। प्रातः काल विद्यार्थियों के लिए एक हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोपहर में आयोजित कार्यक्रम में सभी आचार्यों ने हिंदी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए और राजभाषा हिंदी को गौरवपूर्ण दर्जा दिलवाने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त हिंदी भाषा के बारे में अनेक रोचक तथ्य, कविता, भजन, गीत, वार्ताएं आदि भी आचार्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर ने कहा कि हिंदी दिवस वर्ष में एक दिन न मनाकर हमें प्रतिदिन हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए। हिंदी भाषा हमारा राष्ट्र गौरव है। हमारी संस्कृति की जड़ें हिंदी भाषा में है। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकृति के विषय में बताया। उन्होंने प्रबंधक महोदय का इस बात के लिए भी धन्यवाद किया कि आज उनके प्रयास से पूरे स्टाफ को अंग्रेजी भाषा में प्रयोग होने वाले कुछ सामान्य शब्दों के हिंदी समानार्थक शब्दों का ज्ञान हुआ।

### कोरोना के बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन : गाबा



**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में डॉ. सौरभ और बीडी गाबा की देख रेख में कोवेक्सीन का वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया। कैम्प में 18 वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के लिए पहली व दूसरी खुराक लगाई गई। कैम्प में सबसे पहले विद्यालय के अध्यापक सुनील दत्त को टीका लगाया। आस पास के लगभग 216 लोगों को टीका लगाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने बताया कि कोरोना के बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है। साथ ही उन्होंने लोगों को मास्क तथा बार-बार हाथ धोकर सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया, डर और अफवाहों से बचने की सलाह दी।

### डाक्टर शांडिल्य ने सम्भाला सीएमओ पद का कार्यभार



**भिवानी।** डॉक्टर रघुवीर शांडिल्य ने मंगलवार को सीएमओ पद का कार्यभार सम्भाला। पदभार सम्भालने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए डॉक्टर शांडिल्य ने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आम आदमी को मिले। उन्होंने कहा कि अस्पताल के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की रिश्वत के मामले में कोई शिकायत आती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर शांडिल्य ने कहा कि अब अस्पताल में बाहरी और असामाजिक तत्वों को सहन नहीं किया जाएगा। उनका प्रयास होगा कि सभी कार्य समयबद्ध हो। उन्होंने कहा कि वे हर समय आम आदमी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की स्वास्थ्य प्रशासन पूरी व्यवस्था की हुई है। उनके पदभार ग्रहण पर अस्पताल स्टाफ के अलावा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उनको बधाई दी। पदभार सम्भालने के बाद उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधा लगाया।

### पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल ने किया पौधारोपण



**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल ने मंगलवार सुबह दर्शन एकेडमी स्कूल, जगदीशपुरा में पौधारोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में सभा के सभी मौजूद सदस्यों ने एक पौधा अपने हाथों से लगाया। सभा के प्रधान राजकुमार मुखीजा ने कहा कि, हम सब बड़े ही सौभाग्यशाली हैं कि हम सावन कृपाल रूहानी मिशन के दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज के 100वें प्रकाश दिवस के इस पावन अवसर पर पौधारोपण कर उन्हें याद कर रहे हैं। प्रधान राजकुमार मुखीजा ने कहा कि, हम सब बहुत ही खुशकिस्मत हैं कि, हम सबकी जिंदगी में संत दर्शन सिंह महाराज आए। वो प्रेम के महासागर थे। वो चाहते थे कि, हम प्रभु से प्रेम करें और पिता-परमेश्वर को जानें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण बहुत जरूरी है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। महासचिव सुषम कपूर ने कहा कि, जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। मुख्य सरंक्षक इन्द्रजीत सरदाना, नरेन्द्र निझावन, राकेश मल्होत्रा, धन सचदेवा, राजेन्द्र कुकरेजा, ज्ञान प्रकाश कुमार, श्याम लाल खेड़ा, गुलशन चुघ, जगदीश कटारिया, तुलसी मदान, राजीव कालड़ा, ललित छाबड़ा, मदन लाल कटारिया, रमेश पाहवा, महेन्द्र सीकरी, वीके चावला, टीसी बरेजा, रूप लाल गंभीर, अशोक भारती, राम मदान, अमृत सचदेवा और सौरभ आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश स्तरीय जूड़ो चैंपियनशिप में छाए मिनी क्यूबा के जूड़ो खिलाड़ी

**भिवानी।** मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी के खिलाड़ी बॉक्सिंग और कुश्ती के बाद अब जूडो प्रतियोगिताओं में भी जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय पटल पर चमकाने लगे हैं। इसी कड़ी में भिवानी के जूडो खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तरीय डॉक्टर जिगारो कानो जूड़ो चैंपियनशिप में 13 गोल्ड, सात सिल्वर, चार कांस्य पदक अपने नाम किए और ऑल ऑवर चैंपियनशिप का नाम अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों का भिवानी पहुंचने पर जिला खेल अधिकारी प्रीतम सिंह व जिला जूड़ो कोच विक्रम सिंह रिवाड़ीखेड़ा ने उनका स्वागत किया। बता दें कि 11 व 12 सितंबर को गुरुग्राम में 23वीं डाक्टर जिगारो कानो जूड़ो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भिवानी के जूड़ो खिलाड़ी ने 13 गोल्ड, सात सिल्वर, चार कांस्य पदक जीतते हुए ऑल ऑवर चैंपियन रहे।

# शहीदों की याद में फिट इंडिया फ्रीडम रेस का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**नेहरू** युवा केंद्र शाखा गांव खेड़ी शेर खां द्वारा कलायत खंड का फिट इंडिया फ्रीडम रेस का आयोजन किया गया। विद्यालय के 11वीं एवं 12वीं के पचास बच्चों ने फिट इंडिया रन रेस में भाग लिया और एक निबंध प्रतियोगिता में भी अपनी कला के जौहर दिखाए।



विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ द्वारा एक शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि नेहरू युवा केंद्र कैथल द्वारा जिला के 75 गांव में ऐसे आयोजन किए जाने हैं। नेहरू युवा केंद्र खेड़ी शेर खां की तरफ से शिवम, आशु, सुखदीप एवं अन्य साथी मौजूद रहे। जिन्होंने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को इस रेस के लिए विद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रद्युम्न भल्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिंदी प्राध्यापक दर्शन एवं विज्ञान अध्यापक विजेंद्र ने निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने में सक्रिय भागीदारी निभाई। मंच संचालन राजनीति प्राध्यापक वीरेंद्र कौशिक ने किया। विद्यालय की ओर से नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने बच्चों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की थी एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 12वीं की कक्षा अनु प्रथम रही, नीतू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश हुए हवा

## सीवर ओवरफ्लो की समस्या से आजिज हो रहे हैं लोग

### लोगों को सीवर के गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**बरसात** से पहले सीवरेज की सफाई कराने के प्रशासनिक अधिकारियों के संबंधित विभाग को दिए गए आदेश हवा हो गए हैं। शहर में जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। लोगों को सीवर के गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। मजेदार बात तो यह है कि लोगों द्वारा की गई शिकायत का संबंधित अधिकारियों पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।

लोगों ने अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री कप्तान अजयसिंह यादव से इस समस्या से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई है।


कंपनी बाग में सीवर ओवरफ्लो होने से भरा पानी।

गौरतलब है कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित विभाग को सीवरेज व नालों की सफाई के कड़े निर्देश दिए थे। इसका सीधा मतलब यह था कि बरसात के दौरान सीवरेज व नाले ओवफ्लो होकर आमजन की परेशानी का सबब नहीं बने, लेकिन बरसात के दौरान के अलावा वर्तमान में भी सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

लोगों ने बताया कि समस्याओं के समाधान के लिए वे संबंधित अधिकारी से आग्रह कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवा वाला नहीं है। कंपनी बाग में हालात ये हो गए हैं कि हर घर में लोग बीमार पड़े हैं। बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कामकाजी लोगों को नौकरी तथा बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने लोगों की समस्या सुनकर संबंधित अधिकारियों से इसकी जानकारी दी तथा जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

# हरियाणा ने पोलैंड को दिया सूरजकुंड में पार्टनर बनने का न्योता

## मुख्यमंत्री से पोलैंड के राजदूत एडम बर्कोवस्की ने की मुलाकात

### शिक्षा, कृषि, कौशल प्रशिक्षण और पर्यटन में होगा एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भारत में पोलैंड के राजदूत प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान, पोलैंड सरकार के सहयोग से भारत, विशेष रूप से हरियाणा के लिए विभिन्न विकास क्षेत्रों की पहचान करने और निवेश को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की को फरीदाबाद में होने वाले सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2023 का पार्टनर देश बनने के लिए भी आमंत्रित किया। हरियाणा में निवेश करने की दिशा में रुचि व्यक्त करते हुए प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की ने सोनीपत और रोहतक में स्थापित किए जा रहे मेगा फूड पार्कों में निवेश की संभावनाएं तलाशने के लिए हरियाणा सरकार से सहयोग की मांग की। उन्होंने कहा कि पोलैंड पहले से ही खाद्य व्यापार तथा उद्योग के क्षेत्र में हरियाणा सरकार से सहयोग करने के लिए विचार कर रहा है। इसलिए ये मेगा फूड पार्क पोलैंड के निवेशकों के लिए व्यापार का एक बड़ा अवसर बन सकते हैं।



प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की ने हरियाणा से बागवानी और कृषि उत्पादों के निर्यात में गहरी रुचि दिखाई। इसके अलावा, मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों और पहलों में भी अपनी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की को आश्वासन दिया कि पोलैंड और हरियाणा के मध्य द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में हरियाणा सरकार की ओर से प्रत्येक क्षेत्र में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। इसके अलावा, पोलैंड और भारत, विशेष रूप से हरियाणा के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री और प्रोफेसर एडम बर्कोवस्की दोनों ने शिक्षा, कृषि, कौशल प्रशिक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में विशेषज्ञता साझा करने के साथ-साथ शिक्षक-छात्र और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, विदेश सहयोग विभाग के प्रधान सचिव योगेंद्र चौधरी, विदेश सहयोग विभाग के महानिदेशक अनंत प्रकाश पांडे और सलाहकार, विदेश सहयोग विभाग पवन चौधरी उपस्थित थे।

### उच्चतर शिक्षा विभाग का निर्देश, तुरंत को शिकायतों का निपटारा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों, विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों, एनसीसी यूनिट्स के कमांडिंग ऑफिसरों तथा जिला/उपमंडल पुस्तकालयों के पुस्तकालय-अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे 'सैंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम' में आने वाली जनशिकायतों का निस्तारण शीघ्र करें। सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण का अधिकतम समय सरकार द्वारा अब वर्तमान 60 दिन की अवधि से घटाकर 45 दिन कर दिया है। अगर किसी सब-ज्यूडिशय अथवा पॉलिसी-मैटर के कारण निर्धारित समय में शिकायत का निपटारा नहीं होता है तो पोर्टल पर अंतरिम जवाब देना होगा। इसके अलावा, कोविड-19 से संबंधित शिकायतों को वरियता देते हुए अधिकतम 3 दिन में उनका समाधान करना होगा। विभाग की ओर से नोडल अधिकारी को बकाया शिकायतों की साप्ताहिक रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# किसानों को उकसाना बंद करे पंजाब के सीएम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### हरियाणा के मंत्रियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री को घेरा

**पंजाब** के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के बयान पर हरियाणा के मंत्री भड़क गए हैं। हरियाणा के मंत्रियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री पर किसानों को उकसाकर हरियाणा का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा है कि किसान आंदोलन के कारण हरियाणा को हजारों करोड़ का नुकसान हो चुका है। प्रदेश सरकार किसानों के मामले में बेहद संयम से काम ले रही है।

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान किसानों को सलाह दी थी कि वह पंजाब में धरने देने की बजाए हरियाणा या दिल्ली में जाकर प्रदर्शन करें। इस बयान से भड़के हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री का किसानों को यह कहना कि हरियाणा व दिल्ली में जाकर जो चाहे करें। यह बढ़ा गैर जिम्मेदाराना बयान है। इससे साफ है कि वह पड़ोसी राज्य हरियाणा और दिल्ली की शांति भंग करना चाहते हैं। यह भी साफ हो गया है कि किसान आंदोलन पूरी तरह से अमरिंदर सिंह का प्रयोजित आंदोलन है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि अब इस बात के प्रमाण मिल चुके हैं कि यह आंदोलन कांग्रेस चला रही है। कांग्रेस द्वारा अपने हितों की पूर्ति के लिए भोले-भाले लोगों को बिठाया गया है। दलाल ने कहा कि वह कैप्टन अमरिंदर सिंह से प्रार्थना करते हैं कि आंदोलन कर रहे जत्थेदारों को वापस बुलाएं। अगर वह सच में किसानों के हितैषी हैं तो हरियाणा के किसानों को उनके हिस्से का पानी क्यों नहीं दे रहे हैं।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार पद पर बैठकर इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा कि टोल बंद होने से भारी नुकसान हुआ है। रोडवेज को भारी आर्थिक हानि झेलनी पड़ रही है। हरियाणा को इस आंदोलन से अब तक हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

# गुजरात को पसंद आई हरियाणा की खेल नीति अध्ययन शुरू

## हरियाणा दौरे पर आई दूसरी टीम, आधा दर्जन जिलों में कर चुकी स्टडी, अब सरकार के स्तर पर होगी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** की अन्य नीतियों के बाद अब पड़ोसी राज्य गुजरात को यहां की खेल नीति भी पसंद आ गई है। हरियाणा की खेल नीति को आधार बनाकर गुजरात के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से गुजरात के अधिकारियों और खिलाड़ियों का एक दल हरियाणा दौरे पर है। इस दल का हरियाणा में दूसरा दौरा है। यह दल अभी तक आधा दर्जन जिलों का दौरा कर चुका है।

हरियाणा सरकार द्वारा इससे पहले लागू की गई ऑनलाइन तबादला नीति, स्वामीत्व समेत कई ऐसी योजनाएं हैं, जिन्हें पड़ोसी राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा लागू किया जा चुका है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जो ओलंपिक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक इनाम और अन्य सुविधाएं देता है। ओलंपिक तथा पैरालंपिक में हरियाणा के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक मेडल जीते हैं, जिसके चलते हरियाणा के खेल, खिलाड़ी और खेल नीति को करीब से देखने के लिए गुजरात के खेल एवं युवा मामले विभाग की 15 सदस्यीय टीम हरियाणा का एक दौरा कर चुकी है। वर्तमान में दूसरी टीम दौरा कर रही है। टीम के सदस्य गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला, भिवानी, कुरुक्षेत्र और रोहतक आदि जिलों का दौरा भी कर चुके हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी यह टीम जाएगी।



संदीप सिंह, खेलमंत्री, हरियाणा

### ओलंपिक और पैरालंपिक में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते 11 मेडल

हरियाणा सरकार ने गुजरात की टीम के सहयोग के लिए सभी जिलों में डिप्टी डायरेक्टर (स्पोर्ट्स) की ड्यूटी लगाई है, ताकि वे खेल नीति के अलावा प्रदेश के स्थापित खेल स्टेडियम, परिसर और नर्सरी के बारे में बता सकें। यह टीम गुजरात के खेल एवं युवा मामले मंत्री के अलावा वहां के मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करेगी। इसके बाद गुजरात और हरियाणा सरकार के स्तर पर बातचीत होगी। हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह के अनुसार, हरियाणा की खेल नीति देशभर में चर्चाओं में है। टोक्यो के हालिया ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 11 पदक हासिल करके विश्व मानचित्र पर सूबे का नाम दर्ज करवा दिया है। संदीप के अनुसार हम अपने एक-एक खिलाड़ी पर ध्यान देंगे। स्कूलों में खेल नर्सरियां स्थापित कर रहे हैं।

# ले. जनरल गुरमीत सिंह के राज्यपाल बनने पर लोगों ने बांटी मिठाइयां

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/पिहोवा


कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह।

**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से गांव टिकरी में खेल मंत्री संदीप सिंह के निवास पर उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अल्पसंख्यक समाज से इकबाल सिंह लालपुरा को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष तथा लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह रिटायर्ड को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त करने पर अल्पसंख्यक एवं सिख समाज की ओर से खुशी जाहिर की गई।

कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सिख चेहरों को इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन करके सिख संगत का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी इस निर्णय से सिखों में खुशी का माहौल है। पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप सिंह विर्क व सुरजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जैसा बड़ा पद सिखों को देकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी का दिल जीत लिया है। इसके लिए समाज केंद्र सरकार का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर समाज के लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढिया, सुरजीत सिंह भुल्लर, बिट्टू विर्क खेड़ी शीशगरां, मनदीप सिंह विर्क, सुरेंद्र पप्पू, जगपाल सिंह, शशि शर्मा, सतीश शर्मा, दीपचंद शर्मा, बलविंदर सरपंच, अवतार सिंह औजला, बिल्ला अरणाय मौजूद रहे।

# गुजरात के राजकोट, जामनगर में भारी बारिश, 200 से अधिक लोगों को बचाया गया

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** के राजकोट और जामनगर जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश हुई और बाढ़ में फंसे हुए 200 से अधिक लोगों को बचाया गया, जबकि दोनों जिलों में सात हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के कारण जामनगर में एक राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट, जामनगर और जूनागढ़ जिलों से गुजरने वाले 18 राज्य राजमार्ग बंद कर दिए गए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के बाद कई गांवों का संपर्क सड़कों से टूट गया है।







अधिकारियों ने बताया कि फोफल नदी पर बना हुआ एक पुल गिर गया, जिससे राजकोट जिले में जाम कंडोरना और गोंडल को जोड़ने वाली सड़क बंद हो गई। राजकोट और जामनगर में रातभर बारिश के बाद मंगलवार को दोनों जिलों में बारिश कुछ कम हुई, जबकि पड़ोसी जूनागढ़ जिले में दिन में भारी बारिश होने की खबर मिली है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल राजकोट और जामनगर जिले का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे। अधिकारियों के अनुसार भारी बारिश से बुरी तरह प्रभावित दोनों जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों की ओर से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ), नौसेना और तटरक्षक बल को बुलाया गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने एक ताजा बुलेटिन कहा कि राजकोट के लोधिका तालुका में मंगलवार सुबह छह बजे समाप्त 24 घंटे की अवधि के दौरान राज्य में सबसे अधिक 516 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई। एसईओसी ने कहा कि सौराष्ट्र के जूनागढ़ जिले के विसावदर तालुका में 468 मिमी बारिश हुई, जबकि जामनगर के कलावाड़ में 406 मिमी, राजकोट तालुका में 325 मिमी और राजकोट के धोराजी में 250 मिमी बारिश हुई। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने जामनगर जिले के कई स्थानों में फंसे हुए 22 लोगों को बचाया। जिले में कुल 150 लोगों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि वायुसेना ने राजकोट में भी सात ग्रामीणों को बचाया जबकि जिले में कुल 56 लोगों को बचाया गया।

# 'यूपी में पहले गुंड़ों की मनमानी चलती थी, अब वे लोग जेल में हैं'

**एजेंसी।** अलीगढ़ (यूपी)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में शासन में गुंडों और माफियाओं की मनमानी चलती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चीजें बदल गई हैं तथा ऐसे तत्व सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में व्यवधान डाले जाते थे, लेकिन अब ऐसी कोई बाधा नहीं है तथा ऐसी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य सरकार महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और समाज सुधारक राजा महेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति और उनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय की स्थापना कर रही है। यह विवि अलीगढ़ की कोल तहसील के लोढ़ा तथा मूसेपुर करीम जरौली गांव में करीब 92 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इस विवि से अलीगढ़ मंडल (डिविजन) के 395 महाविद्यालयों को संबद्ध किया जाएगा।



### प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को भी किया याद

मोदी ने भाजपा के दिवंगत वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह को भी याद किया और कहा कि अगर इस मौके पर वह यहां होते तो अपने गृह जिले में राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विवि की स्थापना की सराहना करते। मशहूर जाट हस्ती के नाम पर विवि स्थापित करने के योगी आदित्यनाथ सरकार के फैसले को अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले समुदाय को आकर्षित करने की सत्तारूढ़ भाजपा की कोशिश के तौर पर पर में देखा जा रहा है। पश्चिमी यूपी में जाट समुदाय के लोगों की खासी आबादी है और वे किसानों से जुड़े मुद्दे को लेकर भाजपा से नाराज दिख रहे हैं। इस बीच, आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को आगामी विवि के बारे में विभिन्न जानकारी दी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी इस मौके पर मौजूद थीं।

### जो नफरत करे, वह योगी कैसे : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अब्बा जान वाले बयान की पृष्ठभूमि में मंगलवार को उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि जो नफरत करे, वह योगी कैसे हो सकता है। उन्होंने ट्वीट किया, जो नफरत करे, वह योगी कैसा। उल्लेखनीय है कि योगी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अब्बा जान वाली टिप्पणी की थी। पूर्व की समाजवादी पार्टी सरकार का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा था, अब्बा जान कहने वाले गरीबों की नौकरी पर डाका डालते थे। पूरा परिवार झोला लेकर वसूली के लिए निकल पड़ता था। अब्बा जान कहने वाले राशन हजम कर जाते थे। राशन नेपाल और बांग्लादेश पहुंच जाता था। आज जो गरीबों का राशन निगलेगा, वह जेल चला जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के अलीगढ़ नोड पर एक प्रदर्शनी में भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत को पहले रक्षा उपकरणों के आयातक के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज देश को एक प्रमुख रक्षा निर्यातक माना जाता है। उन्होंने कहा, 'आज न केवल भारत, बल्कि विश्व देख रहा है कि किस प्रकार आधुनिक ग्रेनेड, राइफल, लड़ाकू विमान, ड्रोन और युद्धपोत जैसे उपकरण देश में ही निर्मित हो रहे हैं।'

जदयू को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की कवायद

# यूपी मणिपुर में अपने बूते चुनाव लड़ने की तैयारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जनता** दल (यूनाइटेड) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बिहार के इस सत्तारूढ़ दल को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की कवायद आरंभ कर दी है। इस सिलसिले में पार्टी ने मंगलवार को झारखंड में संगठन को मजबूत करने के लिए जहां कुछ नियुक्तियां कीं, वहीं स्पष्ट किया कि यदि भाजपा से उसका गठबंधन नहीं हुआ तो आगामी उत्तर प्रदेश और मणिपुर विधानसभा चुनाव में अपने बूते मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

राजधानी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ललन सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की पहली कोशिश राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत उतरने की होगी, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो वह उत्तर प्रदेश सहित सभी चुनावी राज्यों में अपने बूते चुनाव लड़ेगी। ज्ञात हो कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भाजपा के सबसे पुराने सहयोगियों में एक है। बिहार में जदयू और भाजपा गठबंधन की सरकार है और नीतीश कुमार उसके मुखिया हैं। वहीं, केंद्र की मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में जनता दल (यूनाइटेड) शामिल है। ललन सिंह ने कहा कि आगामी चुनावी राज्यों में राजग के साथ लड़ने को लेकर भाजपा से अभी कोई बात नहीं बनी है और बातचीत प्रारंभिक दौर में ही है।

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया, राजग के अंदर बात बनती है, तो तालमेल के साथ चुनाव लड़ेंगे, नहीं तो हमारी तैयारी चल रही है। हम अपने बूते मजबूती के साथ, खासकर उत्तर प्रदेश और मणिपुर में चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, सूत्रों से जानकारी मिली है कि जदयू नवंबर महीने में लखनऊ में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करेगा, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश भी शामिल होंगे। पार्टी ने चुनाव से पहले मणिपुर में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने का भी फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश व मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती से चुनाव लड़ जदयू राष्ट्रीय स्तर की पार्टी का दर्जा हासिल करने का प्रयास करेगा। ज्ञात हो कि गत अगस्त महीने में जदयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार ने पार्टी के सभी नेताओं से जद(यू)को राष्ट्रीय दल बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमैटो के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता ने दिया इस्तीफा

ऑनलाइन फूड डिलिवरी सेवा प्रदान करने वाली जोमैटो के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। गुप्ता को 2019 में सह-संस्थापक के रूप में नामित किया गया था, और वह जोमैटो में आपूर्ति से जुड़े कामकाज का नेतृत्व कर रहे थे। फिलहाल कंपनी से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। इससे पहले जोमैटो ने 17 सितंबर से अपनी किराना सामानों की डिलिवरी सेवा को बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी ने इसकी वजह मुख्य रूप से ऑर्डर पूरा करने में आ रही खामियों को बताया जिसके कारण ग्राहकों को संतोषजनक अनुभव नहीं मिल रहा था।

### कोविंद हिमाचल विस के विशेष सत्र को करेंगे संबोधित

**शिमला।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के एक विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने यह जानकारी दी। परमार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि वह हिमाचल को राज्य का दर्जा दिए जाने की स्वर्ण जयंती के मौके पर सुबह 11 बजे विधानसभा को संबोधित करेंगे। कोविंद राज्य विधानसभा को संबोधित करने वाले तीसरे राष्ट्रपति होंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रणब मुखर्जी क्रमशः 2003 तथा 2013 में राज्य विधानसभा को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा विधायकों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धुमल समेत पूर्व मुख्यमंत्री समेत सभी पूर्व विधायकों को विशेष सत्र के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य के पांच सांसद और सात पूर्व सांसद भी इसमें भाग लेंगे।

### देश में कोविड-19 के 25,404 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 25,404 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,32,89,579 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,62,207 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 339 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,43,213 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,62,207 हो गई है, जो कुल मामलों का 1.09 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 12,062 मामलों की कमी आई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.58 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 54,44,44,967 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 14,30,891 नमूनों की जांच सोमवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 1.78 प्रतिशत है, जो पिछले 15 दिन से तीन प्रतिशत से कम बनी है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 2.07 प्रतिशत है, जो पिछले 81 दिन से तीन प्रतिशत से कम है।

### एनआईए के मामले में वांछित माओवादी केरल में गिरफ्तार

**मलप्पुरम ( केरल )।** केरल पुलिस की आतंक रोधी शाखा (एटीएस) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के कार्यकर्ता सीपी उस्मान को गिरफ्तार किया है, जो राज्य में प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियां चलाने के आरोप में 2019 में दर्ज एक मामले में वांछित था। पुलिस के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने अधिक विवरण न देते हुए एजेंसी से कहा, उसे जिले से एटीएस ने गिरफ्तार किया है। उस्मान पिछले कई वर्षों से फरार था। केरल में सीपीआई (माओवादी) की गतिविधियां चलाने के आरोप में अल्लान शोएब, थ्वहा फैसल और सीपी उस्मान के विरुद्ध कोझिकोड के पंथीरनकवु पुलिस थाने में नवंबर 2019 में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है। अल्लान और थ्वहा के अलावा एनआईए ने विजित विजयन को भी गिरफ्तार किया था, जो माओवादी समूह के एक अन्य सदस्य था। उन पर भारतीय दंड संहिता और गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

### मुंबई में इस साल अभी तक डेंगू के 305 मामले आए

**मुंबई।** मुंबई में जनवरी 2021 से लेकर अभी तक डेंगू के 305 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 85 मामले इस महीने सामने आए। महानगरपालिका की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल महाराष्ट्र की राजधानी में डेंगू के 129 मामले सामने आए थे। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अभी तक इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण कोई मौत नहीं हुई जबकि 2020 में तीन लोगों की मौत हुई थी। उसने बताया कि मुंबई में इस साल एक से 12 सितंबर के बीच डेंगू के 85 मामले आए जबकि पिछले महीने 144 मामले आए थे। बीएमसी की रिपोर्ट के अनुसार, बीमारी के ज्यादातर 85 नए मामले तीन नगर निकाय वार्ड - ई (भायकुला, चिंचपोकली, आग्रीपाडा), जी-दक्षिण (दादर-पूर्व, सायन-पूर्व, माटुंगा, अन्टॉप हिल) और जी-उत्तर (धारावी, दादर और माहिम) में आए हैं।

# भारत, ब्रिटेन अंतरिम व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहे हैं

**एजेंसी।** लंदन।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत और ब्रिटेन एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को ध्यान में रखते हुए एक अंतरिम व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को अपनी ब्रिटिश समकक्ष लिज ट्रूस के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई बैठक के तुरंत बाद गोयल ने ट्विटर पर लिखा कि उनकी चर्चा 'उत्पादक' थी और वह भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों में आ रही और मजबूती को दर्शाती है। गोयल ने कहा, 'भारत-ब्रिटेन व्यापार साझेदारी को आगे बढ़ाने पर ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री लिज ट्रूस के साथ सकारात्मक चर्चा हुई।' उन्होंने कहा, 'भारत और ब्रिटेन एक व्यापक एफटीए से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहे हैं।'



# सभी क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए: शाह

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि हिंदी भारत की क्षेत्रीय भाषाओं की सखी है तथा सभी भाषाओं का प्रचार करना और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने माता-पिता से अपील की कि बच्चे चाहे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ते हों, लेकिन वे घर पर उनसे मातृभाषा में बात करें, वरना बच्चे अपनी जड़ों से दूर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा से अलग नहीं है। हिंदी सभी भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं की सखी है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय क्षेत्रीय भाषाएं हिंदी की पूरक हैं और उसे पूर्ण करती है तथा सभी क्षेत्रीय भाषाओं का प्रचार करना तथा उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से ही संसद में और सांसद अपनी क्षेत्रीय भाषा में बोल रहे हैं और उनकी कही बातों का प्रति शब्द अंग्रेजी और हिंदी में अनुवाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे जन प्रतिनिधियों को सर्वोच्च मंच पर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाने में मदद मिली है। शाह ने कहा कि लोगों को केवल उत्पादों के निर्माण में ही नहीं बल्कि भाषाओं के लिए भी आत्म निर्भर होना चाहिए। उन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केवल हिंदी में बोलने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, हिंदी को लेकर संकोच गुजरी बात है। नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें क्षेत्रीय और हिंदी भाषाओं को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं।

महामारी की स्थिति से निपटने पर उन्होंने कहा कि भारत केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों और 130 करोड़ आबादी के सक्रिय सहयोग के कारण कम से कम नुकसान के साथ कोविड-19 की स्थिति से निपटने में कामयाब रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब भी राष्ट्र को संबोधित किया तो उन्होंने सभी पक्षकारों डॉक्टरों, विशेषज्ञों तथा अन्य से हिंदी में बात की जिससे संदेश जमीनी स्तर तक पहुंचा।

# महिला विरोधी सोच के अगुवा हैं यूपी के सीएम: प्रियंका गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में महिला विरोधी अपराधों का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला विरोधी सोच के अगुवा हैं। उन्होंने हाथरस में एक साल पहले दलित युवती के साथ हुए कथित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले का उल्लेख करते हुए ट्वीट किया, आज से एक साल पहले हाथरस में बलात्कार की भयावह घटना घटी थी और यूपी सरकार ने परिवार को न्याय व सुरक्षा देने की जगह धमकियां दीं थीं और उनसे बेटी के ससम्मान अंतिम संस्कार का हक भी छीन लिया था।



### छत्तीसगढ़ में विमान से पक्षी टकराया, उड़ान रद्द

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित विमानतल से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरते समय यात्री विमान से पक्षी टकरा गया। उड़ान को रद्द कर दिया गया है। विमान में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह समेत 179 यात्री सवार थे। रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि एअर इंडिया के विमान एआईसी469 के उड़ान भरने के दौरान पक्षी उससे टकरा गया। घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह 10.05 बजे एअर इंडिया का विमान नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था। विमान जब रनवे पर था तब उससे पक्षी टकरा गया।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम पर अकाउंट खोला

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने फर्जी खबरों से निपटने के लिए सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर अपना अकाउंट मंगलवार को शुरू किया। इसे पीआईबी फैक्ट चेक के तौर पर शुरू किया गया है, जो टेलीग्राम पर चैनल शुरू करने वाली कुछ सरकारी संस्थाओं में से एक है। इसका उद्देश्य केंद्र से संबंधित सूचना की पुष्टि करना और उसे उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाना है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, इससे पहले तथ्यों की जांच के नाम पर टेलीग्राम पर फर्जी चैनल चल रहे थे। पीआईबी (पत्र सूचना कार्यालय) ने इन फर्जी चैनलों को हटवा दिया। पीआईबी फैक्ट चेक केंद्र सरकार का तथ्यों की जांच करने वाला इकलौता माध्यम है जिसकी स्थापना नवंबर 2019 में हुई थी।

# निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है भारत: सर्वेक्षण

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**डेलॉयट** के एक सर्वेक्षण के अनुसार, आर्थिक वृद्धि की अच्छी संभावनाओं और कुशल कार्यबल के कारण भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। मंगलवार को जारी सर्वेक्षण के नतीजे से पता चलता है कि बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय उद्योगपति भारत की अल्प एवं दीर्घकालीन संभावनाओं में विश्वास रखते हैं और देश में अतिरिक्त निवेश और पहली बार निवेश करने की योजना बना रहे हैं।

इंडियाज एफडीआई ऑपर्चूनिटी सर्वेक्षण के अनुसार, 'सर्वेक्षण में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और सिंगापुर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के 1,200 शीर्ष अधिकारियों से सवाल किए गए। इसमें पाया गया कि भारत अपने कुशल कार्यबल और आर्थिक वृद्धि की अच्छी संभावनाओं के लिए ऊंचे अंक पाते हुए निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है।' इसमें कहा गया कि भारत सात पूंजी-गहन क्षेत्रों कपड़ा और परिधान, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, वाहन एवं कलपुर्जे, रसायन तथा पूंजीगत उत्पादों में अधिक से अधिक एफडीआई आकर्षित करने का लक्ष्य बना सकता है। इन क्षेत्रों ने 2020-21 में देश के व्यापार निर्यात में 181 अरब डॉलर का योगदान दिया था। सर्वेक्षण के अनुसार इन सात क्षेत्रों में त्वरित परिणाम दिखाने और वैश्विक मिसाल कायम करने की जरूरी संभावना, अवसर और क्षमता है।

इसमें पाया गया कि अमेरिका में चीन, ब्राजील, मेक्सिको और वियतनाम जैसे बाजारों की तुलना में भारत को लेकर सबसे मजबूत सकारात्मक धारणा है। अमेरिका और ब्रिटेन के उद्योगपतियों ने भारत की स्थिरता में अधिक विश्वास व्यक्त किया। सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में व्यापार करने में आसानी में सुधार के लिए हाल के सुधारों के बावजूद निवेशकों के बीच इन सुधारों के लेकर कम जागरूकता बनी हुई है।



### भारत को राजनीतिक और आर्थिक रूप से माना जाता है स्थिर

सर्वेक्षण में पाया गया, 'तदनुसार, भारत को चीन और वियतनाम की तुलना में व्यापार करने के लिए एक अधिक चुनौतीपूर्ण वातावरण माना गया।' इसमें कहा गया कि जहां भारत को राजनीतिक और आर्थिक दोनों रूप से स्थिर माना जाता है, देश ने संस्थागत स्थिरता, यानी नियामक स्पष्टता और कुशल न्यायिक निवारण एवं तंत्र के वर्ग में कम अंक हासिल किए। इसमें यह भी कहा गया कि अपर्याप्त बुनियादी ढांचा मौजूदा और संभावित निवेशकों द्वारा बताया गया एक और नकारात्मक कारक था। डेलॉयट ग्लोबल के सीईओ पुनीत रंजन ने कहा: 'हमारा मानना है कि भारत में व्यापार करने में आसानी में सुधार के कारण ही दृष्टिकोण बेहतर हो सकता है, जिसमें वित्तीय लाभ और अन्य सुधार शामिल हैं। ये सकारात्मक कदम मुझे इस बात को लेकर और आश्वस्त करते हैं कि भारत 5,000 डॉलर की अर्थव्यव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की ओर बढ़ रहा है।'

इतावली नौसैनिकों की मामला

# मछुआरे की मां की केरल हाईकोर्ट से मुआवजा दिलाने की गुहार

**एजेंसी।** कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने उस मछुआरे की मां द्वारा मुआवजे की मांग की याचिका पर मंगलवार को केंद्र से जवाब मांगा जो मछली पकड़ने के काम आने वाली नौका सेंट एंटोनी पर सवार था और जिस पर दो इतालवी नौसैनिकों ने 2012 में गोलीबारी की थी। इस घटना से सदमे में आए युवक ने बाद में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामल में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

महिला ने याचिका में कहा है कि नौका के मालिक ने नौका पर सवार लोगों की सूची में उनके बेटे का नाम नहीं भेजा था और इस वजह से सदमे से उबारने के लिए उसकी न तो काउंसलिंग हुई और न ही उन्हें मुआवजा मिला। उनके वकील ने अदालत को बताया कि घटना के बाद सदमे में आए याचिकाकर्ता महिला के बेटे ने बाद में आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने कहा कि महिला के बेटे का नाम उचित मुआवजे पर विचार करने के लिए इतालवी अधिकारियों को भेजा जाना चाहिए था। उस नौका पर सवार रहे और उस घटना का सामना करने वाले दस मछुआरों ने पिछले महीने उच्चतम न्यायालय से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय से कहा था कि नौका के मालिक के लिए दिए गए दो करोड़ रुपये के मुआवजे में से वह कोई राशि जारी नहीं करें। उच्चतम न्यायालय ने केरल के दो मछुआरों को केरल तट के निकट फरवरी 2012 में मार डालने के मामले

# सुपरटेक ट्विन टावर पहुंचीं सीबीआरआई की टीम

## एक हफ्ते में सौंपेगी ध्वस्तीकरण का प्लान, आसपास की इमारतों का ब्योरा मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-93 में स्थित सुपरटेक एमेरॉल्ड ट्विन टॉवर्स को ध्वस्त करने की कवायद शुरू हो गई है। 1 दिन पहले सोमवार को सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट की टीम ने मौके पर जाकर दोनों टावरों का मुआयना किया।

बाद में टीम ने प्राधिकरण के अफसरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और इन दोनों टावरों के आसपास अन्य रिहायशी इमारतों के स्ट्रक्चर फाउंडेशन और सरियों के डिजाइन से संबंधित प्लान का ब्यौरा मांगा।

इन सब को स्टडी करने के बाद सीबीआरआई एक हफ्ते में टावरों को गिराने की कार्ययोजना बनाकर प्राधिकरण को सौंपेगी। टीम अपने साथ मैप, फोटोग्राफ्स और कुछ जरूरी साक्ष्य लेकर गई है। बीते सोमवार की सुबह करीब 10:15 बजे



सीबीआरआई के निदेशक एस गोपाल कृष्णन और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी सुबीर सिंह ट्विन टॉवर्स का मुआयना करने पहुंचे थे। उनके साथ नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल और नियोजन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने ट्विन टॉवर्स और अन्य टावरों के बीच की दूरी का जायजा लिया। इन को ध्वस्त करने में आने वाले तकनीकी पक्षों को भी नोट किया। इन सब को ध्यान में रखकर ही इन्हें गिराने की योजना बनाई जाएगी। पहले टीम ने प्राधिकरण के अफसरों से ट्विन टॉवर्स के आसपास की सभी बिल्डिंग का डिजाइन बेस स्ट्रक्टर और फाउंडेशन प्लान मांगा है ताकि पता लगाया जा सके कि आसपास की इमारतें कितनी मजबूत हैं।

बड़ी बात यह है कि प्राधिकरण के पास भी इन इमारतों की इस तरह की जानकारी नहीं है। अफसरों ने बिल्डर को खत लिखकर जानकारी देने को कहा है। अगले दो-तीन दिन में अथॉरिटी यह जानकारी सीबीआरआई को देगी। उसके बाद दो-तीन दिन में कार्य योजना बनेगी। माना जा रहा है कि 1 हफ्ते में योजना तैयार हो जाएगी। जानकारों का कहना है कि सीबीआरआई टावरों को ध्वस्त करने में दक्ष एजेंसी नहीं है। इसलिए विदेशी एक्सपर्ट कंपनियों की मदद ली जा सकती है। इसमें अमेरिका यूरोप के कुछ देश अफ्रीका और अन्य देशों की कंपनियों को मौका दिया जा सकता है। हालांकि सीबीआरआई ने आरडब्लूए को आश्वस्त करते हुए कहा है कि दोनों टावरों को गिराने का काम सुरक्षित ढंग से किया जाएगा।


निवासियों और अन्य टावरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इन दोनों टावर को ध्वस्त करने में 1.2 करोड़ नहीं बल्कि 6.7 करोड़ खर्च आने की संभावना है।

एक्सपर्ट का कहना है कि गिराने के बाद मलबे को सेक्टर-80 में स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन प्लांट में ले जाकर री-साईकिल किया जाएगा। हालांकि इस दौरान यह ध्यान रखा जाएगा कि आसपास के क्षेत्र में ज्यादा प्रदूषण ना हो।

## पुलिस मुठभेड़ में मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर 58 क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गयौ। गिरफ्तार बदमाश सड़क पर जा रहे लोगों के सीने में पत्थर मारकर उनका मोबाइल फोन लूट लेता था।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह कोतवाली सेक्टर 58 क्षेत्र में जा रहे विजय के सीने में बदमाशों ने पत्थर मारकर उसका मोबाइल फोन



लूट लिया था। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक बदमाश को रोकने की कोशिश की जिस पर वह पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगा। पुलिस की तरफ से की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। एसीपी-2 रजनीश वर्मा ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान ऋषभ के रूप में हुई है।

# आम्रपाली के पूर्व निदेशक पर कार्रवाई, संपत्ति कुर्क

- मामले में अब 20 को फिर होगी सुनवाई
- प्रेम मिश्रा पर 10.26 करोड़ की राशि बकाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा





प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने अम्रपाली समूह के एक पूर्व निदेशक की 4.79 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है।

साथ ही ईडी ने शेल कंपनियों के माध्यम से घर खरीदारों के पैसे का हेरफेर करने से संबंधित फर्जीवाड़े की जांच जारी रखी है। आम्रपाली समूह से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को यह बड़ी जानकारी दी। हालांकि इस मामले में अब 20 सितंबर को फिर सुनवाई होगी।

शीर्ष अदालत में जस्टिस यूयू ललित और अजय रस्तोगी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने पीठ को बताया कि प्रेम मिश्रा की संपत्ति कुर्क की गई है। वह आम्रपाली के रियल्टी फर्म में निदेशक थे। यह संपत्ति उन्होंने घर खरीदारों के पैसे से अवैध रूप से अर्जित की थी। अदालत की तरफ से नियुक्त फॉरेंसिक ऑडिटर पवन कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रेम मिश्रा पर 10.26 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। फॉरेंसिक ऑडिट और अदालत के 2019 के फैसले में यह रिकॉर्ड है।

सुप्रीम कोर्ट ने जैन को ईडी की स्टेटस रिपोर्ट और प्रेम मिश्रा की संपत्तियों की कुर्की आदेश की एक कॉपी फ रेंसिक ऑडिटर को जमा कराने के लिए कहा। ताकि इनका मिलान कराया जा सके और 1 हफ्ते में रिपोर्ट जमा हो सके। पीठ ने आदेश देते हुए कहा है कि ईडी का एक संबंधित अधिकारी मिश्रा के मामले में अग्रवाल की मदद करेगा।

प्रेम मिश्रा की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा जब अदालत के समक्ष मामले की सुनवाई चल रही है तो उनके मुवक्किल को ईडी के सामने पेश होने के लिए मजबूर न किया जाए। जैन ने इस पर आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि धनशोधन रोकथाम संबंधी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। क्योंकि इस संबंध में मामला दर्ज हुआ है। हालांकि सोमवार को सुनवाई किसी नतीजे तक नहीं पहुंची। अब इसमें 20 सितंबर को फिर सुनवाई की जाएगी।

# लगातार बारिश के चलते ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिछले 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से प्रशासन ने होने वाले विकासखंड स्तरीय खेल आयोजन रद्द कर दिया है।

डीएम सुहास एलवाई ने आदेश देते हुए कहा है कि अब इन खेलों का आयोजन मौसम ठीक होने के बाद कराया जाएगा। दरअसल लगातार हो रही बारिश की वजह से सभी स्पोर्ट्स ग्राउंड में पानी भर गया है और यहां खेलों का आयोजन मुश्किल है। गौतमबुद्ध नगर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ऋषि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम खराब एवं बारिश के कारण खेल मैदानों में पानी भर गया है। इसको देखते हुए जिला योजना के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी गयी है।

उन्होंने कार्यक्रम के विवरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया जेवर के जनता इंटर कॉलेज जेवर में 18 सितंबर को विकासखंड दादरी के मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी में तथा 15 सितंबर को विकासखंड बिसरख के चौधरी वेदराम ग्रामीण स्टेडियम दुजाना बिसरख में एथलेटिक्स कुश्ती भारोत्तोलन वॉलीबॉल कबड्डी आदि खेलों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं कराया जाएगा।



# नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ जमा हुए हजारों किसान, दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी चार अहम मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 81 गांवों के किसानों का प्रदर्शन लगातार दूसरे हफ्ते जारी है।

मंगलवार को फिर से नोएडा के सेक्टर-5 के हरौला में हजारों की संख्या में किसान इकट्ठा हुए हैं। भारी संख्या में महिलाएं में प्रदर्शन में पहुंची हैं। उनका कहना है कि जब तक नोएडा प्राधिकरण उनकी मांगें पूरी नहीं करेगा प्रदर्शन जारी रहेगा। उनका कहना है कि अगर मांगे पूरी नहीं हुईं, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण की होगी। भारतीय किसान परिषद इस प्रदर्शन की अगुवाई कर रहा है। बताते चलें कि अपनी मांगों को लेकर किसान 1 सितंबर से आंदोलन कर रहे हैं।

सुरक्षा-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नोएडा पुलिस ने 103 किसानों और नेताओं को जेल भेजा था। जिन्हें बाद में रिहा किया गया। उसके बाद फिर से प्रदर्शनकारी किसान रणनीति बनाकर अथॉरिटी के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे किसान नेता सुखवीर सिंह खलीफा ने आज कहा निश्चित तौर पर रोज धरना होगा। प्रदर्शन होगा। हम अपनी ताकत लगाएंगे। हमारा जो हक भ्रष्टाचारियों ने दबा कर रखा है उसे छीन कर लेंगे। अब आर-पार की लड़ाई होगी। पीछे हटने का कोई सवाल नहीं। यहां पूरी तरह पीड़ित किसान बैठे हैं।

# बिल्डरों को लाभ- करोड़ों के राजस्व की चपत

- अस्थाई बिजली कनेक्शन की धांधली सामने आई

**पायनिर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा व ग्रेटर नोएडा में अस्थाई बिजली कनेक्शन की धांधली में करोड़ों रुपये की काली कमाई करने की बात सामने आई है।

पावर कॉरपोरेशन इस घोटाले के कारण हुए राजस्व के नुकसान का आंकलन भी करवाएगा। विभाग को चूना लगाकर मोटी कमाई करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ उप्र पावर कॉरपोरेशन सख्त एक्शन लेने की तैयारी में है। दोषी बर्खास्त तक किए जा सकते हैं। फिलहाल, आरोपी 23 इजीनियरों के खिलाफ आरोपपत्र तैयार किए जा रहे हैं। जांच टीम से जुड़े एक अधिकारी ने बताया, नोएडा और ग्रेटर नोएडा की महज तीन डिविजन की जांच की गई है, जिसमें यह खुलासा हुआ है। अगर ठीक से जांच हो तो बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आएंगे।

लोड कम दिखाने के साथ ही, बिलिंग नहीं करने और रिकॉर्ड गायब करने जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं। पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज का कहना है कि प्रारंभिक जांच में कई स्तर पर अनियमितताएं प्रकाश में आई हैं।

बिल्डरों को लाभ पहुंचाते हुए विभागीय राजस्व की क्षति की गई है। बिल की वसूली भी समय से नहीं की गई। बकाये बिल को किस्तों में वसूलने का काम किया गया। चेयरमैन का कहना है कि चार्ज शीट आरोप पत्र तैयार की जा रही है।

## निजी बैंक ने दिए अथॉरिटी को 3 करोड़ रुपये

**नोएडा।** निजी क्षेत्र में देश के एचडीएफ सी बैंक ने शहर के लिए बडा काम किया है। बैंक ने यूनाइटेड नेशंस डेवेलपमेंट प्रोग्राम के तहत ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथॉरिटी के साथ एक समझौता किया है। इस एमओयू पर मंगलवार को हस्ताक्षर किये गये हैं।

इस एमओयू के तहत शहर में एक स्वच्छता केन्द्र मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की स्थापना की जाएगी। इस सुविधा से ग्रेटर नोएडा के लोगों को फायदा होगा।

बैंक ने अपने फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम परिवर्तन के तहत इस प्रोजेक्ट को स्पॉन्सर किया है। बैंक ने लगभग 3 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। बैंक लो.कार्बन इकोनॉमी की ओर बढ़ने के लिए सरकार के सभी मिशन और पहलों से जुड़ा हुआ है।

# कल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को मिले लाभ: भराला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

श्रम विभाग की लाभकारी योजनाओं का कम से कम हर जिले में 25 लोगों को काम मिलना अनिवार्य है, यदि इस मामले में सरकारी अधिकारियों ने कोताही बढ़ती तो उनके खिलाफ शासन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

यह जानकारी श्रम कल्याण परिषद यूपी के अध्यक्ष सुनील भराला ने दी। वह श्रम विभाग कार्यालय में हिंदी दिवस के मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा सरकार योजना बना देती है लेकिन उसका लाभ पात्र लोगों को नहीं मिल पाता है। यह अधिकारियों की उदासीनता का नतीजा होता है।



उत्तर प्रदेश सरकार ने यह मापदंड निर्धारित किया है ताकि सभी पात्र लोगों को श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। श्रम विभाग की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं हैं, वे सब महापुरुषों के नाम से जानी जाएगी। लोगों के हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं ला रहा है ताकि गरीबी से नीचे जीवन निर्वाह कर रहे लोगों को लाभ मिल सके।

# पत्नी निकली हत्याकांड की मास्टमाइंड, गिरफ्तार

**अनीस की हत्या मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र स्थित नाहल ढबारसी के जंगल में 11 अगस्त को 32 वर्षीय अनीस नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में पुलिस ने अनीस की पत्नी दिलशादी उर्फ गुड्डी को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है।

गुड्डी अनीस के फूफा जान मोहम्मद से प्यार करती थी जिसके चलते दोनों ने मिलकर अनीस की हत्या का प्लान बनाया। पुलिस अधीक्षक देहात डॉ इरज राजा ने बताया कि गुड्डी का पति अनीस कोई काम धंधा नहीं करता था, यह सब बातें जब अनीस के फूफा जान मोहम्मद को पता चला तो उसने गुड्डी से नजदीकियां बढ़ा ली और





पुलिस गिरफ्त में दिलशादी उर्फ गुड्डू।

उसे भरोसा दिया कि वह उसे सारा खर्चा देगा और अनीस को अपने रास्ते से हटा देगा योजना के तहत 11 अगस्त को अनीस को यह कहकर हापुड़ के लिए रवाना किया कि जान मोहम्मद उसे कुछ जमीन वगैरा खरीद जाएगा इसलिए वहां चला जाए। गुड्डी ने अनीस को टैंपू में बैठा कर रवाना कर दिया। रास्ते में जान मोहम्मद, अनीस को लेकर जंगल में चला गया, जहां उसकी हत्या कर दी गई।

# दूसरी डोज के लिए स्लॉट बुकिंग की जरूरत नहीं : जिलाधिकारी

**कोविड टीकाकरण**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने जनपदवासियों से आह्वान किया है कि निर्धारित समय पूरा होने के बाद अपने नजदीकी सेंटर पर जाकर कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज निशुल्क लगवाएं।

दूसरी डोज के लिए पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की भी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा दूसरी डोज के लिए निर्धारित समय पूरा होने पर आपके मोबाइल पर मैसेज आ जाए तो किसी भी नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीके की दूसरी डोज लगवा लें। टीकाकरण जरूरी है। कोविड की तीसरी लहर से पहले जितना अधिक टीकाकरण हो जाएगा कोविड का खतरा उतना ही कम हो जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने बताया जनपद में अब तक 18 से 44 वर्ष आयुवर्ग वाले 60.80 फीसदी पहली डोज और 18 फीसदी दूसरी डोज ले चुके हैं, जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु वाले 66 फीसदी पहली और 50.60 फीसदी लोग दूसरी डोज ले चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया जनपद के सभी नागरिकों से आव्हान किया गया है कि पहली डोज लगवा चुके लोग टीकाकरण केंद्र पर जाकर सरकार के निशुल्क टीकाकरण अभियान का लाभ उठा सकते हैं।

# मोबाइल वैन से किसानों को मिलेगी खेती की जानकारी

- नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सी.के गौतम ने गाड़ी को झंडी दिखाकर किया रवाना



नाबार्ड के प्रबंधक सीके गौतम वैन को रवाना करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में कृषि की आधुनिक तकनीक से ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करने व प्रसंस्करण और मार्केटिंग से जुड़े मामलों की किसानों को जानकारी देने के लिए एक सचल मोबाइल जिले में भ्रमण करने के लिए रवाना की गई। इस वैन को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सी.के गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह वैन पूरे जिले में भ्रमण करेगी और किसानों को खेती की नई तकनीकी के बारे में टिप्स देगी। इस अभियान का नाम क्षमता निर्माण रखा गया है। किसानों को नई तकनीक के बारे में जानकारी देने वाली विशेषज्ञ टीम में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा , पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार हरियाणा एवं आयुर्वेट रिसर्च फाउंडेशन सोनीपत हरियाणा के विशेषज्ञ शामिल है।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सी के गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान कृषि प्रणाली, नवीन तरीके से सब्जियों और फलों की खेती, हाइड्रोपोनिक्स खेती, जैविक खेती ,पशु स्वास्थ्य और नस्ल सुधार, दूध प्रसंस्करण और संबंधित जानकारी एकीकरण और पशुधन सुधार से संबंधित अन्य तकनीकी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज दिन अच्छा रहेगा। दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है, सीनियर से विचार-विमर्श कर सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए घर के सभी सदस्यों की राय जरूर लें। मन मुताबिक काम पूरे होने पर जीवनसाथी खुश होगा। बिजनेस में भारी लाभ होने की उम्मीद है। जॉगिंग पर जाने से आप दिनभर खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**भाग्यांक: 3**
**विशेष:** मांस मदिरा का पूर्णता त्याग कर दे।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

बिजनेस के कामों के लिहाज से दिन बेहतर है। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करें। कॅरियर से जुड़े कई सुनहरे मौके मिलेगें। कामकाज में बदलाव होने के योग बन रहे हैं। छुट्टी पर जाना है तो चिंता न करें, आपकी गैरहाजिरी में सभी काम ठीक से चलते रहेंगे। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। कार्यकुशलता में कमी रहेगी। कोई बड़ी गलती हो सकती है। सारे काम सफल होंगे।

**भाग्यांक: 2**
**विशेष:** महिलाओं का सम्मान करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

साहस और आत्मविश्वास-स्तर उच्चतम स्तर पर हैं। रचनात्मक उद्देश्यों में पूरा उपयोग करने में सफल होंगे। व्यापारिक क्षेत्र में विपरीत स्थितियों से दृढ़ता से निपटेंगे। प्रगतिशील बदलाव अद्भुत काम करेंगे। महत्वाकांक्षाएं पूरी हो जाएगी और कुछ नए अधिग्रहण हो सकते हैं। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण संबंध स्थापित करेंगे और लोकप्रियता बहुत बढ़ेगी।

**भाग्यांक: 9**
**विशेष:** सूर्य देवता को जल अर्पित करें।

### कर्क
(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

अच्छे मौके मिलने के योग बन रहे हैं। सही स्थिति और सही ऑप्शन को समझने की पूरी कोशिश करें। ऑफिस या किसी और जगह पैसों से जुड़ा नुकसान भी हो सकता है। मन की बात किसी से शेयर न करें। कोई पर्सनल बात भी सामने आ सकती है। नया काम शुरू न करें। बड़े काम के लिए समय ठीक नहीं है। थोड़ा रुके और विचार कर के काम करें। स्थिति और आय के स्तर में सुधार संभव है।

**भाग्यांक: 3**
**विशेष:** तांबे का कड़ा धारण करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। जीवन में नई उर्जा का संचार होगा। नए बिजनेस की शुरुआत करना चाहते हैं, तो आज का दिन शुभ है। पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है। नए कार्यों में रूचि बढ़ेगी। फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। वकीलों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। जरुरी केस पक्ष में रहेगा। सारे काम पूरे हो जाएंगे।

**भाग्यांक: 2**
**विशेष:** भोजन में नमक ना खाएं।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

नौकरी या व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। चोट और दुर्घटना से हानि संभव है। ऑफिस में बेहतर नतीजे मिलेंगे सहकर्मी भी सहयोगी बनेंगे। घर गृहस्थी का भरपूर आनंद मिलेगा। जोखिम भरे कार्यों को करने से भी लाभ प्राप्त होगा। प्रेम जीवन में दिन कमजोर रहेगा। कार्य सरलतापूर्वक पूर्ण होते रहेंगे। सभी शिकायतें गायब हो जाएंगी। बुद्धि व ज्ञान की वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**भाग्यांक: 9**
**विशेष:** भगवान गणेश को घास की माला अर्पित करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

भाग्य आपके साथ है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं, जो आपके लाभ को बढ़ा सकते हैं। काम के लिए विदेश जाना चाहते हैं, तो प्रयासों को आगे बढ़ाएं। वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे। प्रतिद्वंद्वी गतिविधि नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगी। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

**भाग्यांक: 3**
**विशेष:** गणेश जी को लड्डू का भोग लगाएं।

### वृश्चिक
तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बड़ा फायदा भी होने के योग बन रहे हैं। खुद के लिए समय निकालें, अच्छा रहेगा। पुरानी बातों पर सोचना बंद करें। पुरानी चिंता के साथ आने वाले दिनों की भी टेंशन रहेगी। हालांकि, मन में रह-रहकर पुरानी बाते ही चलेंगी। किसी से बेवजह न उलझें। बिजनेस में कोई जोखिम न लें। यह एक मनोरंजक यात्रा होगी और मानसिक शांति भी मिलेगी।

**भाग्यांक: 4**
**विशेष:** साबुत मूंग की दाल का दान करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

आपका आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन यात्रा करने में बीतेगा, यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। दूर के रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न हो जाएगा। इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। कंपनी से जॉब के लिए ईमेल आ सकती है। दिन स्टूडेंट्स के लिए अच्छा रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है। आर्थिक पक्ष में स्थिरता रहेगी। सभी काम बनेंगे। रुके हुए काम पूरे हो सकते है।

**भाग्यांक: 1**
**विशेष:** सूर्य देवता को जल दें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। कुछ बातों में टकराव और तनाव होने के योग बन रहे हैं। काम में नयापन आएगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। शुभ सूचना भी प्राप्त होगी। मेहनत का पूरा फल मिलेगा। बिना सोचे-समझे निर्णय न लें वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है। अपने बोले गए शब्दों पर जांच रखना बुद्धिमानी की बात हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक: 1**
**विशेष:** साबुत मूंग की दाल गाय को खिलाएं।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

जीवनसाथी या सहयोगियों का साथ आधे-अधूरे मन से मिलेगा। इस कारण किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाएंगे। यह स्थिति मानसिक उलझन और तनाव में डालेगी। अपनी कमजोरियों को किसी के आगे न बताएं चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि आप मजबूर हैं या परेशान हैं इसका आभास भी किसी को न होने दें। नौकरी बदलने का ख्याल छोड़ दें। स्वास्थ्य संबंधी कुछ मामूली परेशानी हो सकती है।

**भाग्यांक: 8**
**विशेष:** शंकर जी को जल अर्पित करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आप जो काम हाथ में लिया है, उस पर बारीकी से विचार करें। दोस्त मददगार रहेंगे। दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ भी समय बीतेगा। अचानक छोटा-मोटा फायदा हो सकता है। आकर्षण शक्ति बढ़ सकती है। खुद पर कंट्रोल नहीं हो पाएगा। न चाहते हुए भी राज की बात लोगों को बता सकते हैं। पैसों की स्थिति को लेकर भी तनाव हो सकता है। कुछ खास काम अधूरे रह सकते हैं या रुकावटें आने के योग बन रहे हैं।

भाग्यांक: 6
विशेष: हरे रंग का रुमाल जेब में रखें।

# एक दिवसीय रैंकिंग: मिताली के साथ शीर्ष पर पहुंची ली

एजेंसी। दुबई

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ पहले मैच में बड़ी अर्धशतकीय पारी खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेल ली मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला रैंकिंग में भारतीय कप्तान मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई। ली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 91 रन बनाए।

मिताली ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है और अब वह ली के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों बल्लेबाजों के 762 रेटिंग अंक हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीसरे स्थान पर हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। जून 2018 में पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के बाद इस साल मार्च में भी नंबर एक बल्लेबाज बनी ली ने दूसरे मैच में 18 रन बनाए थे। भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी और सीनियर स्पिनर पूनम यादव गेंदबाजों की सूची में क्रमशः पांचवें और नौवें स्थान पर बरकरार हैं। दीप्ति शर्मा आलराउंडरों की सूची में पांचवें स्थान पर कायम हैं।



### टी-20 रैंकिंग में शेफाली नंबर एक पर

भारत की युवा स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 759 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं। उनके बाद आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी (744) और भारतीय की टी-20 उप कप्तान मंधाना (716) का नंबर आता है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति (छठे) और पूनम (आठवें) की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है। दीप्ति आलराउंडरों की सूची में भी चौथे स्थान पर कायम हैं। टी-20 गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड की सारा ग्लेन एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की आफ स्पिनर लेघ कास्पेरेक सात स्थान के फायदे से 15वें जबकि आलराउंडर जेस केर आठ स्थान के फायदे से 58वें स्थान पर हैं।



## आस्ट्रेलिया से टी-20 विश्वकप में मिली हार के बाद

# टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार : स्मृति मंधाना

एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा है कि पिछले साल टी-20 विश्वकप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है और यहां आगामी श्रृंखला के दौरान वे काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेंगे। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे, एक दिन रात का टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला 21 सितंबर से खेली जाएगी। टेस्ट 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कैनबरा में होगा। आखिरी बार दोनों टीमों का सामना पिछले साल एमसीजी पर महिला टी-20 विश्वकप फाइनल में हुआ था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 85 रन से जीत दर्ज की थी।

मंधाना ने द स्कूप पॉडकास्ट पर कहा, उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है। भारतीय टीम ने सोमवार को अपना 14 दिन का कड़ा पृथकवास पूरा कर लिया। मंधाना ने कहा, कोरोना के कारण टी-20 विश्वकप के बाद बड़ा ब्रेक हो गया। लड़कियों ने अपने खेल के बारे में और जाना और कमियों को दुरूस्त करके मजबूती से वापसी की है। उन्होंने कहा, पूरी टीम ने अपनी फिटनेस और कौशल पर काम किया है। हम लगातार मैच खेलने की लय में लौट रहे हैं। उम्मीद है कि यह श्रृंखला अच्छी होगी। मंधाना ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला हमेशा प्रतिस्पर्धी होती है और भारतीय टीम को यहां की पिचों पर बल्लेबाजी करने में मजा आता है। उन्होंने कहा, हम सभी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है क्योंकि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलती है। दोनों टीमें शनिवार को अभ्यास मैच खेलेंगी।

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले मलिंगा ने लिया संन्यास

एजेंसी। कोलंबो

**डेढ़** दशक से अधिक समय तक बल्लेबाजों के बीच अपनी सटीक यॉर्कर से दहशत पैदा करने वाले श्रीलंका के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। सीमित ओवरों के क्रिकेट के दिग्गज और टी-20 प्रारूप के महानतम गेंदबाजों में से एक 38 साल के मलिंगा 2014 में टी-20 विश्वकप जीतने वाली श्रीलंका की टीम के कप्तान रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। मलिंगा ने ट्वीट किया, टी-20 को अलविदा कह रहा रहूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मेरी यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया और आगामी वर्षों में युवा क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभव साझा करने को लेकर उत्सुक हूं।

मलिंगा ने एक वीडियो में कहा, मैं टी-20 से पूरी तरह आराम चाहता हूं। मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मलिंगा ने श्रीलंका की ओर से आखिरी टी-20 मुकाबला मार्च 2020 में पाल्लेकल में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला। श्रीलंका के लिए सभी प्रारूपों में मिलाकर 546 विकेट चटकाने वाले मलिंगा ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और इसके बाद उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों से भी संन्यास ले लिया, लेकिन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में खेलना जारी रखा। उन्हें अगले महीने से होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए श्रीलंका की टीम में जगह नहीं दी गई थी। पिछले साल मलिंगा ने टी-20 विश्वकप में श्रीलंका की अगुआई करने की इच्छा जताई थी जिसका आयोजन अक्टूबर-नवंबर 2020 में आस्ट्रेलिया में होना था लेकिन कोविड-19 के कारण टूर्नामेंट स्थगित हो गया और अब टी-20 विश्वकप अगले महीने होगा। वह राष्ट्रीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग टीम मुंबई इंडियन्स सहित जिन फ्रेंचाइजियों के लिए खेले उन्हें धन्यवाद देते हुए मलिंगा ने कहा, मैं आगामी वर्षों में युवाओं की मदद करने और उनका मार्गदर्शन करने को लेकर उत्सुक हूं। मलिंगा ने 122 आईपीएल मैचों में 170 विकेट चटकाए जो इस लुभावनी टी-20 लीग में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 13 रन देकर पांच विकेट रहा। मलिंगा ने 84 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 107 विकेट, 226 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 338 विकेट और 30 टेस्ट मैचों में 101 विकेट चटकाए। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा करने वाले पहले गेंदबाज हैं।



### आज का दिन मेरे लिए खास है

मलिंगा ने अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो में कहा, पिछले 17 साल में मैंने जो अनुभव हासिल किया उसकी मैदान पर अब जरूरत नहीं है इसलिए मैंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया जिसके साथ मैंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। उन्होंने कहा, लेकिन मैं युवा पीढ़ी का लगातार समर्थन करता रहूंगा और खेल से प्यार करने वालों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे सफल गेंदबाज मलिंगा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दो हैट्रिक बनाई। उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी तीन हैट्रिक हासिल की। मलिंगा ने कहा, आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है। मैं प्रत्एक उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं जिसने मेरी टी-20 यात्रा में मेरा समर्थन किया। मैं श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड और टीम के सदस्यों, मुंबई इंडियन्स क्रिकेट टीम विशेषकर टीम के मालिकों और अधिकारियों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं।

# आईपीएल की नई टीमों के लिए ई-बोली 17 अक्टूबर को

एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 17 अक्टूबर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों के लिए ई-बोली लगाने की योजना बना रहा है और टीमों को खरीदने के लिए पांच अक्टूबर तक बोली जमा की जा सकती है। इस योजना से जुड़े सूत्र ने मंगलवार को एजेंसी से कहा, बोर्ड 17 अक्टूबर को बोली लगाने की योजना बना रहा है और यह ई-बोली होगी।

बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी की बोली लगाने के लिए 31 अगस्त को निविदा जारी की थी। निविदा पांच अक्टूबर तक जमा की जा सकती है। बोर्ड ने बयान में कहा था, आईपीएल की संचालन परिषद आईपीएल 2022 सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए प्रस्तावित दो नई टीमों में से एक का स्वामित्व और संचालन का अधिकार हासिल करने के लिए निविदा प्रक्रिया के जरिए बोली आमंत्रित करती है। इसमें कहा गया था, कोई भी इच्छुक पक्ष जो बोली जमा कराना चाहता है उसे निविदा आमंत्रण खरीदना होगा।



### बोली लगाने के लिए बीसीसीआई ने 31 अगस्त को की थी निविदा जारी

हालांकि निविदा आमंत्रण में लिखित पात्रता को पूरा करने वाले और अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले बोली के पात्र होंगे। स्पष्ट किया जाता है कि सिर्फ निविदा आमंत्रण को खरीदने से कोई व्यक्ति बोली लगाने का पात्र नहीं होगा। नई टीमों जो आधार स्थल होंगे उनमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे भी शामिल हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लखनऊ का इकाना स्टेडियम फ्रेंचाइजी की पसंद हो सकते हैं क्योंकि इन स्टेडियमों की क्षमता अधिक है।

## संक्षिप्त समाचार

### माने, रंधावा सहित शीर्ष गोल्फर भाग लेंगे जे एंड के ओपन में

**श्रीनगर।** ओलंपिक में भाग लेने वाले उदयन माने और एशियाई टूर के पूर्व विजेता ज्योति रंधावा और राशिद खान सहित देश के चोटी के गोल्फर बुधवार से यहां शुरू हो रही जे एंड के ओपन गोल्फ प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 40 लाख है और इसका आयोजन भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) और जम्मू कश्मीर पर्यटन विभाग मिलकर कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में खेली जाएगी। प्रो एम प्रतियोगिता 19 सितंबर से होगी। टूर्नामेंट में 125 गोल्फर भाग लेंगे जिनमें 119 पेशेवर और छह एमेच्योर गोल्फर शामिल हैं। माने, रंधावा और राशिद के अलावा जो गोल्फर इसमें हिस्सा लेंगे उनमें करणदीप कोचर, खालिन जोशी, विराज मदप्पा, एस चिक्कारंगप्पा, अमन राज, क्षितिज नवीन कौल और मनु गंडास भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में बांग्लादेश के मोहम्म्द जमाल हुसैन और बादल हुसैन भी भाग लेंगे।

### एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बर्नली को हराया

**लिवरपूल।** एवर्टन ने शानदार वापसी करते हुए सात मिनट के भीतर तीन गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में बर्नली को 3-1 से हरा दिया। बेन मी का यह 200वां प्रीमियर लीग मैच था और उन्होंने बर्नली के लिए 53वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद हालांकि सात मिनट के भीतर एवर्टन ने तीन गोल किए। माइकल कीन ने पहला, एंड्रोस टाउनसेंड ने दूसरा और डेमाराइ ग्रे ने तीसरा गोल दागा। अब इस जीत के बाद एवर्टन दस अंक लेकर मैनचेस्टर युनाइटेड, चेलसी और लिवरपूल के साथ चौथे स्थान पर है।

### ए-लीग के स्टार डिफेंडर तोमिस्लाव मर्सेला ईस्ट बंगाल से जुड़े

**कोलकाता।** एससी ईस्ट बंगाल ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से पहले अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत करने के लिए पर्थ ग्लोरी के स्टार डिफेंडर और आस्ट्रेलियाई सेंटर बैक तोमिस्लाव मर्सेला से अनुबंध किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुएल मोनोलो डियाज ने तोमिस्लाव के रूप में दूसरा विदेशी खिलाड़ी टीम से जोड़ा है। तोमिस्लाव छह फुट और चार इंच लंबे हैं। वह 2018 में दो साल के अनुबंध पर पर्थ ग्लोरी से जुड़े थे। इस ए लीग क्लब ने उनके रहते हुए ए-लीग प्रीमियरशिप का खिताब जीता। लीग की सफलताओं में तोमिस्लाव ने अहम योगदान दिया था। तोमिस्लाव ने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, मुझे क्लब के बारे में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। मेरे अच्छे दोस्त हैं जो भारत में खेले हैं और क्लब के बारे में भी जानते हैं और उन्होंने मुझे बताया कि इस क्षेत्र में यह क्लब कितना बड़ा नाम है। पर्थ में जन्में तोमिस्लाव को 2018 में आस्ट्रेलियाई टीम में भी चुना गया था।

### पूर्व भारतीय खिलाड़ी व बागान के दिग्गज भबानी का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मोहन बागान के दिग्गज भबानी रॉय का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को कोलकाता में निधन हो गया। वह 75 बरस के थे। रॉय को पिछले कुछ दिनों से शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रॉय ने 1969 में मर्डेका कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीन मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया। घरेलू स्तर पर वह 1968 और 1971 में संतोष ट्रॉफी जीतने वाली पश्चिम बंगाल की टीम का हिस्सा रहे। वह 1968 से मोहन बागान की ओर से क्लब फुटबॉल खेले। उन्होंने 1972 में टीम की कप्तानी की जो टीम के साथ उनका अंतिम साल था। रॉय ने अपने कॅरियर की शुरूआत बागान के चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल के साथ 1964 में की थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रॉय के निधन पर शोक जताया है। एआईएफएफ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा, भबानी रॉय के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। भारत में खेल में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। मैं काफी दुखी हूं।

### मोहम्मडन एससी को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा एफसी बेंगलुरू

**कल्याणी।** एफसी बेंगलुरू ने दूसरे हॉफ में किए गए दो गोल की बदौलत मंगलवार को यहां मोहम्मडन एससी को 2-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों ने पहले ही अंतिम आठ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली थी और ऐसे में यह मैच ग्रुप का विजेता तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण था। बारिश से प्रभावित मैच के पहले हॉफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। बेंगलुरू के थोकचोम जेम्स सिंह ने 64वें मिनट पर हेडर पर पहला गोल किया। मोहम्मडन की वापसी के प्रयासों के बावजूद बेंगलुरू ने अपनी बढ़त कायम रखी। बेंगलुरू को इंजुरी टाइम के पांचवें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे स्लोवेनिया के फारवर्ड लुका मासेन ने गोल में बदला।

## कैंटले को पीजीए टूर में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोल्फर चुना गया

**वाशिंगटन।** पैट्रिक कैंटले को इस सत्र में चार जीत के दम पर पीजीए टूर में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोल्फर चुना गया। पीठ दर्द के कारण तीन साल तक खेल से दूर रहने वाले कैलिफोर्निया के 29 वर्षीय कैंटले को सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जैक निकलॉस पुरस्कार मिला। उन्होंने इस सत्र में चार खिताब जीते जबकि कोई भी अन्य खिलाड़ी दो से अधिक खिताब नहीं जीत पाया। पीजीए टूर ने कैंटले को मिले मतों की जानकारी नहीं दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जॉन रहम और कैंटले के बीच कड़ा मुकाबला चला था। रहम को इस बीच पीजीए ऑफ अमेरिका पुरस्कार दिया गया।

## एएफसी ने किया फीफा की पहल का स्वागत

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मौजूदा चार साल की जगह प्रत्येक दो साल में पुरुष और महिला विश्वकप के आयोजन के इरादे से विकल्पों पर विचार के लिए फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया का मंगलवार को स्वागत किया। फीफा का लक्ष्य नए अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर का अधिक से अधिक फायदा उठाना है और इसमें मौजूदा चार साल के अंतराल की जगह प्रत्येक दो साल में विश्वकप के आयोजन की व्यावहारिकता पर गौर करना भी शामिल है। एएफसी सहित सदस्य संघों ने फीफा का समर्थन किया है।

## 'एक को छोड़ना था, तो आईपीएल पर विश्वकप और एशेज को चुना'

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने कहा है कि उनके लिए लगातार तीन टूर्नामेंट खेलना काफी कठिन होता लिहाजा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग पर टी-20 विश्वकप और एशेज श्रृंखला कोो तरजीह दी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले वोक्स के अलावा जॉनी बेयरस्टॉ (सनराइजर्स हैदराबाद) और डेविड मलान (पंजाब किंग्स) ने भी आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। वोक्स ने द गार्डियन से कहा, मुझे पता नहीं था कि विश्वकप टीम में मेरा चयन होगा। आईपीएल का कार्यक्रम नए सिरे से बना और अब यह इस समय हो रहा है। उन्होंने कहा, विश्वकप और एशेज को देखते हुए समय बहुत कम है। मुझे आईपीएल खेलकर खुशी होती लेकिन अब छोड़ना होगा।

## रमीज ने दिए घरेलू खिलाड़ियों का मासिक वेतन बढ़ाने के आदेश

**कराची।** पूर्व कप्तान रमीज राजा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का अध्यक्ष बनने के कुछ घंटों बाद ही सभी घरेलू खिलाड़ियों के मासिक वेतन में 1,00,000 रुपये की बढ़ोतरी करने का आदेश दिया। पीसीबी ने कहा कि 192 घरेलू क्रिकेटरों के वेतन में तुरंत प्रभाव से वृद्धि की जाएगी। वेतनमान में वृद्धि से प्रथम श्रेणी और ग्रेड प्रतियोगिताओं के खिलाड़ी 1,40,000 से 2,50,000 प्रति माह कमा पाएंगे। पीसीबी ने कहा कि नए अध्यक्ष का सभी वर्गों के वेतन में वृद्धि करने के आदेश का मतलब है कि ग्रुप डी वर्ग के खिलाड़ी के मासिक वेतन में 250 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी।

# ओलंपिक पदक शुरुआत भर है, हम नंबर एक टीम बनना चाहते हैं : शमशेर

एजेंसी। नई दिल्ली

**फॉरवर्ड** शमशेर सिंह ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक कांस्य पदक भारतीय हॉकी टीम के लिए शुरुआत मात्र है और उसे दुनिया की नंबर एक टीम बनना है। पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर कांस्य पदक जीता, जो 41 साल बाद ओलंपिक में उसका पहला पदक था। शमशेर ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, अभी एक टीम के रूप में हमें बहुत कुछ हासिल करना है। हमने ओलंपिक पदक जीतकर लक्ष्य की ओर कदम रख दिए हैं, लेकिन हम पिछले कुछ साल से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने की कोशिश कर रहे हैं।



उन्होंने कहा, हम भविष्य में हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। खासकर बड़े टूर्नामेंटों जैसे एफआईएच हॉकी प्रो लीग में। हमें यकीन है कि मैच दर मैच अच्छा प्रदर्शन करने पर एक दिन दुनिया की नंबर एक टीम बनेंगे। शमशेर ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक हमेशा उनके लिए खास रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि कॅरियर के इतने शुरुआती चरण में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम की हिस्सा बना। मुझे यह भी पता है कि हमारे लिए एक टीम के तौर पर यह शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और हम आने वाले वर्षों में करेंगे। यह पूछने पर कि तोक्यो में इतिहास रचने में भारतीय टीम की किस बात ने मदद की, शमशेर ने कहा, मैदान पर हार नहीं मानने का जज्बा।

## नस्लीय टिप्पणी के कारण जर्मन फुटबॉल खिलाड़ी पर प्रतिबंध

**फ्रैंकफर्ट।** जर्मन फुटबॉल खिलाड़ी डेनिस अर्डमैन पर तीसरे डिविजन लीग मैच के दौरान विरोधी खिलाड़ी पर नस्लवादी टिप्पणी के कारण आठ सप्ताह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। मागडेबर्ग के खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि अर्डमैन ने पिछले महीने उनके खिलाफ सारब्रकेन की ओर से खेलते समय नस्लवादी शब्दों का प्रयोग किया। मामले की अनुशासनात्मक सुनवाई की अध्यक्षता करने वाले स्टीफन ओबेरहोल्ज ने कहा, जर्मन फुटबॉल महासंघ मैदान पर किसी तरह का नस्लवाद या पक्षपात बर्दाशत नहीं करता है और हम यहां स्पष्ट संदेश दे रहे हैं। सारब्रकेन क्लब ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

## केकेआर के कोच मैकुलम बोले

# ऐसा भी समय था जब डर के मारे हमारी बुरी हालत थी

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि आईपीएल के पहले चरण में भारत में जब कोरोना महामारी फैली तब डर के मारे उन सभी की बुरी हालत थी। केकेआर के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज संदीप वारियर सबसे पहले मई में कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे, जब आईपीएल चल रहा था जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया।

केकेआर का प्रदर्शन पहले हाफ में अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर है, लेकिन मैकुलम को उम्मीद है कि 19 सितंबर से यूएई में लीग फिर शुरू होने पर टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने केकेआर की वेबसाइट पर लिखा, हम दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हम एक दूसरे का मनोबल बढ़ाना होगा और अगले चार से पांच सप्ताह शानदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, पिछली बार सत्र के पहले चरण के दौरान मुझे लगता है कि हम बहुत ज्यादा डरे हुए थे। उस समय भारत में कोरोना की दूसरी लहर का प्रकोप था जिसमें कई जानें गई। केकेआर के साथ एक खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल के सफल का आगाज करने वाले 39 वर्ष के मैकुलम अब कोच हैं।

# एएफआई ने जूनियर कार्यक्रम में बदलाव का फैसला किया

## अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा

एजेंसी। जयपुर

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने फैसला किया कि वह अपने जूनियर कार्यक्रम में बदलाव करते हुए इसे मजबूत करेगा, जिससे कि नीरज चोपड़ा के ओलंपिक में एतिहासिक स्वर्ण पदक और विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में तीन पदक का फायदा उठा सके। एएफआई ने यहां कार्यकारी परिषद की दो दिवसीय बैठक में 400 मीटर, भाला फेंक, लंबी कूद, त्रिकूद और पैदल चाल जैसी स्पर्धाओं में जूनियर खिलाड़ियों का समर्थन करने का फैसला किया।

एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते हैं कि हमारे जूनियर खिलाड़ियों का आधार मजबूत हो और उन्हें और अधिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इससे हमारे जूनियर कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी जिसे एएफआई ने तीन दशक पहले शुरू किया था। तैयारी स्तर पर अपने खिलाड़ियों को अधिक प्रतियोगिता देने के लिए हम क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। एएफआई अध्यक्ष ने कहा कि परिषद ने फैसला किया है कि प्रतिभा खोज प्रक्रिया को विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी प्रमुख राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो दुनिया का सबसे बड़ा प्रतिभा खोज कार्यक्रम है, हम आगे बढ़कर प्रतियोगिताओं के इतर भी प्रतिभा की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकारी परिषद ने ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों और कोचों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की और कुछ फैसले किए जिसमें भाला फेंक के लिए दो नए कोच की नियुक्ति और गोला फेंक तथा लंबी कूद के कोचों को नियुक्त करना भी शामिल है।


## मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप के बाद

# हो सकता है कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव

पूनम मेहरा। नई दिल्ली

**विश्व** चैंपियनशिप के बाद अगले तीन महीने में भारतीय मुक्केबाजी के कोचिंग स्टाफ में पूरी तरह से बदलाव किया जा सकता है। राष्ट्रीय महासंघ के सूत्र ने यह जानकारी देते हुए खुलासा किया कि टोक्यो ओलंपिक में मुक्केबाजों के प्रदर्शन से अधिकारी संतुष्ट नहीं हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि दो हाई परफोर्मेंस निदेशक सेंटियागो नीवा (पुरुषों के) और रफेल बर्गामस्को (महिलाओं के) के अलावा राष्ट्रीय मुख्य कोच सीए कटप्पा (पुरुष) और मोहम्मद अली कमर (महिला) इस समय गहन समीक्षा के दायरे में हैं।

जुलाई-अगस्त में हुए खेलों में भारत ने पांच पुरुष और चार महिला मुक्केबाजों के रूप में मुक्केबाजी में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारा था, लेकिन इनमें से सिर्फ लवलीना बोरगोहेन ही कांस्य पदक के साथ पोडियम पर जगह बनाने में सफल रही। यह नौ साल में ओलंपिक में मुक्केबाजी का पहला पदक था, लेकिन खेलों के महाकुंभ से पहले मुक्केबाजों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उनसे अधिक पदक की उम्मीद थी। एक शीर्ष सूत्र ने एजेंसी से कहा, ओलंपिक में प्रदर्शन से (महासंघ में) कोई भी खुश नहीं है। इसलिए जैसा हमने वादा किया था, समीक्षा चल रही है और यह लंबी प्रक्रिया है जिसमें कुछ महीने लगेंगे। दो विश्व चैंपियनशिप तक कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, क्या पता इसके बाद संपूर्ण बदलाव हो लेकिन हमें दो से तीन महीने तक इंतजार करना होगा। पुरुष विश्व चैंपियनशिप का आयोजन सर्बिया में 26 अक्टूबर से किया जाएगा जबकि महिला टूर्नामेंट दिसंबर में होगा।



### विश्वकप मुक्केबाजी पर निर्भर करेगा काफी कुछ

सूत्र ने कहा, काफी कुछ विश्व चैंपियनशिप पर निर्भर करेगा, देखते हैं वहां कैसा प्रदर्शन रहता है। बीएफआई ने हालांकि कुछ संभावित उम्मीदवारों से मिलना शुरू कर दिया है और इसमें क्यूबा के बीआई फर्नांडिज भी शामिल हैं जिन्होंने एक दशक से अधिक समय तक भारतीय पुरुष टीम को कोचिंग दी और 2012 में द्रोणाचार्य पुरस्कार हासिल करने वाले पहले विदेशी कोच बने थे। भारत ने 2008 बीजिंग खेलों में जब अपना पहला ओलंपिक पदक जीता तो फर्नांडिज के साथ अब सेवानिवृत्त हो चुके गुरबक्श सिंह संधू भारतीय मुक्केबाजों का मार्गदर्शन कर रहे थे। मोहाली के पंजाब खेल विश्वविद्यालय में कोचिंग देने वाले 66 साल के गुरबक्श ने बताया, महिला टीम के साथ भूमिका के लिए मेरी बीएफआई के साथ चर्चा हुई है और उन्होंने मुझे मेरी योजना सौंपने को कहा है। मैं अगले कुछ हफ्तों में ऐसा करूंगा। स्वीडन के नीवा और इटली के बर्गामस्को अतीत में पद पर बरकरार रहने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया है कि उन पर काफी दबाव है। कटप्पा लंबे समय से राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा रहे हैं। उन्हें 2018 में पुरुष मुख्य कोच बनाया गया जबकि अली कमर एक साल बाद महिला टीम से जुड़े।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने नीवा और बर्गामस्को के कार्यकाल में तीन महीने का विस्तार किया है जिससे कि दो बड़ी प्रतियोगिताओं में निरंतरता बनी रहे। इन प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय चैंपियन देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दोनों के अनुबंध टोक्यो ओलंपिक के बाद समाप्त होने थे। पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप कर्नाटक के बेल्लारी में बुधवार से शुरू होगी जबकि महिला चैंपियनशिप अक्तूबर के मध्य में होगी। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने खेलों के दौरान प्रदर्शन की समीक्षा का वादा किया था। भारत का कोई पुरुष मुक्केबाज पदक दौर में नहीं पहुंच पाया था। सतीश कुमार (91 किग्रा) टोक्यो में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष मुक्केबाज थे और चेहरे पर 13 टांकों के साथ अंतिम आठ मुकाबले में उतरने के लिए उनकी सराहना हुई थी।

**योग में विभिन्न प्रकार के आसनों के बारे में बताया गया है, जो पीसीओएस के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। योग के जरिए चिंता को भी कम किया जा सकता है, जिससे पीसीओएस के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। योग से वजन, बांझपन और तनाव जैसी समस्याओं को सुलझाना भी कुछ हद तक आसान हो जाता है।**

# पीसीओएस की समस्या में मददगार है योग





बदलते समय के साथ लोग योग के महत्व को समझने लगे हैं। शारीरिक समस्याओं से बचने के लिए अब हर कोई योग को प्राथमिकता दे रहा है। जिस प्रकार योग प्रभावकारी है, उसे देखते हुए योग को अपनी दिनचर्या में जगह देना स्वाभाविक भी है। इसलिए ज्यादातर लोग तनाव को कम करने के लिए योग करते हैं। खासकर, महिलाओं के लिए योग और भी जरूरी हो जाता है। महिलाओं के लिए योग पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम जैसी समस्या में फायदेमंद हो सकता है। पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) की समस्या को कम करने में योग किस प्रकार मददगार है। बेशक, योग के जरिए पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम की समस्या को दूर किया जा सकता है, लेकिन साथ में दिनचर्या व खान-पान पर ध्यान देना भी जरूरी है।

एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफार्मेशन) की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) को मुख्य रूप से हार्मोनल विकार का प्रमुख कारण माना गया है। यह विकार लगभग 5फीसद से 10फीसद महिलाओं को प्रभावित करता है। इस विकार का असल कारण अनियमित मासिक धर्म चक्र, ओवेरियन में अल्सर का होना, बांझपन, मोटापा व पेट फूलना है। पीसीओएस के कारण महिलाएं तनाव और चिंता का शिकार हो जाती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, तनाव, चिंता और अवसाद से छुटकारा ही पीसीओएस और ओवेरियन सिस्ट्स (ओवेरियन का अल्सर) का सबसे अच्छा इलाज है।

**पीसीओएस में योग के लाभ :** योग में विभिन्न प्रकार के आसनों के बारे में बताया गया है, जो पीसीओएस के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। योग के जरिए चिंता को भी कम किया जा सकता है, जिससे पीसीओएस के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। योग से वजन, बांझपन और तनाव जैसी समस्याओं को सुलझाना भी कुछ हद तक आसान हो जाता है।

## बद्धकोणासन

बद्धकोणासन को बटरफ्लाई पोज भी कहा जाता है। यह दिमाग को आराम देने में सहायक है। यह तनाव के स्तर को भी नियंत्रित कर सकता है और मासिक धर्म की परेशानी से छुटकारा दिलाता है। यह तनाव को दूर करके मन को शांत रखता है और गर्भावस्था में भी फायदेमंद हो सकता है।

**कैसे करें यह आसन :** बद्धकोणासन के लिए सबसे पहले अपने पैरों को आगे की ओर फैला कर बैठ जाएं। अब अपने दोनों पैरों को मोड़कर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें। इसके बाद दोनों हाथों से ग्रिप बनाकर तलवों को पकड़ लें। ध्यान रहे कि आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी और दोनों घुटने जमीन से लगे होने चाहिए। इसके बाद अपने दोनों घुटनों को आराम-आराम से तितली के पंखों की तरह ऊपर-नीचे करें। इस दौरान सामान्य गति से सांस लेते रहें। ऐसा आप लगभग 10 से 15 मिनट तक कर सकते हैं।

**सावधानी:** जिन्हें घुटने में दर्द की समस्या हो या चोट हो वो इस आसन को न करें। रीढ़ की हड्डी में दर्द होने पर भी इस आसन को करना का प्रयास न करें।

## सुप्त बद्धकोणासन

ये आसन आपके शरीर में रक्त संचार को ठीक करने में मदद करता है। साथ ही तनाव को भी दूर करता है और चिंता मुक्त बनाता है। चिंता और तनाव दूर होने से पीसीओएस के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।

**कैसे करें यह आसन:** सबसे पहले बद्धकोणासन की मुद्रा में आ जाएं। इस बारे में ऊपर बताया गया है। इसके बाद हाथों के सहारे से पीठ के बल लेट जाएं। पीठ के बल लेटने के बाद अपने हाथों को प्रणाम की मुद्रा में करने अपने सिर के ऊपर आराम से फैला लें। सामान्य रूप से सांस लेते रहें और कोशिश करें कि दोनों पैरों की एड़ियां आपस में मिली रहें। जब तक आपको अच्छा लगे इस आसन में रहें और फिर वापस सामान्य मुद्रा में आ जाएं।

**सावधानी:** अगर घुटने में दर्द हो या चोट लगी हो तो इसे न करें। रीढ़ की हड्डी में दर्द होने पर भी इस आसन को करना का प्रयास न करें। अगर आसन करने में तकलीफ हो, तो कमर और सिर के नीचे तकिया लगाएं।

## कपालभाति प्राणायाम

प्राणायाम के द्वारा सकारात्मक रूप से अपने तनाव को नियंत्रित किया जाता है। कपालभाति प्राणायाम सांस लेने और छोड़ने की एक तकनीक है। इससे कई प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। मेटाबॉलिक सिंड्रोम और पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम की समस्या से निपटने के लिए यह प्राणायाम किया जा सकता है।

**कैसे करें यह आसन :** सबसे पहले सुखासन या पद्मासन में बैठ जाए और अपनी हथेलियों को घुटनों पर रखें। रीढ़ की हड्डी सीधी होनी चाहिए। इसके बाद आंखों को बंद करें और लंबी गहरी सांस लेकर धीरे-धीरे छोड़ दें। इसके बाद मुंह को बंद करके सिर्फ नाक से गति के साथ लगातार सांस छोड़ें। इस दौरान सांस लेने की प्रक्रिया अपने आप होगी। जब सांस छोड़ें, तो पेट भी अंदर की ओर जाना चाहिए। इस आसन के चार-पांच चक्र किए जा सकते हैं।

**सावधानी :** जिन्हें दमा की समस्या हो, वो इस आसन को किसी की देखरेख में ही करें। सर्दी की समस्या होने पर भी इस आसन को न करें। अगर रीढ़ की हड्डी में कोई दर्द हो, तो इस आसन को न करें।

## भुजंगासन

यह ओवेरियन (डिम्बग्रंथि) के फंक्शन को सही रूप से कार्य करने में मदद करने के साथ-साथ पाचन तंत्र में सुधार कर सकता है। साथ ही तनाव के स्तर को भी कम कर सकता है।

**कैसे करें यह आसन:** सबसे पहले पेट के बल बिल्कुल सीधा लेट जाएं और पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अपनी हथेलियों को छाती के पास दोनों ओर जमीन पर सटाकर रखें। अब सांस लेते हुए हथेली के बल शरीर को नाभि तक ऊपर उठाएं और सिर को पीछे की तरफ ले जाएं। इस दौरान आपके शरीर का अधिकांश भार दोनों हाथों पर होगा और इसी अवस्था में सामान्य गति से सांस लेते रहें। जब तक अच्छा लगे इस मुद्रा में रहें और फिर सांस छोड़ते हुए सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**सावधानी:** रीढ़ की हड्डी में दर्द होने पर भी इस आसन को करना का प्रयास न करें। अगर आपका पेट खराब है, तो भी इस आसन से दूर ही रहें। पेट की समस्या या फिर शरीर में दर्द हो, तो इस आसन को करने से पहले अच्छे योग गुरु की सलाह जरूर लें।

## भारद्वाजासन

यह आसन रक्तचाप को संतुलित करने में मदद कर सकता है। इससे तनाव की स्थिति कुछ हद तक कम हो सकती है। साथ ही मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं को भी कुछ हद तक ठीक किया जा सकता है।

**कैसे करें यह आसन:** सबसे पहले अपने दोनों पैरों को सामने की ओर फैलाएं। अब अपने दाहिने पैर को घुटने से मोड़ कर पीछे की ओर ले जाएं। ध्यान रहे कि पैर के ऊपर बैठना नहीं है। फिर अपने दाहिने कूल्हे पर शरीर का वजन डालते हुए बाएं पैर के पंजे को दाहिने पैर की जांघ पर रखें। फिर अपने बाएं हाथ को पीठ के पीछे से ले जाकर अपने बांये पैर के अंगूठे को पकड़ने की कोशिश करें। अब रीढ़ की हड्डी को सीधा करते हुए सांस लें और सांस छोड़ते हुए अपने दाहिने हाथ से ध्यान मुद्रा बनाएं और अपने बाएं पैर के घुटने पर रख दें। इसके बाद अपनी कमर को ट्विस्ट कराते हुए बाईं ओर देखें। ध्यान रहे कि दोनों घुटनों के बीच में थोड़ा फासला होगा। उन्हें चिपकाएं नहीं और न ही एक दूसरे के पास रखें। जब तक आपको अच्छा लगे इस मुद्रा में रहिये और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। इसके बाद यही प्रक्रिया दाहिने पैर को बाईं जांघ पर रख कर करें।

**सावधानी:** जिन्हें कमर और पेट की समस्या हो, वो इस आसन को न करें। रीढ़ की हड्डी में परेशानी होने पर इस आसन को जानकार की देखरेख में ही करें। अच्छा होगा कि यह आसन योगाचार्य के सामने और उनकी देखरेख में ही करें।

## चक्कीचालासन

यह आसन हार्मोन को नियंत्रित करने वाली ग्रंथी यानी एंडोक्राइन ग्लैंड की कार्यप्रणाली को बेहतर करता है। साथ ही हार्मोन बनाने की क्षमता को भी बढ़ाता है।

**कैसे करें यह आसन :** सबसे पहले अपने दोनों पैरों को आगे की ओर सीधा फैलाकर बैठ जाएं। दोनों पैरों के बीच कुछ दूरी रखें। इसके बाद अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा करें। अपने दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में फंसाकर ग्रिप बना लें। अब सांस लें और अपने दोनों हाथों को दाईं ओर ले जाएं। फिर आगे की ओर झुकते हुए सांस छोड़ें और अपनी हथेलियों को पैरों के पंजों के आगे से निकालने का प्रयास करें। इसके बाद अपने हाथों को बाईं ओर ले जाएं। साथ ही शरीर भी बाईं ओर जाएगा। इसके बाद शरीर पीछे की ओर जाते हुए, फिर से दाईं तरफ जाएगा। यह क्रिया इसी प्रकार होती है, जैसे चक्की को चलाया जाता है।

**सावधानी :** जिन्हें पेट व पीठ की समस्या है, वो इस आसन को न करें। पैरों में या घुटने में दर्द होने पर इसे करने से बचें।

*नोट: पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम का एक कारण चिंता और तनाव भी हो सकता है। वहीं, योगासन इन दोनों स्थिति को कम करने में फायदेमंद हो सकता है। आज आपने कुछ योगासन के बारे में जाना, जो तनाव को दूर करने में मदद कर सकते हैं। योग करने के साथ-साथ इस बात का ध्यान रहे कि पीसीओडी के लिए योगासन कुछ हद तक ही सहायता कर सकता है। अगर समस्या गंभीर हो, तो डॉक्टर से पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम का इलाज कराना ही बेहतर है।*

# माइग्रेन के दर्द को दूर करने के लिए करें यह योगासन

**आज** के समय में हर व्यक्ति किसी न किसी तरह के तनाव का सामना करता है। इस तनाव के कारण व्यक्ति को अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है। सामान्य सिरदर्द तो कुछ समय में ठीक हो जाता है, लेकिन अगर माइग्रेन सिरदर्द हो तो यह यकीनन काफी तकलीफ देह हो सकता है। इसके चलते व्यक्ति को लंबे समय तक भयंकर सिरदर्द का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, चाय-कॉफी से लेकर सिरदर्द की दवाई लेने से भी कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में जरूरत होती है कि आप कुछ ऐसी रिलैक्सिंग तकनीक को अपनाएं जो आपके माइग्रेन सिरदर्द की समस्या को दूर करने में सहायक हो। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे योगासन के बारे में बता रहे हैं, जो माइग्रेन के दर्द से आराम दिलाने में मदद करते हैं।

## सेतुबंधासन

योगा एक्सपर्ट कहते हैं कि यह आसन आपके मन-मस्तिष्क को शांत करने में मदद करता है, जिसके कारण आपका तनाव कम होता है और माइग्रेन सिरदर्द की समस्या से भी राहत मिलती है। इस आसन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले कमर के बल सीधा लेट जाएं। अब आप घुटनों को मोड़ें और एड़ियों को नितंबों के पास रखें। इसके बाद पैरों के मध्य श्रोणि भाग से दूरी बनाएं। हाथों से टखनों के जोड़ को पकड़ें। गहरी लंबी सांस लें और सांस छोड़ते हुए नाभि को अंदर दबाएं। इस दौरान पंजों को मैट पर दबाएं। अब आराम से मेरुदंड को ऊपर उठाएं, जिसमें कंधे और सिर मैट पर ही रहेंगे। इस स्थिति में 5 से दस श्वास तक रुकें। अब श्वास छोड़ते हुए वापस आ जाएं।

## बालासन

योगा एक्सपर्ट के अनुसार, इस आसन का अभ्यास करने से पूरे नर्वस सिस्टम को शांति मिलती है, जिसके कारण माइग्रेन का दर्द भी काफी कम होता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले अपनी एड़ियों पर बैठ जाएं। अब कूल्हों पर एड़ी को रखें और आगे की ओर झुके। इस दौरान माथे को जमीन पर लगाएं। इसके बाद आप हाथों को शरीर के दोनों ओर से आगे की ओर बढ़ाते हुए जमीन पर रखें, हथेली आकाश की ओर रखें। धीरे से छाती से जांघों पर दबाव दें। इस स्थिति में कुछ देर के लिए रुकें। इसके बाद धीरे से उठकर एड़ी पर बैठ जाएं और रीढ़ की हड्डी को धीरे-धीरे सीधा करें। अब कुछ देर विश्राम करें। इसके बाद इस आसन का अभ्यास दोबारा करें।

**सेतुबंधासन आसन आपके मन-मस्तिष्क को शांत करने में मदद करता है, जिसके कारण आपका तनाव कम होता है और माइग्रेन सिरदर्द की समस्या से भी राहत मिलती है। बालासन का अभ्यास करने से पूरे नर्वस सिस्टम को शांति मिलती है, जिसके कारण माइग्रेन का दर्द भी काफी कम होता है।**



## अधोमुखश्वानासन

इस आसन का अभ्यास करते हुए आपका सिर नीचे की ओर जाता है, जिससे ब्रेन में ब्लड सकुलेशन बढ़ता है और फिर माइग्रेन का दर्द भी कम होता है। इस आसन के अभ्यास के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। इसके बाद सांस खींचते हुए अपने पैरों और हाथों के बल शरीर को उठाएं। अब आप सांस को बाहर निकालते हुए धीरे-धीरे हिप्स को ऊपर की तरफ उठाएं। इस दौरान अपनी कुहनियों और घुटनों को सख्त बनाए रखें। आपका शरीर इस अवस्था में इस समय उल्टे वी के समान दिखाई देगा। ध्यान रखें कि इस आसन के अभ्यास के दौरान आपके कंधे और हाथ एक सीध में हों। अब हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने की कोशिश करें। आपके कान आपके हाथों के भीतरी हिस्से को छूते रहें और अपनी निगाह को नाभि पर केंद्रित करने की कोशिश करें। इसी स्थिति में कुछ सेकेंड्स तक रुकें और उसके बाद घुटने जमीन पर टिका दें और फिर धीरे-धीरे प्रारंभिक अवस्था में लौट आएं।

# कहीं आप तो नहीं कर रहे हैंड सेनेटाइजर से जुड़ी ये गलतियां



**कोरोना** के इस समय में अपनी सेहत को लेकर सभी फिक्रमंद हैं और अपने बचाव के लिए हैंड सेनेटाइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं। हैंड सेनेटाइजर तब जरूरी हो जाता हैं जब बार-बार हाथ को साबुन से धोने में असमर्थता हो। हैंड सेनेटाइजर त्वचा पर मौजूद वायरस का खात्मा करता हैं। लेकिन जरूरी हैं कि हैंड सेनेटाइजर के इस्तेमाल की सही जानकारी हो अन्यथा यह आपको सेहत पर भारी पड़ सकती हैं। तो आइये जानते हैं इसके बारे में।

## खाने से पहले न करें सैनिटाइजर यूज

बहुत से लोग भोजन करने से पहले सैनिटाइजर को यूज करते है। मगर इसमें अल्कोहल अधिक मात्रा में होने से बैक्टीरिया तो खत्म होते है। मगर ऐसे खाना खाने से हाथों के जरिए अल्कोहल और केमिकल पेट में पहुंच जाता है। इससे पेट से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता सकता है।

## सैनिटाइजर यूज करने के बाद चेहरा छूने से बचें

हम दिनभर बहुत सी चीजों को छूते हैं। ऐसे में इन्हीं हाथों को चेहरे पर लगाना खतरे से कम नहीं होगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार भी इस गंभीर वायरस के बचने के अपने हाथों को चेहरे पर बार-बार टच करने से बचना चाहिए। खासतौर पर जब हैंड सैनिटाइजर को यूज किया हो। चाहे सैनिटाइजर हमें वायरस से बचाने का काम करता है। मगर इसमें मौजूद केमिकल्स स्किन के संपर्क में आने से त्वचा को हानि पहुंच सकते है। इससे स्किन एलर्जी, सूजन, दाने, रेडनेस आदि होने की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## मास्क को सैनिटाइज करने की न करें भूल

अगर आपको भी मास्क को सैनिटाइज करने की आदत है तो इसे जल्द ही बदल लें। असल में इसकी तेज खुशबू से सिरदर्द, उल्टी, जी मचलाना आदि परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कैमिकल्स और अल्कोहल बेस्ड सैनिटाइजर होने से यह इसके मुंह में जाने का खतरा रहता है जो शरीर को नुकसान पहुंचाने का काम करता है।

## साबुन का करें इस्तेमाल

असल में सैनिटाइजर को इस्तेमाल उन जगहों पर किया जाना चाहिए जहां पानी मौजूद न हो। इसलिए सैनिटाइजर की जगह ज्यादा से ज्यादा पानी और साबुन को यूज करने की आदत डालें। यह कोमलता से हाथों की सफाई करने के साथ स्किन पर बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है। बहुत से लोग खासतौर पर अपनी दुकान या ऑफिस में साबुन से हाथ धोने की जगह सैनिटाइजर का इस्तेमाल करना सही समझते है। मगर इससे स्किन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही यह सेहत को भी नुकसान पहुंचाने का काम करता है। ऐसे में अगर आपको भी हर बार-बार सैनिटाइजर यूज करने की आदत है तो इसपर तुरंत रोक लगाएं। इसकी जगह पानी और साबुन को यूज करें।

# आपकी सेहत पर बुरा असर भी डाल सकती हैं इम्यूनिटी बढ़ाने वाली ये तीन चीजें



**कोरोना** के इस कहर में सभी ने अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत करने की कोशिश कि हैं ताकि संक्रमण से लड़ा जा सकें। मजबूत इम्यून सिस्टम कई बीमारियों को शरीर से दूर रखता हैं। इसके लिए लोग कई चीजों का सेवन कर रहे हैं जो शरीर को पोषण देते हुए इम्यूनिटी को बढ़ाने का काम करें। लेकिन जरा संभलकर कहीं इम्यूनिटी बढ़ाने वाली ये चीजें ही आपको बीमार न बना दें। आज हम आपको बताने जा रहे हैं इम्यूनिटी बढ़ाने वाली ऐसी चीजों के बारे में जिनका अधिक सेवन सेहत पर भारी पड़ सकता हैं।

**हल्दी वाला दूध :** हल्दी वाला दूध स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, परंतु अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से नुकसान होता है। आजकल इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बहुत से लोग रात को हल्दी वाले दूध का सेवन कर रहे हैं। अगर आप भी रोज हल्दी वाले दूध का सेवन कर रहे हैं, तो आपको दूध में हल्दी की मात्रा बहुत कम रखनी चाहिए। दूध में हल्दी की मात्रा अधिक रखने से स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

**नींबू पानी :** नींबू पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक फायदेमंद होता है। नींबू में विटामिन सी काफी मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में सहायक होता है। विशेषज्ञों के अनुसार आप दिन में दो नींबू का जूस बनाकर पी सकते हैं। नींबू पानी का अधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर की क्षारीयता कम होती है। जिन लोगों को गैस्ट्रिक तनाव या अत्यधिक एसिड रिफ्लक्स की समस्या है उन्हें नींबू पानी के सेवन से परहेज करना चाहिए।

**काढ़ा :** काढ़ा पीना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। काढ़ा का सेवन करने से इम्यून सिस्टम को मजबूत किया जा सकता है, परंतु अधिक मात्रा में काढ़ा का सेवन करने से स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है। अधिक मात्रा में काढ़ा का सेवन करने से आपको पेट या स्किन संबंधित कई तरहों की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई विशेषज्ञों के अनुसार रोज काढ़ा का सेवन नहीं करना चाहिए। आप एक दिन छोड़ कर काढ़ा का सेवन कर सकते हैं। अगर आप काफी लंबे समय से काढ़ा पी रहे हैं तो कुछ समय के लिए इसे पीना बंद कर दें। आपको हफ्ते में दो से तीन बार या एक दिन छोड़कर ही काढ़ा पीना चाहिए।